


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




03 | उर्वरक वितरण में अनियमितता करने वालों ...

किसानों की समृद्धि के लिए जैविक एवं प्राकृतिक ... | 08

वर्ष : 14 | अंक : 117 | पटना, बुधवार, 05 अगस्त, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मुख्यमंत्री ने दानापुर स्थित नासरीगंज से पानापुर घाट के बीच नि:शुल्क स्टीमर परिचालन सेवा का किया शुभारंभ

# सुविधा: स्टीमर फेरी फ्री सेवा से दियारा क्षेत्र के लोगों का आवागमन होगा सुगम: सम्राट

- कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना होगा आसान
- स्थानीय व्यापार को मिलेगा प्रोत्साहन



प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना के दानापुर स्थित नासरीगंज घाट से पानापुर घाट के बीच नि:शुल्क स्टीमर (फेरी) परिचालन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी कुदंन कुमार ने स्टीमर (फेरी) परिचालन सेवा के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्टीमर का निरीक्षण किया तथा स्टीमर पर सवार लोगों से मुलाकात की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं आमजनों ने पुष्प गुच्छ एवं फुल-मालाओं से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा नासरीगंज-पानापुर स्टीमर फेरी सेवा से आवागमन काफी सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। यह स्टीमर फेरी सेवा पूरी तरह नि:शुल्क है।

**गंगा पार आवागमन में होगी काफी सहूलियत:** स्टीमर फेरी सेवा के शुरू होने से दानापुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र के लोगों को गंगा पार आवागमन में काफी सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र में फेरी सेवा का लाभ दियारा क्षेत्र के सब्जी-फल, दुग्ध उत्पादकों-विक्रेताओं तथा किसानों को भी मिलेगा। कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना आसान होने से स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

**6 ग्राम पंचायतों के लोगों को मिलेगा सीधा लाभ:** मॉनसून के दौरान यह सेवा क्षेत्र के लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। स्टीमर फेरी सेवा के माध्यम से दानापुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र की 6 ग्राम पंचायतों- पुरानी पानापुर, मानस, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा और पतलापुर के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। दियारा क्षेत्र से दानापुर तक आवागमन के लिए गंगा नदी पर पीपा पुल का संचालन सामान्यत: नवंबर से 15 जून तक किया जाता है। शेष अवधि में पीपा पुल हटा लिए जाने के कारण मानसून के दौरान स्थानीय लोगों को गंगा पार करने में काफी कठिनाइयों एवं जोखिम का सामना करना पड़ता है। स्टीमर फेरी सेवा शुरू होने से इस अवधि में लोगों का आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा।

### दियारा को बड़ी सुविधा

दियारा क्षेत्र में वर्तमान में 58 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 553 शिक्षक एवं कर्मी कार्यरत हैं। इसके अलावा क्षेत्र में 95 आंगनबाड़ी केंद्रों में 190 सेविका-सहायिका, 3 स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा पंचायत कार्यालय संचालित हैं। फेरी सेवा शुरू होने से इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों, कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं, स्वास्थ्य कर्मियों एवं पंचायत कर्मियों को भी अपने कार्यस्थलों तक आने-जाने में सहूलियत होगी' जल परिवहन के बेहतर उपयोग से गंगा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को आवागमन का एक अतिरिक्त एवं सुविधाजनक विकल्प भी उपलब्ध होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विधान पार्षद अनामिका सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण व विकास का निर्देश दिया

# मां मुंडेश्वरी, बोधगया, सुल्तानगंज और मंदार का होगा वैज्ञानिक सर्वे, विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र बनाना है : सम्राट

- सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति मिलेगी
- स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे
- मुख्यमंत्री से देश के वरिष्ठ पुरातत्वविदों और विशेषज्ञों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



प्रात: किरण

पटना। बिहार की हजारों वर्ष पुरानी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने और उसे पर्यटन के नए केंद्रों के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार व्यापक अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के प्रमुख पुरातात्विक स्थलों बोधगया, सुल्तानगंज, मंदार और विश्व प्रसिद्ध केसरिया स्तूप के संरक्षण, वैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्खनन एवं समग्र विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। सरकार का उद्देश्य इन धरोहरों के ऐतिहासिक महत्व को नए सिरे से स्थापित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आकर्षण का केंद्र बनाना है। मुख्यमंत्री से देश के वरिष्ठ पुरातत्वविदों एवं विशेषज्ञों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर कैमूर जिले स्थित मां मुंडेश्वरी मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों के विस्तृत सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंदिर परिसर में बिखरे हजारों प्राचीन भग्नावशेषों का वैज्ञानिक पद्धति से पुनर्स्थापन, संरक्षण तथा प्रलेखन किया जा सकता है, जिससे यह संपूर्ण क्षेत्र भारतीय पुरातात्विक धरोहर के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मां मुंडेश्वरी मंदिर के भग्नावशेषों के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए विशेषज्ञों की सिफारिशों के अनुरूप चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही पूरे क्षेत्र की पर्यटन क्षमता का समग्र विकास किया जाए, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को एक समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अनुभव उपलब्ध कराया जा सके। मुख्यमंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में पद्मश्री डॉ केके मोहम्मद (विश्व प्रसिद्ध पुरातत्वविद् एवं राम जन्मभूमि उत्खनन दल के सदस्य), प्रोफेसर डॉ रजत सान्याल, कोलकाता इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर, प्रोफेसर अनिल कुमार (मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार विरासत विकास समिति तथा शांति निकेतन के यूनेस्को विश्व धरोहर परियोजना से जुड़े विशेषज्ञ), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना के अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ हरिओम शर्मा, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह तथा कला संस्कृति एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव प्रणव कुमार शामिल थे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष बल दिया कि बिहार की धरती के नीचे अब भी अनेक महत्वपूर्ण पुरातात्विक धरोहरें सुरक्षित हैं, जिनकी वैज्ञानिक पहचान, उत्खनन और संरक्षण से राज्य के इतिहास के अनेक नए अध्याय सामने आ सकते हैं। साथ ही सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति मिलेगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### केसरिया स्तूप का पूरा होगा वैज्ञानिक उत्खनन

मुख्यमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े बौद्ध स्तूपों में शामिल केसरिया स्तूप के शेष हिस्से के वैज्ञानिक उत्खनन का निर्देश दिया। अब तक इस विशाल स्तूप का केवल आंशिक उत्खनन हुआ है, जबकि इसके बड़े हिस्से में अभी भी महत्वपूर्ण पुरातात्विक अवशेष होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में केसरिया स्तूप के उत्खनन एवं संरक्षण कार्य में पद्मश्री डॉ केके मोहम्मद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने शेष क्षेत्र के वैज्ञानिक उत्खनन और संरक्षण के लिए आवश्यक कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए।

### सुल्तानगंज और मंदार के संरक्षण पर भी विशेष जोर

बैठक में सुल्तानगंज और मंदार क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों के संरक्षण, समेकन और समग्र विकास पर भी विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्थलों की ऐतिहासिक महत्ता को व्यवस्थित रूप से संरक्षित और प्रस्तुत किया जाए ताकि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल के रास्ते भारत में घुसे दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, एसएसबी ने सीमा पर दबोचा

अररिया। नेपाल से बिना वैध पासपोर्ट और वीजा के भारत में प्रवेश करने वाले दो बांग्लादेशी नागरिकों को सशस्त्र सीमा बल की 56वीं वाहिनी के आमगाछी बाह्य सीमा चौकी के जवानों ने गिरफ्तार किया है। दोनों को सोमवार रात नियमित गश्त के दौरान भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप पकड़ा गया। अधिकारियों के अनुसार, एसएसबी 56वीं वाहिनी के बथनाहा स्थित बी कंपनी के अंतर्गत आमगाछी बीओपी के जवान सीमा स्तंभ संख्या-174 के पास भारतीय सीमा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान नेपाल की ओर से आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। जांच में उनकी पहचान 43 वर्षीय रहमत अली और 22 वर्षीय मो. जमाल हसन जिहाद के रूप में हुई। दोनों बांग्लादेश के चांदपुर जिले के निवासी हैं।

### नाविक प्रथम अभियान के तहत अबतक 3,972 नाविकों की स्वदेश वापसी

नईदिल्ली। केंद्र सरकार ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य, फारस की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में बढ़ते सुरक्षा जोखिमों के बीच 'नाविक प्रथम' पहल के तहत अब तक खाड़ी क्षेत्र से 3,972 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी करा चुकी है, जबकि 60 जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत के लिए माल लेकर गुजर चुके हैं। साथ ही जहाजों और नाविकों की रियल टाइम ट्रैकिंग और निगरानी की व्यवस्था भी लागू की गई है।

## देश अब 'भूत मतदाताओं' से छुटकारा चाहता है: नित्यानंद

- राज्यसभा में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राज्यसभा में मंगलवार को जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित हो गया। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि देश अब भूत मतदाताओं से छुटकारा चाहता है। उन्होंने बताया इस बदलाव के पीछे कारण यह है कि यह देश चाहता है कि भारत माता की गोद में जन्म लेने वाले हर बच्चे का पंजीकरण निश्चित रूप से हो। यह मोदी सरकार का संकल्प है। वहीं जिसकी मृत्यु हो जाए, वह मृत्यु के बाद भी रिकॉर्ड में जीवित रहकर तुष्टिकरण करने वाली पार्टियों का मतदाता न बना रहे। इसलिए मृत्यु का समय पर पंजीकरण भी उतना ही आवश्यक है। यह देश अब ऐसे भूत मतदाताओं से छुटकारा चाहता है। नित्यानंद राय ने मंगलवार को ही यह संशोधन विधेयक सदन में प्रस्तुत किया था। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं यह प्रस्ताव करता हूं कि जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर, लोकसभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।ह्व सदन में इस दौरान विपक्षी सांसदों द्वारा नारेबाजी होती रही। हंगामे के बीच जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, मैं आदरणीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे इसे समझने की कोशिश करें। विलंबित पंजीकरण और उसके संभावित दुरुपयोग को ध्यान में रखते हुए संशोधन का प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत यदि जन्म या मृत्यु की सूचना दो वर्ष के बाद दी जाती है, तो ऐसे मामलों में केवल प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर ही रजिस्ट्रार पंजीकरण करेगा। यानी पंजीकरण तो रजिस्ट्रार ही करेगा।उन्होंने कहा कि वह एक और बात बताना चाहते हैं। पहले 21 दिन तक जन्म और मृत्यु के पंजीकरण की जो प्रक्रिया थी, वह यथावत रखी गई है। 22 से 30 दिन के भीतर होने वाले पंजीकरण की प्रक्रिया भी पहले की तरह रजिस्ट्रार के माध्यम से ही रहेगी। 30 दिन से एक वर्ष तक के विलंबित शुल्क के साह पहले की तरह जिला रजिस्ट्रार की लिखित अनुमति आवश्यक होगी। जिन मामलों में जन्म या मृत्यु की सूचना एक वर्ष के बाद दी जाती थी, उनमें पहले जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत कार्यपालक मजिस्ट्रेट आदेश देते थे। अब इसमें केवल यह बदलाव किया गया है कि दो वर्ष से अधिक की देरी होने पर प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश आवश्यक होगा।

## भारत-उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक रिश्ते और मजबूत होंगे: बिरला



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों से जुड़े हुए हैं और जो दोनों देशों की स्थाई मित्रता की मजबूत नींव हैं। श्री बिरला ने आज संसद भवन में उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियोर सईदोव से मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने संसदीय सहयोग, व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति तथा क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

उन्होंने विश्वास जताया कि बढ़ता राजनीतिक विश्वास, व्यापार एवं निवेश में विस्तार और लोगों के बीच बढ़ते संपर्क आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। अध्यक्ष ने भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत की संसदीय व्यवस्था देश की विविधता और जनता की आकांक्षाओं का प्रभावी प्रतिनिधित्व करती है।

उन्होंने बताया कि 543 सदस्यीय लोकसभा करोड़ों नागरिकों की आवाज है और बहुदलीय व्यवस्था सभी विचारों को समान अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि संसद वर्ष में तीन सत्रों में कार्य करती है और वर्तमान मानसून सत्र में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने भारत की बुनियादी ढांचे, डिजिटल नवाचार, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी, निवेश और व्यापार के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय युवा वैश्विक स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने मार्च 2026 में गठित भारत-उज्बेकिस्तान संसदीय मैत्री समूह का जिक्र करते हुए कहा कि यह पहल दोनों देशों के बीच संसदीय संवाद को नई गति देगी तथा आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और जन-से-जन संबंधों को और मजबूत करेगी।

## पूर्व राज्यपाल डॉ. डीवाई पाटिल का कोल्हापुर में निधन

प्रात: किरण

मुंबई/एजेंसी। पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ शिक्षाविद, पद्मश्री से सम्मानित डॉ. ज्ञानदेव यशवंतराव पाटिल (91) का मंगलवार को सुबह महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कस्बा बावड़ा स्थित उनके आवास निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। डीवाई पाटिल के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को कोल्हापुर में डॉ. पाटिल के पार्थिव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। कोल्हापुर जिले के कस्बा बावड़ा में 22 अक्टूबर 1935 को जन्मे डॉ. डीवाई पाटिल ने कोल्हापुर से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की । उन्होंने शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाला एक विशाल शैक्षणिक साम्राज्य खड़ा किया। उन्होंने शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और इसी कारण उन्हें देश के अग्रणी शिक्षाविदों में गिना जाता है। डॉ. पाटिल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत जमीनी स्तर से की। वर्ष 1957 से 1962 तक वह कोल्हापुर नगर निगम के सदस्य और महापौर रहे। इसके बाद 1967 और 1972 में पन्हाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए।



### सीएम सम्राट ने जताया शोक

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पद्मश्री डॉ डी वाई पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉक्टर डी वाई पाटिल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। वह एक दूरदर्शी शिक्षाविद समाजसेवी एवं बिहार के पूर्व राज्यपाल के रूप में उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य और जन सेवा के क्षेत्र में अमित योगदान दिया। उनका प्रेरणादाई जीवन सदैव स्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके असम के शुभचिंतकों को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पीएम मोदी से की मुलाकात



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। यह मुलाकात प्रधानमंत्री के संसद भवन स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। इस दौरान जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा तथा केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह भी मौजूद रहे। नीतीश कुमार ने एक्स पर कहा कि उन्होंने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब बिहार की राजनीति में हाल के घटनाक्रमों को लेकर राजनीतिक चचाएं तेज हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय और जदयू की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है और मुलाकात के दौरान हुई बातचीत के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।

**सख्ती** | सरकार सख्त : पिछले तीन वर्षों में 401 भगोड़े अपराधियों के विरुद्ध रेड कार्नर नोटिस जारी हुए

# सात वर्षों में 36 देशों से वापस लाये गये 274 भगोड़े अपराधी

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भगोड़े अपराधियों के खिलाफ सरकार के सख्त रुख के चलते 2019 से अब तक 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को भारत वापस लाया गया है जिनमें मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भी शामिल है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम लागू होने के बाद देश में भगोड़े अपराधियों के खिलाफ एकीकृत, खुफिया-आधारित और प्रौद्योगिकी-संचालित मॉडल विकसित किया गया है जिससे भगोड़ों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए उन्हें वापस लाने का रास्ता साफ हुआ है ।वापस लाए गए भगोड़ों में आतंकवादी , गैंगस्टर, आर्थिक अपराधी, नार्कोटिक्स आरोपी, हत्या,बलात्कार और पॉक्सो मामलों के वांछित शामिल हैं। भगोड़ों को वापस लाने का यह अभियान आतंकवाद , खालिस्तान समर्थक उग्रवाद, गैंगस्टर-टेरर कन्वर्जेंस, नार्कोटिक्स, साइबर धोखाधड़ी और फर्जी मुद्रा तक फैला है। तहव्वुर हुसैन राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के संकल्प और जटिल आतंकी मामलों में धैर्यपूर्ण कानूनी-कूटनीतिक प्रयास का बड़ा उदाहरण है। जम्मू-कश्मीर से जुड़े मामलों में विदेशों में बैठे भगोड़ों का इस्तेमाल आतंकवाद, नार्को-आतंकवाद और सीमा पार से समर्थित नेटवर्क चलाने में हो रहा था। इसी वर्ष जनवरी में खुफिया ब्यूरो के मल्टी एजेंसी सेंटर के तहत स्टैंडिंग फोकस ग्रुप का गठन भी एक महत्वपूर्ण संस्थागत कदम है। मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014 से पहले प्रत्यर्पण से संबंधित कानून पुराने हो गए थे और केवल 37 देशों के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधियां थीं। आर्थिक भगोड़ों को पकड़ने और उनकी संपत्ति जब्त करने के लिए कोई अलग कानून नहीं था। वर्ष 2004 से 2013 के बीच हर वर्ष औसतन केवल चार भगोड़ों का प्रत्यर्पण होता था जबकि 110 अनुरोध लंबित थे। सरकार 2019 में राष्ट्रीय जांच एजेन्सी संशोधन अधिनियम और यूएपीए संशोधन अधिनियम लेकर आई और 2020 के बाद भगोड़ों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया को मिशन मोड में आगे बढ़ाया गया। इससे कार्रवाई केवल संगठनों तक सीमित नहीं रही बल्कि व्यक्तिगत आतंकी, हैंडलर्स, फंडिंग नेटवर्क और विदेशों में बैठे सपोर्ट सिस्टम तक कार्रवाई का दायरा बढ़ा। वर्ष 2024 में सरकार ने तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जिनमें भगोड़ों से संबंधित विशेष प्रावधान किए गए। पहली बार, भारतीय न्याय संहिता की धारा 355 और 356 में अनुपस्थिति में मुकदमे का प्रावधान रखा गया जिससे भगोड़े अपराधियों की अनुपस्थिति में भी मुकदमे से लेकर अभियोजन तक संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी।

वर्ष 2022 में भारत ने 90वीं इंटरपोल जनरल असेंबली की मेजबानी की, जिसमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वैश्विक पुलिसिंग में संचार, तालमेल और कोऑपरेशन का संदेश दिया। भारत और वैश्विक एजेंसियों के बीच समन्वय, संपर्क और संवाद बढ़ाने के लिए श्री शाह द्वारा जनवरी, 2025 में देश की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इंटरपोल से जोड़ने के लिए भारतपोल की शुरूआत की गई। भारतपोल ने सीबीआई, राज्य पुलिस मुख्यालय और जिला पुलिस मुख्यालय को एकीकृत कर एक व्यापक संचार आधारभूत नेटवर्क निर्मित किया। इसके कारण, सीबीआई और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच जानकारी साझा करने के समय में भारी कमी आई है। अब यह जानकारी 10 से 20 दिनों में और कुछ मामलों में मात्र 3 से 10 दिनों में साझा कर दी जाती है । सरकार ने धन शोधन निरोधक कानून को सख्ती से लागू किया है। इसके सख्ती से लागू होने से वर्ष 2019 से 2026 तक भगौड़ों की कुल 17,874 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। वर्ष 2019 से 2026 तक 18,762 करोड़ रुपये की सफल वापसी की गई, इसमें देश छोड़कर भागे आर्थिक अपराधियों का पैसा भी शामिल है। सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगोड़ों को पकड़ने के लिए विशेष वैश्विक संचालन केन्द्र स्थापित किये हैं। यह केंद्र इंटरपोल के माध्यम से दुनिया भर की पुलिस से वास्तविक समय में समन्वय करता है। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए हर राज्य और केन्द्रीय जांच एजेंसी में सीबीआई ने इंटरपोल सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किए हैं। इंटरपोल को रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की संख्या भी बढी है। वर्ष 2022 में 40, 2023 में 100, 2024 में 107, 2025 में 112, और 2026 में अब तक 182 रेड कार्नर नोटिस जारी किये गये हैं। भगोड़ों की जियो-लोकेशन ट्रैक करने के लिए ऑपरेशन त्रिशूल चलाया गया। इसके तहत इंटरपोल के सहयोग से छिपे हुए अपराधियों की सैटेलाइट, सर्विलांस, डिजिटल फुटप्रिंट के आधार पर लोकेशन स्थापित की गई। भगोड़ों द्वारा विदेश में नाम या पहचान बदल ली गई थी लेकिन फिर भी तकनीक और प्रोफाइल-मैपिंग के जरिये उन्हें खोज निकाला गया। प्रत्यर्पण प्रक्रिया तेज करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुकदमों की सुनवाई जैसी तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में 401 भगोड़े अपराधियों के विरुद्ध रेड कार्नर नोटिस जारी हुए।

# अंगदान का संकल्प लेने के साथ ही एम्स पटना में अंगदान जीवन संजीवनी अभियान का हुआ समापन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में सोमवार को 16वाँ भारतीय अंगदान दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 27 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक चलाए गए ह्लअंगदानझ्रजीवन संजीवनी अभियानह्व के समापन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अंगदान के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल रहे। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, वृक्क रोग विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमरेश कृष्ण, शल्य गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) उत्पल आनंद, मूत्ररोग विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश गुंजन, संस्थान के चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, विद्यार्थी, मरीज, उनके परिजन तथा बड़ी संख्या में अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि ह्लअंगदान मानवता की सबसे महान सेवा है। एक व्यक्ति का यह निर्णय कई लोगों को नया जीवन दे सकता है ह्व उन्होंने लोगों से स्वयं अंगदान का संकल्प लेने और अपने परिवार एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब एक दिवंगत अंगदाता के परिजनों को उनके प्रेरणादायी और मानवता के प्रति समर्पित निर्णय के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान ने उन्हें सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर अंगदान जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में ट्रॉमा सेंटर की टी-4 एवं ट्रायेज टीम के नर्सिंग इंचार्ज सहित सभी नर्सिंग अधिकारियों को ब्रेन स्टेम डेथ की समयबद्ध सूचना, उत्कृष्ट समन्वय तथा मृतक अंगदान प्रक्रिया में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। संस्थान ने उनके समर्पण को सफल मृतक अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम की मजबूत नींव बताया। उल्लेखनीय है कि ह्लअंगदानझ्रजीवन संजीवनी अभियानह्व के अंतर्गत पूरे सप्ताह अंगदान से संबंधित कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस पूरे अभियान के सफल संचालन और समन्वय में किडनी ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर ललन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी योजनाबद्ध कार्यशैली और सतत प्रयासों से सप्ताहभर के सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अभियान में लिवर ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर जेनिल राज ने भी सक्रिय सहयोग दिया। यह कार्यक्रम एम्स पटना के मूत्ररोग विभाग, वृक्क रोग विभाग एवं शल्य गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नि :शुल्क स्टीमर फेरी परिचालन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत मंगलवार को नासरीगंज फक्कड़ महतो घाट से इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने संयुक्त रूपसे किया। मुख्यमंत्री ने निःशुल्क स्टीमर फेरी परिचालन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री स्टीमर का निरीक्षण किया एवं स्टीमर पर सवार लोगों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा नासरीगंज-पानापुर स्टीमर फेरी सेवा से दियारावासियो के लिए आवागमन काफी सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। यह स्टीमर फेरी सेवा पूरी तरह निःशुल्क है । स्टीमर फेरी सेवा के शुरू होने से दानापुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र के लोगों को गंगा पार आवागमन में काफी सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र में फेरी सेवा का लाभ दियारा क्षेत्र के सब्जी-फल, दुग्ध उत्पादकों-विक्रेताओं तथा किसानों को भी मिलेगा। कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना आसान होने से स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। मॉनसून के दौरान यह सेवा क्षेत्र के लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। स्टीमर फेरी सेवा के माध्यम से दानापुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र की 6 ग्राम पंचायतों- पुरानी पानापुर, मानस, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा और पतलापुर एवं सारण के एक पंचायत अकिलपुर के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। दियारावासियो के आवागमन के लिए पीपापुल एकमात्र साधन होता है जो 15 जून के बाद खोल दिया जाता है। जिसके बाद नौका ही आवागमन का एक सहारा बन जाता है। स्टीमर फेरी सेवा शुरू होने से इस अवधि में लोगों का आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। दियारा क्षेत्र में वर्तमान में 58 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 553 शिक्षक एवं कर्मी कार्यरत हैं। इसके अलावा क्षेत्र में 95 आंगनबाड़ी केंद्रों में 190 सेविका-सहायिका, 3 स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा पंचायत कार्यालय संचालित हैं। फेरी सेवा शुरू होने से इन संस्थानों में कार्यरत सभी को अपने कार्यस्थलों तक आने-जाने में सहूलियत होगी' इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विधान पार्षद श्री अनामिका सिंह पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के० शर्मा अनुमंडलाधिकारी अनिरुद्ध पांडेय उपस्थित थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का पहुंचने पर जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह, संजय सिंह, भाजपा के शंकर सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, अमरजीत कुमार, अजीत यादव भाई सनोज यादव रंजीत यादव समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे। दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र के आरपीएस मोड़ के निकट मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से जख्मी एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर आदर्श कॉलोनी निवासी ब्रजेश कुमार सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार सिंह (33) के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते हैं कंपनी के कर्मी एवं मृतक के स्वजन अस्पताल पहुंचे। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि अभिषेक कुमार सिंह आरपीएस मोड़ स्थित कृष हुंडई में स्पेयर पार्ट्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार की दोपहर में कुछ काम से आरपीएस मोड़ की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में पीछे से आ रही एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें धक्का मारते हुए कुचल डाला।

## संक्षिप्त खबरें

### पॉपुलर क्लिनिक के 25 वें वार्षिकोत्सव नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी. स्थानीय ब्लॉक रोड स्थित पॉपुलर क्लिनिक में मंगलवार को क्लिनिक के 25 वें वार्षिकोत्सव पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर आयोजित शिविर में अर्थो, फिजियोथेरेपी, सर्जन समेत अन्य कई चिकित्सकों ने रोगियों को आवश्यक परामर्श दिए। आयोजक व क्लिनिक के संस्थापक डॉ बंगाली सिंह ने बताया कि क्लिनिक के 25 वर्ष पूरे होने पर शिविर आयोजित गई जिसमें स्थानीय सैकड़ों लोगों का मुफ्त इलाज व शुगर आदि का जांच किया गया।

### डीपीएस दानापुर बैडमिंटन में चैंपियन

पटना । डीपीएस गयाजी में संपन्न हुए सीबीएसई क्लस्टर-3 (बिहार व झारखंड) बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालिका वर्ग अंडर-14 में डीपीएस दानापुर कैंट ने जवाहर विद्या मंदिर श्यामली रांची को सीधे सेटों में 2-0 से पराजित कर विजेता ट्राफी अपने नाम कर लिया। विजेता टीम की ओर से अहाना राज आनंद, आस्था नारायण, अदवीता कश्यप ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ हीं राधा गोविंद पब्लिक स्कूल मेरठ में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु क्वालीफाई किया। स्कूल टीम व प्रशिक्षक कुमार धर्मवीर, प्रबंधक तुलसी वर्मा को विजेता बनने पर डीपीएस दानापुर कैंट के प्राचार्य बी. विनोद, वरीय शारीरिक शिक्षक संजय तिवारी, रंजीत सिंह, बैडमिंटन प्रशिक्षक श्रीमोद पाठक ने बधाई व शुभकामनाएं दीं है।

### गृह विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने न्याय श्रुति एवं सीसीटीएनएस की अद्यतन स्थिति की समीक्षा

पटना । गृह विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने मंगलवार को एक बैठक में न्याय श्रुति प्रणाली एवं अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। मौके पर आयोजित बैठक में न्यायश्रुति प्रणाली के सफल ट्रायल के उपरांत की गई अग्रेतर कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा हुई। मौके पर राज्य के 968 थानों में कार्यरत सीसीटीएनएस प्रणाली के तहत दर्ज की गई एफआईआर, 60 - 90 दिनों के भीतर आरोप-पत्र (चार्जशीट) दाखिल किए जाने की स्थिति, ई-साक्ष्य अपलोड किए जाने की प्रगति तथा अन्य संबंधित बिंदुओं की समीक्षा हुई व निर्देश दिए गए । वहीं न्याय श्रुति की समीक्षा के क्रम में अभियोजन निदेशालय, विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल), समाज कल्याण विभाग, कारा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों द्वारा न्याय श्रुति प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। निदेशक, अभियोजन ने बताया कि न्याय श्रुति प्रणाली के वीडियो ट्रायल के सफलतापूर्वक संपन्न होने तथा माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा गो-लाइव सर्टिफिकेट निर्गत कर न्याय श्रुति, नई दिल्ली को उपलब्ध करा दी गई है। अब पूरे राज्य में न्याय श्रुति की शुरूआत की जाएगी। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी अजिताभ कुमार, आईजी, एससीआरबी, डीआईजी, एससीआरबी, पटना उच्च न्यायालय के संयुक्त निबंधक गौरव कमल एवं विशेष कार्य पदाधिकारी रवि रंजन, गृह विभाग के संयुक्त सचिव कमल नयन, अभियोजन निदेशक सुधांशु कुमार चौबे सहित एनआईसी , टीसीएस तथा बेलट्रान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# बिहार के विकास के लिए प्रशांत किशोर को मुख्य सलाहकार बनाने की मांग



पटना। कबीरपंथी आश्रम, मीठापुर के महंथ ब्रजेश मुनि जी महाराज ने बांकीपुर विधानसभा चुनाव में जन सुराज के प्रशांत किशोर की जीत पर क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे बिहार में जातीय एवं धार्मिक समन्वय की नई शुरुआत बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बिहार के समग्र विकास के लिए प्रशांत किशोर को मुख्य सलाहकार नियुक्त करने की मांग की। पत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन, रोजगार और पलायन रोकने के लिए केंद्र सरकार से ठोस पहल करने का आग्रह किया गया है। महंथ ब्रजेश मुनि ने कहा कि यदि समय रहते इन मुद्दों पर गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आगामी चुनावों में भाजपा सहित उसके सहयोगी दलों को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में जाति और धर्म के आधार पर समाज को विभाजित कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है, जिससे योग्य लोगों की उपेक्षा हो रही है। उनका विश्वास है कि जन सुराज के प्रशांत किशोर बिहार में जनहितकारी व्यवस्था स्थापित कर राज्य के बौद्धिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

# पटना और मधुपुर के मध्य प्रतिदिन एवं आरा और जसीडीह के मध्य साप्ताहिक श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में रेलवे द्वारा बख्तियारपुर-मोकामा- किउल-झाझा-जसीडीह के रास्ते पटना और मधुपुर के मध्य प्रतिदिन 03556/03555 श्रावणी मेला स्पेशल तथा आरा और जसीडीह के मध्य साप्ताहिक 03270/03269 श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जायेगा । 1. गाड़ी सं. 03555/03556 मधुपुर-पटना-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल (प्रतिदिन)- गाड़ी सं. 03555 मधुपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 29.08.2026 तक प्रतिदिन मधुपुर से 20.30 बजे खुलकर 21.00 बजे जसीडीह, 21.37 बजे सिमुलतला, 22.25 बजे झाझा, 22.53 बजे जमुई, 22.33 बजे किउल, 22.43 बजे लक्खीसराय, 23.49 बजे अशोकधाम, 23.55 बजे मनकठा, अगले दिन 00.02 बजे डुमरी, 00.18 बजे बड़हिया, 00.40 बजे हाथीदह, 00.58 बजे मोकामा, 01.55 बजे बाढ़, 02.03 बजे अथमलगोला, 02.18 बजे बख्तियारपुर, 02.33 बजे खुसरूपुर, 02.50 बजे फतुहा, 03.15 बजे पटना साहिब, 03.33 बजे राजेन्द्रनगर स्टेशनों पर रुकते हुए 04.05 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03556 पटना-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल 30.08.2026 तक प्रतिदिन पटना से 04.30 बजे खुलकर 04.40 बजे राजेन्द्रनगर, 05.00 बजे पटना साहिब, 05.15 बजे फतुहा, 05.30 बजे खुसरूपुर, 05.50 बजे बख्तियारपुर, 05.58 बजे अथमलगोला, 06.03 बजे बाढ़, 06.33 बजे मोकामा, 06.50 बजे हाथीदह, 07.10 बजे बड़हिया, 07.18 बजे डुमरी, 07.33 बजे मनकठा, 07.38 बजे अशोकधाम, 07.45 बजे लक्खीसराय, 07.58 बजे किउल, 08.25 बजे जमुई, 10.00 बजे झाझा, 10.25 बजे सिमुलतला एवं 10.50 बजे जसीडीह स्टेशनों पर रुकते हुए 12.15 बजे मधुपुर पहुंचेगी । 2. गाड़ी सं. 03270/03269 आरा-जसीडीह-आरा श्रावणी मेला स्पेशल (साप्ताहिक) - गाड़ी सं. 03270 आरा-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल 09.08.2026 से 30.08.2026 तक प्रत्येक रविवार को आरा से 00.15 बजे खुलकर 01.42 बजे दानापुर, 02.40 बजे पटना, 03.13 बजे पटना साहिब, 03.36 बजे फतुहा, 04.33 बजे बख्तियारपुर, 05.08 बजे बाढ़, 06.14 बजे मोकामा, 07.28 बजे अशोकधाम, 07.44 बजे किउल, 09.01 बजे जमुई, 10.45 बजे झाझा सहित अन्य सभी स्टेशनों पर रुकते हुए 12.10 बजे जसीडीह पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. गाड़ी सं. 03269 जसीडीह-आरा श्रावणी मेला स्पेशल 09.08.26 से 30.08.26 तक प्रत्येक रविवार को जसीडीह से 12.30 बजे खुलकर 14.00 बजे झाझा, 14.36 बजे जमुई, 15.55 बजे किउल, 16.08 बजे अशोकधाम, 17.18 बजे मोकामा, 18.20 बजे बाढ़, 18.54 बजे बख्तियारपुर, 19.52 बजे फतुहा, 20.50 बजे पटना जं. एवं 21.23 बजे दानापुर सहित अन्य सभी स्टेशनों पर रुकते हुए 23.45 बजे आरा पहुंचेगी ।

# बिक्रम में टाटा मोटर्स की पहली रिवेयर फैक्ट्री का हुआ उद्घाटन



बिक्रम । बिहार में पहली बार टाटा मोटर्स की ओर से स्थापित रिवेयर (रीसाइक्लिंग) फैक्ट्री का उद्घाटन मंगलवार को बिक्रम प्रखंड के बघाकोल में बिहार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ह्ररिसाइकिल विद रिस्पेक्टह्व की भावना को साकार करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण में वाहन रीसाइक्लिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। पुराने एवं अनुपयोगी वाहनों से निकलने वाले सभी वेस्ट मटेरियल को वैज्ञानिक तरीके से अलग-अलग कर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) किया जाता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होने के साथ-साथ प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आती है। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में टाटा मोटर्स की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसी आधुनिक रीसाइक्लिंग इकाइयां न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी, बल्कि औद्योगिक विकास को नई गति देने के साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में इस तरह की अत्याधुनिक रीसाइक्लिंग फैक्ट्री की स्थापना राज्य के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी। समारोह में टाटा मोटर्स के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# कोडरमा–तिलैया–नवादा–किउल–सुलतानगंज–भागलपुर के रास्ते रांची और सबौर के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा लेवल-1 के विभिन्न पदों हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा (उइळ) फेज-। का विभिन्न चरणों में आयोजित की जा रही है। इसी के मद्देनजर अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु हजारीबाग टाउन-कोडरमा-तिलैया-नवादा-किउल-जमालपुर-भागलपुर के रास्ते रांची और सबौर के मध्य 01 जोड़ी परीक्षा स्पेशल गाड़ी सं. 08601/08602 रांची-सबौर-रांची परीक्षा स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी सं. 08601 रांची-सबौर परीक्षा स्पेशल 04, 05, 06, 09 से 14 एवं 17 से 21 अगस्त को रांची से 19.00 बजे प्रस्थान कर 20.40 बजे बरकाकाना, 21.52 बजे हजारीबाग टाउन, अगले दिन 00.10 बजे कोडरमा, 02.36 बजे तिलैया, 02.58 बजे नवादा, 03.16 बजे वारिसलीगंज, 03.38 बजे शेखपुरा, 04.10 बजे लक्खीसराय, 04.45 बजे किउल, 05.15 बजे अभयपुर, 05.50 बजे जमालपुर, 06.35 बजे सुलतानगंज वं 07.30 बजे भागलपुर रुकते हुए 08.00 बजे सबौर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 08602 सबौर-रांची परीक्षा स्पेशल 05 से 07, 10 से 15 एवं 18 से 22 अगस्त को सबौर से 09.50 बजे प्रस्थान कर 10.00 बजे भागलपुर, 10.40 बजे सुलतानगंज, 11.30 बजे जमालपुर, 12.00 बजे अभयपुर, 13.00 बजे किउल, 13.12 बजे लक्खीसराय, 13.45 बजे शेखपुरा, 14.05 बजे वारिसलीगंज, 14.26 बजे नवादा, 14.50 बजे तिलैया, 17.00 बजे कोडरमा, 18.58 बजे हजारीबाग टाउन एवं 20.30 बजे बरकाकाना रुकते हुए 22.45 बजे रांची पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 10 कोच, साधारण श्रेणी के 02 कोच एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 14 कोच होंगे । अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि रेलवे की स्पेशल ट्रेनों का लाभ उठाएं।

# बिहार में पहली बार प्लास्टिक हाउसहोल्ड की मेगा डीलर मीट का होगा आयोजन, जुटेंगे कई राज्यों के व्यापारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के सबसे पुराने एवं बड़े प्लास्टिक हाउसहोल्ड डिस्ट्रीब्यूशन हाउस में से एक प्लास्टो विजन द्वारा आगामी 5 एवं 6 अगस्त 2026 को बोधि विहार बैंक्वेट, खेमनीचक, पटना में बिहार की पहली प्लास्टिक हाउसहोल्ड मेगा डीलर मीट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में प्लास्टिक, स्टील एवं घरेलू उपयोग के हजारों उत्पाद और नई वैरायटी एक ही छत के नीचे प्रदर्शित की जाएंगी। इसमें ऋतु, बीआरडब्लू, टेक्नो, पारस, सीएमपी, जोयो, एलीफैंट सहित कई प्रसिद्ध ब्रांड्स के उत्पाद शामिल होंगे। इस मेगा डीलर मीट में बिहार के विभिन्न जिलों के साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल से भी बड़ी संख्या में डीलर्स एवं व्यापारी पहुंचेंगे। यहां उन्हें नई वैरायटी देखने, आगामी दशहरा-दीवाली एवं फेस्टिव सीजन के लिए अपनी दुकानों की खरीदारी प्लान करने तथा विशेष स्कीम, एक्स्ट्रा डिस्काउंट एवं आकर्षक लाभ के साथ ऑर्डर बुक करने का अवसर मिलेगा। आयोजन के दौरान व्यापारी प्लास्टो विजन के प्रकाश चौधरी एवं पीयूष चौधरी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर नई उत्पाद श्रृंखलाओं, बाजार की संभावनाओं एवं व्यापार विस्तार पर चर्चा भी कर सकेंगे। प्लास्टो विजन के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य डीलर्स, व्यापारियों और प्रमुख ब्रांड्स को एक मंच पर लाकर व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना और आगामी फेस्टिव सीजन के लिए नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराना है।

# ओटीए कमिटी के एएनओ बने अभिमन्यु मिश्रा, बढ़ाया जिले का मान



● जेके इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक जितेन्द्र कुमार सिंह समेत अन्यों ने दी बधाई

> अभिमन्यु ने कहा कि देश सेवा ही मेरा लक्ष्य है और मैं हमेशा तिरंगे को ऊंचा रखने का प्रयास करूंगा। वहीं जेके इंटरनेशनल स्कूल रांची के चेयरमैन जीतेन्द्र सिंह समेत अन्य शुभचिंतकों ने उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। रांची के जेके इंटरनेशनल स्कूल के पूर्व प्राचार्य और अकादमिक डायरेक्टर रहे बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर प्रखंड के शिशुआ गांव निवासी सुनील कुमार मिश्र के पुत्र अभिमन्यु मिश्रा ने ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, कामटी (नागपुर) में एएनओ का पद प्राप्त कर मुंगेर जिले का मान बढ़ाया है। श्री मिश्रा को ओटीए में अर्जुन कंपनी मिला है, अर्जुन कंपनी के उस्ताद महेंद्र मीना, सुरेश, राजीव, नागार्जुन, जीवन, मनीष, निलेश, बैद्यनाथ, गुरुंग व रॉबर्ट आदि ने उन्हें बधाई दी है। अर्जुन कंपनी के कंपनी कमांडर निखिल पेंडारकर व मेजर आदित्य प्रताप सिंह ने सभी कैडेट्स को नाम, नमक और निशान का महत्व और सभी में देशभक्ति का जोश,जज्बा और जुनून का पाठ पढ़ाया। विदित हो कि अभिमन्यु 4 बिहार बी एन एनसीसी, भागलपुर के अधिकारी हैं और वर्तमान में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग, भागलपुर में कार्यरत हैं। अभिमन्यु ने बताया कि उन्हें बचपन से ही सेना में जाकर देश सेवा करने का शौक रहा है, इसलिए उन्होंने ओटीए की कठिन ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी कर यह मुकाम हासिल किया है।अभिमन्यु की इस उपलब्धि पर शिशुआ गांव और पूरे तारापुर क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिजनों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया और उन्हें बधाई दी। ओटीए कंपनी नागपुर के मेजर जनरल सर्वजीत सिंह बख्शी और कंपनी कमांडर निखिल पेंडारकर और मेजर आदित्य प्रताप सिंह ने उन्हें बेस्ट एंकर के रूप में सम्मानित किया। अभिमन्यु ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता स्वर्गीय सुनील कुमार मिश्र और गुरुजनों को दिया।

# जीडी गोयनका पटना के छात्र रेयान ने जीता पहला अंतरराष्ट्रीय मास्टर नॉर्म

## मार्से इंटरनेशनल शतरंज में पाया तीसरा स्थान, जीता 1200 यूरो का पुरस्कार

● प्राचार्य डॉ मधुकर झा समेत अन्यों ने दी बधाई जताया हर्ष

प्रात : किरण संवाददाता

पटना । जिले के दानापुर स्थित जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के कक्षा नौवीं के छात्र और उभरते शतरंज खिलाड़ी फिडे मास्टर रेयान मोहम्मद ने फ्रांस के मार्से में संपन्न प्रतिष्ठित 19वें फेस्टिवल इंटरनेशनल डी मार्से में अपने शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बदौलत अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मास्टर नॉर्म अर्जित कर लिया है. विदित हो कि 27 जुलाई से दो अगस्त तक स्विस सिस्टम प्रारूप के तहत नौं चक्रों में खेले गये इस अंतरराष्ट्रीय ओपन टूनार्मेंट में कई देशों के दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लिया. नौ चक्रों के इस कड़े मुकाबले में रेयान ने कुल 6.5 अंक (5 जीत, 3 ड्रॉ, 1 हार) अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया. इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें पुरस्कार स्वरूप 1200 यूरो (131904 रुपये) की नकद राशि से सम्मानित किया गया. रेयान मोहम्मद ने भारत की अंतरराष्ट्रीय मास्टर पद्मिनी राउत, फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय मास्टर गिलक्स फेबियन, तुर्की के ग्रैंडमास्टर इरदोग्डू अजीज मर्ट, इंग्लैंड के दयाल समर और भारत के फिडे मास्टर अक्षत सुरेका को पराजित किया जबकि अर्जेंटीना के अंतरराष्ट्रीय मास्टर श्नैडर इलान, फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय मास्टर पेट्रोस्यान आर्मेन और पोजी गेटन से बाजी ड्रॉ खेली. प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय मास्टर डेग्रेवे रेमी से रेयान को पराजय का सामना करना पड़ा. इधर विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधुकर झा समेत अन्य शिक्षकों ने इसे विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए रेयान को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि खेल जगत में अनंत सम्भावनाएं है, रेयान जैसे खिलाडियों पर हमें गर्व है, रेयान ने विद्यालय के साथ साथ बिहार व पूरे देश का नाम दुनिया में रोशन किया है।

# पत्रकार पर जानलेवा हमला करने वाला खुलेआम घूम रहा है : प्रेम कुमार



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। हाल के दिनों में पत्रकारों पर हमले तेज हो गये है यह बर्दास्त नही किया जायेगा उक्त बातें बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव प्रेम कुमार ने कहा ।उन्होंने बताया कि हाजीपुर के दैनिक जागरण के पत्रकार अवध किशोर शर्मा के ऊपर अपराधियों ने जानलेबा हमला किया थाना में मामला दर्ज होने के बाद भी अपराधियों को पुलिस नही गिरफ्तार कर रही है यह दुर्भाग्यपूर्ण । दिल्ली से लेकर पटना तक पत्रकारो को टारगेट कर पीटा जा रहा है वही रंगदार एवं थानेदार के गठजोड़ से फर्जी मुकदमे दर्ज हो रहे है यह निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए चिंता का विषय है । सच लिखने के कारण पत्रकारों को निशाना बनाया जाना लोकतंत्र के चौथा स्तम्भ को कमजोर करने का षड्यंत्र है । उन्होंने पटना में एक टीवी चैनल के पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला का घोर निंदा किया है साथ सरकार से पत्रकारो की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है । पत्रकार के ऊपर फर्जी मुकदमों पर रोक लगे । पत्रकारो की विमा की राशि सरकार वहन करे साथ पत्रकारो का पेंशन तीस हजार किया जाए । पत्रकारों को रेल एवं हवाई यात्रा में रियात मिले । यूनियन अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारो को सदस्य बना रहा है । बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पत्रकारो के हित के लिए संकल्पित है ।

# भारतीय अंगदान दिवस पर आईजीआईएमएस में सोट्टो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



पटना । भारतीय अंगदान दिवस को लेकर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोट्टो ), बिहार द्वारा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के ओपीडी परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना तथा अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ सोट्टो बिहार के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनीष मंडल के स्वागत उद्बोधन से हुआ। मौके पर उन्होंने कहा कि जब हमें किसी अंग की आवश्यकता होती है, तब हम उसे प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन जब स्वयं अंगदान करने की बात आती है तो हम पीछे हट जाते हैं। यदि समाज में अंगदान को बढ़ावा देना है, तो लोगों में स्वेच्छा से आगे आकर अंगदान करने की भावना विकसित करनी होगी। उन्होंने सभी से अंगदान के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने और इस जनहितकारी अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इसके पश्चात आईजीआईएमएस के डीन प्रो. (डॉ.) ओम कुमार ने अंगदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि उपलब्ध अंगों की संख्या अत्यंत कम है। उन्होंने इस मांग और उपलब्धता के बीच के अंतर को कम करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं आई बैंक प्रभारी डॉ. नीलेश मोहन ने कॉर्निया दान एवं कॉर्निया प्रत्यारोपण की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा नेत्रदान के माध्यम से दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी प्रदान करने की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित उपाध्याय ने भारत में अंग प्रत्यारोपण की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।

# नहर में गिरा बाइक सवार युवक का दो दिनों के सर्च ऑपरेशन के बाद मिला शव, परिजनों में कोहराम

बिक्रम। प्रखंड के रानीतालाब थाना क्षेत्र के बुद्धि छपरा के समीप रविवार को हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में लापता बाइक सवार का शव मंगलवार को नहर से बरामद कर लिया गया है। शव मिलने की सूचना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान बिक्रम के बैगवाँ गाँव निवासी स्व. श्रद्धा चौधरी का पुत्र अमरजीत चौधरी के रूप में हुई है । मिली जानकारी के अनुसार रविवार को अमरजीत चौधरी अपनी बाइक पर सवार होकर रिश्तेदार के घर जा रहा था। इसी दौरान रानीतालाब थाना अंतर्गत बुद्धू छपरा के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर गई, लेकिन युवक सीधे नहर में जा गिरा। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी गई। युवक की तलाश के लिए प्रशासन द्वारा एसडीआरएफ की तीन टीमों को लगाया गया। स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ के गोताखोरों और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा रविवार से ही नहर में काफी खोजबीन की जा रही थी। दो दिनों के कड़े प्रयास के बाद आखिरकार मंगलवार को बैगवा के पास नहर से युवक का शव बरामद किया जा सका। शव मिलते ही उसके परिवार वालों के बीच चीख पुकार मच गई। पूरे गांव में शोक की लहर है, स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की और उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# राज्यभर में ग्रामीण हाट के लिए 203 स्थलों का चयन

**हाटों में जीविका दीदियों के उत्पादों की बिक्री और विपणन एक ही छत के नीचे होगा : मंत्री**

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जीविका दीदियों के बनाए उत्पाद अब एक ही स्थान पर मिलेंगे। इसके लिए राज्यभर में 203 स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थानों पर हाट का निर्माण करने को लेकर नालंदा समेत कुछ अन्य जिलों से अंतिम स्तर पर प्रस्ताव प्राप्त हो गए हैं। हाटों के लिए स्थलों के चयन का कार्य पूरा हो चुका है। ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने मंगलवार को पुराना सचिवालय स्थित ग्रामीण विकास मंत्री कार्यालय में बैठक कर जीविका एवं वीबी-जीरामजी योजना की समीक्षा की। मंत्री ने निर्देश दिया कि इन ग्रामीण हाटों में जीविका दीदियों के उत्पादों की बिक्री और विपणन एक ही छत के नीचे होगा। उन्होंने कहा कि जीविका दीदी के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को दिये जाने वाले पोशाक की आपूर्ति निरंतर बनी रहे। इसमें किसी रूप में कमी नहीं हो।

इन हाट बाजारों में भंडारण कक्ष, दुकानें, बिक्री के लिए शेड युक्त चबूतरा, शौचालय तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर मॉडल डीपीआर भी तैयार हो चुका है। जल्द ही चिन्हित स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए नाबार्ड से भी सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में यह बात सामने आई कि ग्रामीण हाटों के निर्माण के लिए सबसे पहले नालंदा जिले से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। मंत्री ने पदाधिकारियों को इस पर तुरंत काम शुरू करने के निर्देश दिए और अन्य जिलों से प्रस्ताव न मिलने की भी समीक्षा करने कहा। कहा कि इन हाटों के निर्माण से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। विशेष रूप से जीविका दीदियों को अपने उत्पादों के लिए तैयार बाजार मिलेगा, जिससे सकल घरेलू उत्पाद में भी योगदान बढ़ेगा।

**जीविका दीदियों के रोजगार और बकरीपालन पर विशेष जोर:** माननीय मंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में बकरी पालन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसमें जमुनापारी नस्ल की बकरी पालन को बढ़ावा देना शामिल है। यह नस्ल अच्छी मात्रा में दूध देती है और इसका मांस भी काफी लोकप्रिय है। पश्चिम चंपारण क्षेत्र में इसकी काफी मांग है।

**चंपारण का थारू समाज बकरीपालन से जुड़ेगा:** बकरी पालन को रोजगार के रूप में स्थापित करने के लिए चंपारण से लेकर बांका, जमुई, मुंगेर, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, गया, औरंगाबाद और कैमूर आदि जिलों में प्रोडक्शन ग्रुप बनाकर महिलाओं को इससे जोड़ा जाएगा। मंत्री श्री श्रवण कुमार ने बैठक में विशेष रूप से कहा कि चंपारण के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले थारू आदिवासी समाज के लोगों को इसमें प्राथमिकता दी जाए। आगे कहा कि बकरी के दूध को गाय और भैंस के दूध की तरह आसानी से उपलब्ध कराने के लिए इसकी प्रोसेसिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। चंपारण मीट की मांग और लोकप्रियता को देखते हुए उन्नत स्तर की बकरी पालन योजना को समूह आधारित रूप में चलाया जाएगा। बकरी का दूध पौष्टिक होने के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला भी है। मंत्री ने बकरी पालन से लेकर इसके दूध को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की योजना को भी तेजी से विस्तार देने के निर्देश दिए। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नाबार्ड एवं पशुपालन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने का भी निर्देश दिया है। बैठक में जीविका दीदियों के स्तर से आंगनबाड़ी केंद्रों और एससी-एसटी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली पोशाकों की सिलाई एवं पर्याप्त आपूर्ति की भी समीक्षा मंत्री ने की। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, जीविका के सीईओ हिमांशु शर्मा, मंत्री के आप्त सचिव सुनील कुमार, अपर मनरेगा आयुक्त, संजय सिंह, विनय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# उर्वरक वितरण में अनियमितता करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : विजय

**जिलों में खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई, डीएओ, मोतिहारी को तत्काल प्रभाव से मुख्यालय में योगदान का निर्देश**

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। कृषि निदेशक, बिहार, पटना द्वारा मोतिहारी में उर्वरक एवं बीज प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त कृषि भवन मोतिहारी में कृषि निदेशक बिहार मुकेश कुमार लाल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद अधिकारियों ने जिले के विभिन्न उर्वरक एवं बीज प्रतिष्ठानों पर संयुक्त टीम व उड़नदस्ता दल ने अलग-अलग जगह पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान छह उर्वरक प्रतिष्ठानों तथा एक बीज विक्रेता एवं कीटनाशी प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया, जबकि कई अन्य दुकानों से स्पष्टीकरण मांगा गया। इसी क्रम में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के स्तर से सख्त निदेश दिया गया कि जीरो टॉलरेंस नीति के तह्त तत्काल प्रभाव से जिला कृषि पदाधिकारी, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) को मुख्यालय, पटना में योगदान करने का निदेश दिया गया। श्री मृणाल शास्त्री, सहायक निदेशक (शस्य) को जिला कृषि पदाधिकारी, मोतिहारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंत्री ने अधिकारियों को जिले में नियमित एवं सघन छापेमारी अभियान जारी रखने का निर्देश दिया है, ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सके तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या अवैध मूल्य पर बिक्री को प्रभावी ढंग से रोका जा सके उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा उर्वरक वितरण में अनियमितता करने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# गन्ना यंत्रिकरण योजना के तहत 44 प्रकार के यंत्रो पर मिलेगा अनुदान

**सामान्य वर्ग के कृषकों को 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के कृषकों को 50 प्रतिशत फीसदी मिलेगा अनुदान**

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में गन्ना की खेती करने वाले किसानों को अनुदानित दर पर 44 प्रकार के यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने गन्ना यंत्रीकरण योजना शुरू की है। इस योजना के लिए 1 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा बिहार में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गन्ना यंत्रीकरण योजना शुरू किया गया है। ताकि गन्ना की खेती करने वाले किसानों को बुआई से लेकर गन्ना की कटाई तक के लिए कम लागत में आधुनिक यंत्र उपलब्ध कराया जा सके। इस योजना के तहत किसानों को 44 प्रकार के यंत्र अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत यंत्रो की खरीद करने पर सामान्य वर्ग के कृषकों को 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अत्यंत पिछड़ा वर्ग के कृषकों को 50 प्रतिशत अथवा यंत्र विशेष के लिए निर्धारित अधिकतम अनुदान देय होगा।

साथ ही यंत्र बैंक पर 80 प्रतिशत अधिकतम 8 लाख रुपये तक अनुदान मिलेगा। बताया जाता है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गन्ना खेती में श्रमिकों की कमी, बढ़ती मजदूरी दर, कृषि कार्यों के बढ़ते खर्च और आधुनिक यंत्रों के सीमित उपयोग को देखते हुए किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने के लिए गन्ना खेती में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने हेतु यह योजना लाई गई है।

**व्यक्तिगत किसानों के लिए पात्रता:** गन्ना उद्योग विभाग के मुताबिक केवल गन्ना किसान ही इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। 20 हजार से अधिक के अनुदान पर एलपीसी, अद्यतन मालगुजारी रसीद और वंशावली देना अनिवार्य है। वहीं, 20 हजार तक अनुदान पर एलपीसी, लगान रसीद की आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार 20 हजार तक अनुदान पर गैर-रैयत (वास्तविक बटाईदार) कृषक भी पात्र होंगे। अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। गन्ना उद्योग विभाग के अनुसार आवेदन से लेकर भुगतान तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदन का सत्यापन ऑनलाइन किया जाएगा।

# ई-सेवाओं से बदला गांव का मंजर: पंचायत स्तर पर 33.48 लाख आवेदनों का हुआ निष्पादन

**पंचायतों में लोक सेवा केंद्रों की स्थापना से बढ़ी ग्रामीणों की सहूलियत, ब्लॉक का चक्कर काटने से मिली स्थाई मुक्ति**

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में सरकारी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और पारदर्शिता की दिशा में चलाए जा रहे अभियानों का असर अब धरातल पर साफ दिखने लगा है। सामान्य प्रशासन विभाग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में ई-सेवाओं को गांवों तक पहुंचाने की पहल के बेहद सकारात्मक परिणाम आए हैं। पंचायत स्तर पर स्थापित लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से अब ताक कुल 33,77,620 (33.77 लाख) आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 33,48,776 (33.48 लाख) आवेदनों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। इस व्यवस्था से अब आम नागरिकों को छोटी-मोटी सरकारी सेवाओं के लिए अनुमंडल या जिला मुख्यालय जाने की बाध्यता खत्म हो गई है और गांव स्तर पर ही तेजी से काम निपट रहे हैं।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जुलाई 2025 से पंचायत सरकार भवनों और पंचायत भवनों में स्थापित लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से 64 से अधिक ई-सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे पूर्व बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, 2011 के अंतर्गत 14 विभागों की 153 प्रकार की सेवाएं जैसे जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, मजदूर दुर्घटना अनुदान, चालक अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) निर्गमन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस पूरी व्यवस्था के तहत राज्य में अब तक 53.80 करोड़ से अधिक आवेदनों का सफल निष्पादन किया जा चुका है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के डिसरेगुलेशन एंड कंप्लायंस रिडक्शन (बिहार)-फेज-2 (पीए-23) के आलोक में आरटीपीएस अपील पोर्टल पर 23 जून 2026 से स्वतः अपील (ऑटो अपील) की व्यवस्था भी शुरू की गई है। इसके अलावा, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत 45 विभागों की 514 सेवाओं/ योजनाओं में समयबद्ध एवं पारदर्शी शिकायत निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जनवरी 2016 से अब तक 19.38 लाख से अधिक शिकायतों एवं परिवादों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया है।

इसी क्रम में सरकारी सेवकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 3 जून 2019 से प्रभावी ऑनलाइन प्रणाली संचालित है, जिसके तहत अब तक 16,106 शिकायतों का निष्पादन हो चुका है। प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) का पूर्ण डिजिटलीकरण किया गया है, जिसके अंतर्गत 2.72 लाख सेवा अभिलेखों का डिजिटलीकरण, 1.23 करोड़ से अधिक पृष्ठों की स्कैनिंग और 48 विभागों के 8 लाख कर्मियों के सेवा एवं वेतन प्रबंधन का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। विभाग की पारदर्शिता नीति के तहत राज्य सरकार के सभी समूह 'क', 'ख' एवं 'ग' के अधिकारियों और कर्मचारियों की चल-अचल संपत्ति एवं दायित्वों का विवरण हर साल वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाता है। आम जनता की सहायता के लिए 2010 से जिज्ञासा केंद्रीय हेल्पलाइन (टोल फ्री नंबर-14403) संचालित है, जिससे अब तक 8,19,622 से अधिक नागरिकों को जानकारी दी गई है। वहीं, 2016 से शुरू समाधान कॉल सेंटर (टॉल फ्री-1800-345-6284) के माध्यम से 12,93,847 से अधिक नागरिकों ने शिकायतें दर्ज कराईं और जानकारी प्राप्त की। कर्मचारियों की क्षमतावर्द्धन के लिए बिहार प्रशासनिक सेवा और सचिवालय सेवा के कर्मियों के लिए प्रत्येक सप्ताह एक घंटा अध्ययन और आई गॉट प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। साथ ही 15 सितंबर 2025 को अधिसूचित मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के तहत 107 विषय-विशेषज्ञ (फेलोज) का चयन कर उन्हें राज्य सरकार के प्रमुख विभागों में कार्य करने का अवसर दिया गया है, जिसके लिए बीपीएसएम और आईआईएम बोधगया के बीच एमओयू संपन्न हुआ है।

# पूर्व राज्यपाल डॉ डी वाय पाटिल के निधन पर सभापति ने जताया शोक

पटना। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने प्रख्यात, शिक्षाविद्, समाजसेवी और बिहार, त्रिपुरा तथा पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल पद्मश्री डॉ. डी वाय पाटिल के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि डॉ पाटिल ने बिहार, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएं दीं। समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1991 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल और धैर्य प्रदान करें।

# पूर्व राज्यपाल डी वाई पाटिल के निधन पर राजद नेताओं ने जताया शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधाकर सिंह , संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान ,प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद कारी मो सोहैब,प्रदेश प्रवक्ता डॉ उर्मिला ठाकुर ,एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने बिहार के पूर्व राज्यपाल डॉक्टर डी वाई पाटील के निधन पर गहरी शोक सम्मेलन प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से राष्ट्र को अपुरणीय क्षति हुई है।

# राजद के नेताओं ने हजरत इमाम हुसैन (अ. स.) और कर्बला के शहीदों को किया नमन

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधाकर सिंह , संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान ,प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद कारी मो सोहैब,प्रदेश प्रवक्ता डॉ एजाज अहमद, उर्मिला ठाकुर सहित राजद के अन्य नेताओं ने चेहल्लुम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला के शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं श्रद्धापूर्वक नमन।

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की अजीम कुबार्नी, इस्तिकामत और जद्दोजहद हमें हक, इंसाफ और इंसानियत की खातिर जुल्म, जौर और नाइंसाफी के खिलाफ डट जाने की प्रेरणा देती है।

# भाजपा के जनाधार में आई कमी: भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बाँकीपुर विधानसभा उप चुनाव में जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रशांत किशोर की जीत से साबित हो गया है कि भाजपा के जनाधार में भारी कमी आई है। भाजपा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की सीट भी नहीं बचा पाई। बिहार में भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार दो उप चुनाव में एनडीए की हार हुई है। पहले बिहार विधान परिषद की आरा-बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट पर जदयू उम्मीदवार की हार हुई, अब बाँकीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार की हार हुई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बाँकीपुर उप चुनाव पर छात्र आंदोलन और सम्राट चैधरी की सरकार के एक सौ दिनों के अंदर लिए गए जन विरोधी फैसला का असर पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को हराने के लिए बाँकीपुर के मतदाता ने दलीय भावना से ऊपर उठ कर मतदान किया। जनता ने भाजपा के अहंकार को चकनाचूर कर दिया है। लोकतंत्र में किसी का कोई गढ़ नहीं होता है। भाजपा उम्मीदवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, स्थानीय सांसद, बिहार सरकार के मंत्री सहित भाजपा के बड़े नेताओं के इलाके में भी हार मिली है। इससे साबित हो रहा है कि भाजपा सरकार से बिहार की जनता का मोहभंग हो गया है। भाजपा के खिलाफ जनता में व्यापक आक्रोश है। आने वाले दिनों में केंद्र से भी भाजपा सरकार की विदाई होगी।

# आधी आबादी जदयू की मजबूत आधार स्तम्भ, बूथ स्तर पर महिला प्रकोष्ठ को मजबूत और सशक्त बनाना है: उमेश

**जदयू महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित, प्रदेश अध्यक्ष ने दिए संगठनात्मक दिशा-निर्देश**

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में जदयू महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विस्तार एवं मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह विधान परिषद सदस्य शिवरानी देवी प्रजापति ने की तथा संचालन दक्षिण बिहार की प्रभारी सुप्रिया रानी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर बिहार की प्रभारी खुशबू रानी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी शंभू कुशवाहा, प्रदेश महासचिव श्वेता विश्वास, अप्सरा मिश्रा, प्रमिला प्रजापति, कंचन गुप्ता एवं मोहतरमा अफरोजा खातून उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नारी शक्ति जदयू की आधार स्तम्भ रही है और नीतीश कुमार को सूबे की महिलाओं ने हमेशा अटूट स्नेह एवं समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि महिला प्रकोष्ठ का विस्तार बूथ स्तर तक करना है तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने बीते 20 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं को न्याय, सम्मान और गरिमा दिलाने तथा उनकी उम्मीदों को नई उड़ान देने के लिए जिस प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है, उसका दूसरा उदाहरण पूरे देश में नहीं मिलता। बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पोशाक योजना, साइकिल योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की शुरूआत की गई। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण तथा पुलिस बल में 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बिहार का महिला पुलिस बल देश में सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, महिला रोजगार योजना एवं जीविका के माध्यम से प्रदेश की आधी आबादी के आर्थिक सशक्तीकरण का नया द्वार खुला है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु किए गए इन ऐतिहासिक कार्यों को प्रदेश की प्रत्येक महिला तक पहुँचाना तथा उन्हें जदयू परिवार से जोड़कर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत के हाथों को और मजबूत करना है।

शिवरानी देवी प्रजापति ने कहा कि नीतीश कुमार का महिला सशक्तिकरण मॉडल देश-दुनिया में अनुकरणीय है। उनकी दूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि आज प्रदेश की महिलाएँ हर क्षेत्र में सफलता के नए परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला उत्थान से जुड़ी नीतीश कुमार की अनेक नीतियों एवं योजनाओं को देश के कई राज्यों ने अपने यहाँ लागू किया है।

# बिहार में छात्र आंदोलनों पर पुलिस की बर्बर कार्रवाई लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा : कन्हैया

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने मंगलवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा बिहार में छात्र आंदोलनों के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की जांच के लिए गठित फैक्ट-फाइंडिंग टीम की प्रारंभिक रिपोर्ट लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक तस्वीर पेश करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के विभिन्न जिलों में छात्रों के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलनों को कुचलने के लिए पुलिस ने कानून और पुलिस मैनुअल की खुलेआम अनदेखी की। कन्हैया कुमार ने बताया कि फैक्ट-फाइंडिंग टीम ने पटना, सिवान, जहानाबाद, भागलपुर, दरभंगा सहित कई जिलों का दौरा कर पीड़ित छात्रों, उनके परिजनों, प्रत्यक्षदर्शियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की। प्रारंभिक रिपोर्ट में सामने आया है कि कई स्थानों पर छात्रों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस, गोलीबारी और बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गईं। रिपोर्ट के अनुसार बल प्रयोग के लिए आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किस मजिस्ट्रेट अथवा अधिकारी के आदेश पर कार्रवाई की गई। कन्हैया कुमार ने बिहार सरकार से मांग की कि छात्र आंदोलनों के दौरान हुई प्रत्येक पुलिस कार्रवाई की न्यायिक एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, सभी लंबित मामलों की जानकारी सार्वजनिक की जाए तथा निर्दोष छात्रों और अन्य लोगों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की भूमि है और इसे पुलिसिया शासन या लाठीतंत्र में बदलने का प्रयास किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# आरएसएस और भाजपा जेन-जी को बदनाम करने की कोशिश बंद करे: दीपंकर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य बिहार दौरे पर हैं। 7 अगस्त तक बिहार में रहेंगे एवं बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे एवं विभिन्न घटनाओं में पीड़ित परिवारों से मिलेंगे।महासचिव ने जहानाबाद एवं अरवल जिले का दौरा किया एवं पुलिस दमन और हिंसा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के नाम पर पुलिस की गुंडागर्दी चरम पर, शराब माफियाओं पर कार्रवाई की बजाय आम लोगों को जेल में सरकार ठूंस रही है। बांकीपुर चुनाव परिणाम ने बिहार में बदलाव की आहट दी, यह रुझान अब पूरे बिहार में दिखने लगा है।

# राज्य में ईमानदार अधिकारियों के बीच भय का माहौल : तेजस्वी

**नेता प्रतिपक्ष ने डेहरी ईओ हत्याकांड को लेकर सरकार पर लगाए गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को सुरक्षा की मांग**

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने डेहरी-डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या को लेकर बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और पुलिस इस मामले के मुख्य आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। साथ ही उन्होंने निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सुरक्षा एवं सरकारी नौकरी देने की मांग की। मंगलवार को पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में तेजस्वी यादव ने कहा कि दो दिन पहले डेहरी में जिस तरह कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या हुई, वह केवल एक अधिकारी की हत्या नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह दूसरे सरकारी अधिकारी की हत्या है, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। तेजस्वी यादव ने बताया कि वह मृतक अधिकारी के परिजनों से मिले थे। उन्होंने कहा कि परिवार में दो छोटे बच्चे और उनकी पत्नी हैं तथा उनकी पूरी संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है। राजद नेता ने आरोप लगाया कि इस मामले में सत्तारूढ़ गठबंधन के एक विधायक की भूमिका को लेकर परिवार ने गंभीर आरोप लगाए हैं, लेकिन पुलिस उस दिशा में जांच नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट आए ही पुलिस अधिकारियों की ओर से ड्राइवर को हत्यारा बताया जाना जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। उनका दावा था कि परिवार का आरोप है कि इस घटना में एक से अधिक लोग शामिल थे और इसे सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दिया गया। तेजस्वी यादव ने कहा कि पुलिस का यह तर्क कि छुट्टी नहीं मिलने और काम के दबाव के कारण हत्या हुई, तर्कसंगत नहीं लगता। उन्होंने आरोप लगाया कि ड्राइवर के बयान भी कई बार बदले गए हैं और उसकी पत्नी भी पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस को हर संभावित एंगल से जांच करनी चाहिए और किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में ईमानदार अधिकारियों के बीच भय का माहौल है और यदि दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो प्रशासनिक व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर होगा। सरकार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर कानून के शासन को मजबूत करना चाहिए और पूरे मामले की पारदर्शी जांच करानी चाहिए। राजद नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर अधिकारियों का मनोबल गिराने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब सरकारी अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता की सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने मृतक अधिकारी के परिवार को सुरक्षा, उनकी पत्नी को सम्मानजनक सरकारी नौकरी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग दोहराई।

## अस्थि एवं जोड़ दिवस के अवसर पर बीओए द्वारा जागरूकता वॉक का आयोजन

# संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अनिवार्य

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। इंडियन ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन के मार्गदर्शन में अस्थि एवं जोड़ दिवस के अवसर पर बिहार ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन द्वारा राजधानी पटना में एक विशाल जागरूकता वॉक का आयोजन किया गया। इस मार्च की शुरूआत ऐतिहासिक जेपी गोलंबर से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आईएमए हॉल पर जाकर संपन्न हुई। इस वॉक में चिकित्सा जगत से जुड़े दिग्गजों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के 500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**सड़क दुर्घटनाओं में जान बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को मिलेगी शुरूआती प्रबंधन की ट्रेनिंग:** डीजीपी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार ने कहा, राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के बाद शुरूआती समय (गोल्डन ऑवर) बेहद कीमती होता है। यदि ऑथोर्पेडिक सर्जन पुलिसकर्मियों को दुर्घटना के तुरंत बाद घायलों के शुरूआती और प्राथमिक मेडिकल प्रबंधन की ट्रेनिंग दें, तो हम दुर्घटनास्थल पर ही कई मासूमों की जान बचा सकते हैं। पुलिस बल और डॉक्टरों का यह समन्वय जीवन रक्षा में मील का पत्थर साबित होगा।

**मजबूत हड्डी से ही बनेगा मजबूत राष्ट्र :** डॉ. अमूल्य बिहार ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमूल्य कुमार सिंह ने समाज के प्रति डॉक्टरों की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, बिहार ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन समाज को जागरूक करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। हमारा मुख्य उद्देश्य और नारा है–मजबूत हड्डी, मजबूत राष्ट्र। उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि हड्डियों को जीवनभर स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए बचपन से ही पौष्टिक व संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों पर सुरक्षा उपाय जरूरी: डॉ. रितेश रुनूएसोसिएशन के सचिव डॉ रितेश रुनू ने सड़क सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाओं के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

## नाम परिवर्तन

क्रम संख्या: 895 दिनांक. 03/8/2026

**मैं, शम्मी कुमारी,** पत्नी विनय कुमार राय, आयु लगभग 46 वर्ष, निवासी ग्राम रायघुरवा, डाक घर,बेत्तिया डिह, जिला पश्चिम चंपारण, बिहार - 845438, निम्नलिखित कथन सत्यनिष्ठा एवं पूर्ण विश्वास के साथ शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ– कि मैं उपर्युक्त पते की स्थायी निवासी हूँ तथा जन्म से भारत की नागरिक हूँ। मेरा सही, वास्तविक एवं कानूनी नाम शम्मी कुमारी है, जो मेरे PAN कार्ड एवं आधार कार्ड में दर्ज है। मेरा आधार नंबर 54944349827 है। मेरे सभी प्रमाण-पत्रों एवं अन्य सार्वजनिक/आधिकारिक दस्तावेजों में मेरा नाम शम्मी राई दर्ज है। मैं स्पष्ट रूप से घोषणा एवं शपथपूर्वक कहती हूँ कि शम्मी कुमारी एवं शम्मी राय दोनों नाम एक ही व्यक्ति, अर्थात् मेरा ही प्रतिनिधित्व करते हैं। भविष्य में सभी कानूनी, आधिकारिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं सरकारी प्रयोजनों के लिए मेरा नाम शम्मी कुमारी ही माना एवं उपयोग किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 पंचायतों में आज लगेगा सहयोग शिविर, मौके पर होगा शिकायतों का निपटारा

विभूतिपुर/समस्तीपुर। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज बुधवार को विभूतिपुर प्रखंड की चार ग्राम पंचायतों में विशेष ह्यसहयोग शिविरह्न का आयोजन किया जा रहा है। महथी दक्षिण और बोरिया पंचायत में पंचायत सचिव संभव कुमार,गंगौली मंदा में पप्पू कुमार,भूसवर में हरिहर प्रसाद सहित संबंधित कर्मी को तैनात किया गया है ।जबकि महथी दक्षिण और गंगौली मंदा में शिविर का संचालन 10 बजे से दोपहर के 1:30 बजे एवं बोरिया तथा भुसवर में शिविर का संचालन दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक होगी।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ससमय उपस्थिति का सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### दरभंगा एम्स निर्माण की समय सीमा तय करना जनभावना की उपेक्षा : उमेश राय

दरभंगा। दरभंगा एम्स बनाओ अभियान, नागरिक समाज, दरभंगा के संयोजक उमेश राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सांसद सुधाकर सिंह द्वारा संसद में दरभंगा एम्स निर्माण से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या 2171/2026 उठाने पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से दिए गए उत्तर में दरभंगा एम्स का निर्माण सितंबर 2029 तक पूरा होने की समय-सीमा बताई गई है, जो प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व में घोषित समय-सीमा के अनुरूप नहीं है और जनभावनाओं की उपेक्षा है। उमेश राय ने सरकार के इस जवाब को वादाखिलाफी बताते हुए आरोप लगाया कि दरभंगा एम्स निर्माण की गति जानबूझकर धीमी रखी जा रही है। उनका कहना है कि इससे उत्तर बिहार एवं पूर्वांचल के करोड़ों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परियोजना में देरी राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में अपने पूर्व घोषणा के अनुरूप वर्ष 2027 तक दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य पूरा कराने की दिशा में आवश्यक पहल करें तथा परियोजना को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

### जनसुराज कार्यकर्ताओं ने मनाया चुनावी जीत का जश्न, एकजुटता का लिया संकल्प

विभूतिपुर/समस्तीपुर। हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में मिली शानदार जीत की खुशी में जनसुराज परिवार की ओर से एक विशेष बैठक और विजय उत्सव का आयोजन किया गया ।कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी ।वहीं बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने इस शानदार सफलता का पूरा श्रेय जनता के अटूट विश्वास, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और संगठन की आपसी एकजुटता को दिया ।वक्ताओं ने कहा कि यह जीत क्षेत्र के विकास और बदलाव की शुरूआत है। सभी उपस्थित सदस्यों ने भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को पूरी प्रमुखता से उठाने और संगठन को हर स्तर पर मजबूत करने का सामूहिक संकल्प लिया ।इस विजय उत्सव में जनसुराज के राज्य सलाहकार विश्वनाथ चौधरी (तुफान), पैक्स अध्यक्ष रंजन पासवान, पैक्स अध्यक्ष दिलीप सिंह, वेद प्रकाश, बलराम पासवान, विपीन बिहारी सिंह, शिवम कुमार, सौरभ कुमार चौधरी, नागेंद्र राय, विकास चौधरी, राज सिंह, संतोष चौधरी, मनिष कुमार, सत्यम कुमार, राम एकवाल पासवान, चन्दन कुमार, अनिकेत कुमार, रंजन पासवान, रितेश मिश्रा, आशुतोष कुमार, निशू सिंह, अभिनव सिंह और आयुश ठाकुर सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे। बैठक के समापन पर सभी ने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

### उपचुनाव में एनडीए की हार युवाओं के आंदोलन का असर : अली अशरफ फातमी

दरभंगा। भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं राजद के वरिष्ठ नेता मो. अली अशरफ फातमी ने उपचुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तीन में से दो सीटों पर एनडीए की हार युवाओं के आंदोलन का सीधा असर है। उन्होंने दावा किया कि आंदोलन के बाद एनडीए की राजनीतिक पकड़ कमजोर हुई है, जिसका प्रभाव उपचुनाव के परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। फातमी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी अपनी बात और विचारधारा को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में सफल नहीं रही। उन्होंने स्वीकार किया कि इसका लाभ जन स्वराज पार्टी को मिला, जिसने मतदाताओं के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने बांकीपुर विधानसभा सीट का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1995 से भाजपा इस सीट पर लगातार बड़े अंतर से जीत दर्ज करती रही थी।

# जिलाधिकारी ने आगामी दो दिनों के भीतर शेष लक्ष्य हर हाल में पूरा करने का दिया निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा एवं वीबी-जी रामजी योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त स्वप्निल, निदेशक लेखा प्रशासन सहित सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, लेखापाल एवं लेखा सहायक उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी पंचायतों में मनरेगा के तहत पांच-पांच यूनिट वृक्षारोपण कार्य कराने का निर्देश दिया। विभागीय मानव दिवस सृजन लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आगामी दो दिनों के भीतर शेष लक्ष्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया तथा प्रतिदिन 19 हजार मानव दिवस सृजित करने पर जोर दिया।समीक्षा के दौरान पाया गया कि मनरेगा के तहत संपादित कार्यों का अब तक लगभग 60 प्रतिशत भुगतान ही हो सका है। इस पर डीएम ने लंबित भुगतान का शीघ्र निष्पादन कर शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बिरौल एवं गौड़ाबौराम प्रखंड में मनरेगा के अंतर्गत निर्मित पशु शेड की भी समीक्षा की गई। कार्यों की गुणवत्ता एवं वास्तविक स्थिति की जांच के लिए जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय जांच टीम गठित करने का निर्देश दिया। अंत में डीएम ने सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करने तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति करने के निर्देश दिए।

## भारत-नेपाल सीमा पर 200 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, नेपाली मुद्रा व दो बाइक बरामद

● एसएसबी, बिहार पुलिस व बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई, मालदा से मादक पदार्थ लाकर नेपाल में खपाने का खुलासा

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर, बिहार पुलिस एवं बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 ग्राम ब्राउन शुगर, 1.59 लाख नेपाली मुद्रा, दो मोटरसाइकिल एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए है। इस मामले में तीन भारतीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।विश्वसनीय सूचना के आधार पर गठित संयुक्त टीम ने सीमा चौकी बेतौन्हा क्षेत्र के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब तीन किलोमीटर अंदर भारतीय क्षेत्र स्थित खैरामठ दक्षिण वार्ड में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से 200 ग्राम ब्राउन शुगर, नेपाली मुद्रा, दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। मौके पर ड्रग डिटेक्शन किट एवं नार्को डॉग स्क्वाड से जांच के बाद बरामद पदार्थ के ब्राउन शुगर होने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार आरोपियों में दो व्यक्ति जयनगर थाना क्षेत्र के खैरामठ गांव तथा एक व्यक्ति कमलाबाड़ी गांव का निवासी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि ब्राउन शुगर पश्चिम बंगाल के मालदा क्षेत्र से मंगाई जाती थी और भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में छोटे-छोटे पैकेट बनाकर नेपाल के ग्राहकों तक पहुंचाई जाती थी। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। संयुक्त टीम ने जब्त मादक पदार्थ, नेपाली मुद्रा, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं गिरफ्तार आरोपितों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जयनगर थाना को सौंप दिया है। 48वीं वाहिनी एसएसबी, जयनगर के कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने संयुक्त अभियान में शामिल सभी अधिकारियों एवं जवानों की सराहना करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी, नकली भारतीय मुद्रा, हथियार तथा अन्य सीमा पार अपराधों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने सीमा क्षेत्र के लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा एजेंसियों या स्थानीय पुलिस को देने की अपील की।

## विधायक ने बहेड़ी बायपास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, चार माह में पूरा होने का दिया निर्देश



बेनीपुर (दरभंगा)। बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने मंगलवार को निमार्णाधीन बहेड़ी बायपास सड़क का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अभियंताओं एवं संवेदक से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली और समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अभियंताओं ने बताया कि बायपास सड़क का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और शेष एक बड़े पुल का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि अगले चार माह के भीतर पूरी परियोजना पूर्ण कर ली जाएगी। साथ ही सड़क पर आवागमन शुरू हो चुका है, जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। विधायक प्रो. चौधरी ने कहा कि बहेड़ी बायपास बनने से न केवल बहेड़ी, बल्कि उत्तर बिहार के कई जिलों के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे बहेड़ी बाजार में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी और वाहनों का आवागमन मुख्य बाजार से बाहर होकर सुगमता से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बेनीपुर एवं बहेड़ी बायपास के साथ-साथ माधोपुर से धेरुक तक नए बायपास तथा एसएच-88 पर बेनीपुर दुर्गा मंदिर के समीप ओवरब्रिज की स्वीकृति दिलाकर क्षेत्र में जाम की समस्या के स्थायी समाधान का प्रयास किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीओ अखिलेश कुमार, कनीय अभियंता देवा चौधरी, संवेदक सिकंदर कुमार, युवा जदयू जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह सहित कई अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आपदा पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता : प्रो विनय चौधरी

### पीड़ित परिवारों को विधायक ने सौंपे चार-चार लाख रुपये के राहत राशि के चेक

प्रात: किरण संवाददाता



बहेड़ी(दरभंगा)। बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने मंगलवार को प्रखंड के दो अलग-अलग गांवों में आपदा पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राहत राशि के चेक प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और सरकार हर संकट की घड़ी में लोगों के साथ खड़ी है। विधायक ने बनडुहली निवासी खुशबू कुमारी को चार लाख रुपये का चेक सौंपा। उनके पुत्र आदर्श कुमार की 9 जुलाई को पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। वहीं पकड़ी निवासी सुरेश लाल देव को भी चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। उनकी पत्नी इनर देवी की 15 जुलाई को वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस अवसर पर विधायक ने लोगों से आपदा से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि वज्रपात के दौरान खुले स्थानों से दूर रहें तथा बच्चों को तालाब और गहरे जलाशयों के पास न जाने दें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आपदा पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाना है और सूचना मिलने के एक माह के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने पीड़ित परिवारों से राहत राशि का सदुपयोग बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्यों में करने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कोई बिचौलिया राहत राशि के नाम पर रिश्वत मांगता है तो इसकी सूचना अंचल अधिकारी अथवा उन्हें दें, ताकि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मनोज लालदेव, जदयू युवा जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह,अंचल नाजिर संजीत कुमार, राजस्व कर्मचारी बैद्यनाथ कुमार गजेंद्र प्रसाद सिंह,मनीष कुमार, इंद्रलालदेव,राम शंकर मंडर, संतोष साह,राजकुमार सिंह,विपिन भगत, राजकुमार यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दरभंगा एयरपोर्ट पर जल्द शुरू होगी नाइट लैंडिंग सुविधा, रक्षा मंत्रालय ने पूरी की तैयारी : सांसद



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा सहित पूरे मिथिला क्षेत्र के लिए राहत भरी खबर है। स्थानीय सांसद एवं दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने बताया कि दरभंगा एयरपोर्ट पर बहुप्रतीक्षित नाइट लैंडिंग सुविधा शुरू करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। अब विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों द्वारा उड़ानों का शेड्यूल जारी होते ही नाइट लैंडिंग सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी। सांसद ने बताया कि इस सुविधा को जल्द शुरू कराने के लिए वे लगातार प्रयासरत थे। दो दिन पूर्व उन्होंने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात कर इस संबंध में विशेष आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री ने तत्काल सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया था, जिसका परिणाम अब सामने आया है। डॉ. ठाकुर के अनुसार रक्षा मंत्रालय और भारतीय वायुसेना की ओर से नाइट लैंडिंग के लिए सभी तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नाइट फ्लाइट सेवा शुरू होने से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद सहित अन्य शहरों के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यापार, पर्यटन, उद्योग और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा तथा मिथिला क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी को नया आयाम प्राप्त होगा।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई 162 लीटर नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

### 540 बोतल नेपाली शराब व मोटरसाइकिल जब्त, देवधा थाना को सुपुर्दगी की प्रक्रिया जारी

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर ने मंगलवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लीटर नेपाली शराब, एक मोटरसाइकिल जब्त की तथा एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, ह्यएफह्न समवाय, वाह्य सीमा चौकी उशराही की गश्ती टीम 04 अगस्त की सुबह करीब 7:55 बजे सीमा स्तंभ संख्या 271/4 से लगभग एक किलोमीटर भारतीय क्षेत्र में कमला नहर स्थित बांस पुलिया के समीप गश्त कर रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार भारतीय सीमा में प्रवेश करता दिखाई दिया। संदेह होने पर एसएसबी जवानों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर लदी बोरियों से 300-300 मिलीलीटर की 540 बोतल नेपाली सोफी (गौरव) शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 162 लीटर है। साथ ही शराब ढोने में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या- बी आर 32 के 5824) भी जब्त कर ली गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुआर निवासी एक भारतीय नागरिक के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि बरामद शराब नेपाल के इनरवा क्षेत्र से लाई गई थी और भारत में इसकी आपूर्ति की जानी थी। मामले में तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एसएसबी ने जब्त शराब, मोटरसाइकिल तथा गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई पूरी कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए देवधा थाना, मधुबनी को सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 48वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने इस कार्रवाई में शामिल जवानों की सराहना करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर शराब, मादक पदार्थ, हथियार, नकली भारतीय मुद्रा तथा अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध एसएसबी पूरी सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ अभियान चला रही है। उन्होंने सीमा क्षेत्र के लोगों से भी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल एसएसबी या स्थानीय पुलिस को देने की अपील की, ताकि सीमा क्षेत्र को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाया जा सके।

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, मादक पदार्थ व प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### 27 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप, नशीली गोलिया कैप्सूल, भारतीय-नेपाली मुद्रा व मोटरसाइकिल जब्त

● एक भारतीय और एक नेपाली नागरिक पकड़े गए

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों एवं प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर को बड़ी सफलता मिली है। ह्यसीह्न समवाय, पीपरौन के जवानों ने जटही चेक पोस्ट के निकट सीमा स्तंभ संख्या 284/35 से करीब 50 मीटर भारतीय क्षेत्र में विशेष गश्ती के दौरान एक भारतीय और एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से प्रतिबंधित कफ सिरप, नशीली गोलियां, कैप्सूल, भारतीय एवं नेपाली मुद्रा तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई ।एसएसबी के अनुसार, विश्वसनीय सूचना के आधार पर विशेष गश्ती दल ने मंगलवार अपराह्न लगभग 3:45 बजे संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। तलाशी के दौरान 27 बोतल ओनेरेक्स कफ सिरप (100 एमएल), 40 आई-पैम 10 एमजी टैबलेट, 24 स्पास्मो-प्रॉक्सीवॉन कैप्सूल, 800 रुपये भारतीय मुद्रा, 20,020 नेपाली रुपये तथा एक टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (बीआर32एबी6435) बरामद की गई। इसके बाद दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर जब्ती की कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। प्रारंभिक जांच में प्रतिबंधित दवाओं की अवैध तस्करी से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है। जांच एवं कानूनी प्रक्रिया को देखते हुए गिरफ्तार व्यक्तियों की विस्तृत पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है ।एसएसबी ने बताया कि बरामद सामग्री, मोटरसाइकिल एवं दोनों गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है ।48वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने कार्रवाई में शामिल जवानों की सराहना करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थ, प्रतिबंधित दवाओं, शराब, हथियार, नकली भारतीय मुद्रा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध एसएसबी का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से भी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत एसएसबी या स्थानीय पुलिस को देने की अपील की।

## सकरी चीनी मिल के पुनरुद्धार का सपना साकार होने की ओर : विधायक

● 20 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे आधारशिला, 347.76 करोड़ की परियोजना से मिलेगा रोजगार और किसानों को लाभ

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। मधुबनी सकरी चीनी मिल के पुनरुद्धार की दिशा में वर्षों से लंबित सपना अब साकार होने की ओर बढ़ रहा है। मधुबनी विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता विधायक दल माधव आनंद ने मंगलवार को सकरी चीनी मिल परिसर का निरीक्षण कर परियोजना की तैयारियों का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान विधायक माधव आनंद ने कहा कि सकरी चीनी मिल का पुनरुद्धार केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि किसानों, युवाओं और क्षेत्र की जनता से किए गए संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए वादे को उन्होंने अपना संकल्प माना और सदन से लेकर संबंधित विभागों तक लगातार इस मुद्दे को उठाया। अब परियोजना के धरातल पर उतरने से उन्हें संतोष की अनुभूति हो रही है ।उन्होंने बताया कि आगामी 20 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सकरी चीनी मिल पुनरुद्धार परियोजना की आधारशिला रखेंगे। लगभग 347.76 करोड़ की लागत से बनने वाली इस परियोजना में इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल), नई दिल्ली की भागीदारी होगी। जानकारी के अनुसार, लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली चीनी मिल की प्रारंभिक क्षमता 3,500 टन प्रतिदिन (टीसीडी) होगी, जिसे भविष्य में 5,000 टीसीडी तक विस्तारित किया जा सकेगा। परियोजना में सह-विद्युत उत्पादन इकाई की भी व्यवस्था प्रस्तावित है ।विधायक माधव आनंद ने कहा कि मिल के शुरू होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों को अपनी उपज का बेहतर बाजार मिलेगा तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे सकरी सहित आसपास के क्षेत्रों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिस परिसर की चिमनी वर्षों से शांत है, वहां फिर से उत्पादन शुरू होने के साथ किसानों की उम्मीद, युवाओं के रोजगार और मधुबनी के औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। विधायक ने सकरी चीनी मिल के पुनरुद्धार से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो, किसानों, कर्मचारियों एवं संबंधित संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह परियोजना केवल सकरी ही नहीं, बल्कि पूरे मिथिलांचल के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# रक्तदान क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विक्की मंडल सम्मानित

● मिथिला सेवा सम्मान से नवाजे गए, हजारो जरूरतमंदो तक पहुंचा चुके है रक्त

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए अयाची नगर युवा फाउंडेशन के संस्थापक विक्की मंडल को ह्यमिथिला सेवा सम्मानह्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समस्तीपुर में ब्लड फोर्स द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें मोमेंटो एवं अंगवस्त्र प्रदान कर दिया गया ।अयाची नगर युवा फाउंडेशन मधुबनी जिले में रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय अग्रणी संस्थाओं में शामिल है। संस्था द्वारा जिले में सबसे अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं। वर्तमान में संस्था से लगभग 2,000 सक्रिय रक्तदाता जुड़े हैं, जो आवश्यकता पड़ने पर निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता करते हैं। संस्था के माध्यम से अब तक हजारों यूनिट रक्त जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा चुका है ।संस्था की एक सराहनीय पहल यह भी है कि इसके सदस्य अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के नाम रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हैं। इस पहल को समाज में व्यापक सराहना मिल रही है ।सम्मान प्राप्त करने के बाद विक्की मंडल ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि संस्था से जुड़े सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियोके समर्पण और सेवा भावना का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्था अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करती रहेगी तथा जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## सशस्त्र सीमा बल ने 90 किलो यूरिया खाद के साथ नेपाली नागरिक को पकड़ा



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 90 किलोग्राम यूरिया खाद एवं एक साइकिल के साथ एक नेपाली नागरिक को हिरासत में लिया। एसएसबी के अनुसार, ह्यजीह्न समवाय, बाह्य सीमा चौकी सीमराही को मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर विशेष गश्ती दल का गठन किया गया। लगभग 12:50 बजे सीमा स्तंभ संख्या 275/1 से करीब 20 मीटर भारतीय क्षेत्र में एक व्यक्ति साइकिल पर प्लास्टिक की बोरियों में सामान लेकर नेपाल की ओर जाता दिखाई दिया। संदेह होने पर जवानों ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन बोरियों में कुल 90 किलोग्राम यूरिया खाद तथा परिवहन में प्रयुक्त एक हरे रंग की साइकिल बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह यूरिया खाद भारत के छतौनी क्षेत्र से खरीदकर नेपाल के धनुषा जिले स्थित अपने गांव चिकना ले जा रहा था। एसएसबी ने बरामद यूरिया खाद, साइकिल एवं हिरासत में लिए गए नेपाली नागरिक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर अग्रिम कार्रवाई के लिए स्थलीय सीमा शुल्क (एलसीएस), जयनगर को सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ।48वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने कार्रवाई में शामिल जवानों की सराहना करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर खाद, उर्वरक, मादक पदार्थ, शराब, नकली भारतीय मुद्रा एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी रोकने के लिए एसएसबी पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल एसएसबी अथवा स्थानीय प्रशासन को देने की अपील की।

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 10 अगस्त को समस्तीपुर में जेल भरो आंदोलन: विधायक

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर /समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत साखमोहन के मामापुल चौक के पास आयोजित माकपा की आम बैठक में विधायक अजय कुमार ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ग्रामीणों से आगामी 10 अगस्त को समस्तीपुर में आयोजित ह्यजेल भरो आंदोलनह्न को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में जुटने का आह्वान किया ।विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में थोपा गया होल्डिंग टैक्स ब्रिटिश हुकूमत के काले कानूनों की याद दिलाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि तानाशाही सरकार गरीबों का हक छीन रही है; अकेले साखमोहन में 150 और पूरे विभूतिपुर में करीब 4500 गरीबों के नाम राशन कार्ड से काट दिए गए हैं। इसके खिलाफ कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) देशव्यापी आंदोलन करेगी ।बैठक में दक्षिणी लोकल कमिटी के अंचल मंत्री मिथलेश सिंह ने भी आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। सभा का संचालन रामपुकर शर्मा ने किया। मौके पर रामनारायण पासवान, राम बाबू यादव, दुलारचंद पासवान, सेवक पासवान, रामचंद्र महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए मिशन मोड में कार्य करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अभियान की वर्तमान स्थिति, टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग, उपचार, पोषण सहायता तथा अन्य संबंधित बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 11,66,615 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए अभियान को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने नेतृत्व में टीबी मरीजों की नियमित पहचान, आवश्यक स्वास्थ्य जांच, उपचार की सतत निगरानी तथा मरीजों को पोषण एवं अन्य आवश्यक जरूरतों का आकलन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संभावित एवं चिन्हित मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।बैठक में जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर को निर्देश दिया कि टीबी मुक्त भारत अभियान की नियमित मॉनिटरिंग, प्रखंडवार समीक्षा एवं निर्धारित लक्ष्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।जिलाधिकारी ने टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट के नियमित वितरण पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र मरीजों को निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर पोषण सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि टीबी के सफल उपचार में दवाओं के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए किसी भी मरीज को पोषण सहायता से वंचित नहीं रहने दिया जाए।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पूर्ण गंभीरता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दें।बैठक में सिविल सर्जन सहित स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तरीय संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने की हर घर तिरंगा अभियान की तैयारों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर कुमार गौरव ने समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने तथा अधिकतम जन-भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनसहभागिता का महाअभियान है, जिसे जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाया जाना चाहिए।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त, 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा। कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करना, अधिकाधिक घरों एवं संस्थानों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराना, जनभागीदारी को बढ़ावा देना, वंदे मातरम् के 150वें वर्ष का व्यापक आयोजन करना तथा फ्लैग कोड के नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वंदे मातरम्ह्वके 150वें वर्ष विषय पर क्विज प्रतियोगिता, चर्चा-परिचर्चा एवं राष्ट्रभक्ति आधारित गतिविधियों तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ हो। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत एवं वार्ड स्तर तक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा प्रत्येक नागरिक को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाए। आईसीडीएस के माध्यम से भी आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि अभियान गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के विशेष प्रावधान के तहत प्रत्येक प्रखंड में लगभग 4,000 राष्ट्रीय ध्वजों की खरीद की जाएगी। इन ध्वजों का वितरण ग्राम पंचायतों, जीविका स्वयं सहायता समूहों, प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा।

# डीएम ने की नये राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। इसमें जिले में राशन कार्ड निर्माण की अद्यतन स्थिति, प्राप्त आवेदनों की जांच, निष्पादन तथा पंचायत स्तर पर संचालित विशेष शिविरों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को माइक्रो प्लान के अनुसार मिशन मोड में कार्य कर निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया कि जिले को 86,175 नए राशन कार्डों के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है, जिसके विरुद्ध अब तक 99,532 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार जांच एवं सत्यापन कर निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पात्र लोगों को समय से राशन कार्ड उपलब्ध हो सके। उन्होंने इसके लिए पंचायत स्तरों पर शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि राशन कार्ड हेतु ऑफलाइन प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर उन्हें अविलंब ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार तकनीकी अथवा प्रक्रियागत कारणों से योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी एवं पश्चिमी), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जन सरोकार के मुद्दे पर पदयात्रा करेगी भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मीनापुर अंचल परिषद् की बैठक मानिकपुर स्थित पार्टी कार्यालय जुब्बा सहनी स्मारक भवन में साथी राम एकबाली राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा राज्य की सम्राट सरकार की बुलडोजर राज तथा एनकाउंटर के खिलाफ 9 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक पदयात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। पदयात्रा 9 अगस्त को मानिकपुर से शुरू होगा और 14 अगस्त को कोइली में समापन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान चांदपरना चौक, गंज बाजार, खेमाईपट्टी, अली नेउरा, बनघारा, बलुआ बाजार, सुरजन पकड़ी, टेंगरारी बाजार, छपरा चौक, डेरा चौक, बिशनपुर बाजार, टेंगराहा बाजार, सिवाईपट्टी में सभा किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान पार्टी शाखाओं की विस्तारित बैठक किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान 01 सितम्बर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित बदलाव जरुरी है - रैली की सफलता के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक को पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, राज्य परिषद् सदस्य जगदीश गुप्ता, अंचल सचिव शिवजी प्रसाद, भिखारी प्रसाद यादव, राम किशोर शर्मा, लक्ष्मीकांत, रामचन्द्र झा, नगीना प्रसाद, दरोगा प्रसाद, जंगी लाल प्रसाद, शालीग्राम प्रसाद,बासुदेव सिंह, जगदीश शर्मा, यशवंत प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नर्तकी का शव फंदे से लटकता मिला

मुजफ्फरपुर। जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित शुक्ला रोड रेड लाइट एरिया मे एक किराए के मकान से नर्तकी का शव फंदे से झूलता हुआ बरामद हुआ है। मृतका की पहचान मुस्कान कुमारी के रूप में हुई है, जो पिछले 5 वर्षों से यहां रहकर नाच-गाने का काम करती थी। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए टाउन डीएसपी-1 सुरेश कुमार और एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल की टीम ने मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतका मुस्कान कुमारी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ की रहने वाली थी।

# आर्यकुमार पुस्तकालय चुनाव ने पकड़ी रफ्तार विभिन्न पदो के लिए पहले दिन हुआ नामांकन

मधुबनी। जयनगर स्थित आर्यकुमार पुस्तकालय में वर्षो से लंबित चुनावी प्रक्रिया अब गति पकड़ चुकी है। वर्ष 1975 में पुस्तकालय के उपविधि (बायलॉज) बनने के बाद पहली बार आमसभा के उपरांत लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराया जा रहा है। लंबे समय से रुकी इस प्रक्रिया के शुरू होने को पुस्तकालय के लिए महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस पहल का श्रेय पुस्तकालय के पदेन अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के प्रयासों को दिया जा रहा है। सोमवार को नामांकन के प्रथम दिन विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। टीम पुस्तकालय के सदस्यों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से नियमित एवं लोकतांत्रिक चुनाव कराने की मांग लगातार उठाई जा रही थी। करीब चार घंटे तक चली नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें टीम पुस्तकालय के सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र जमा किए। सचिव पद के लिए अंकित बंका, उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ. अशोक कुमार प्रसाद एवं शिवम कुमार चौधरी, संयुक्त सचिव पद के लिए शिवम कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए रामवीर यादव ने नामांकन दाखिल किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए रूपेश कुमार साह, सोनू कुमार गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, राम सोगारथ कुमार, आशू आर्यन, इंजीनियर आनंद कुमार, परमवीर कुमार, पीयूष कुमार, संतोष कुमार शर्मा, शीतल कुमार चौधरी एवं अंशुमन मुरारका ने भी अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। टीम पुस्तकालय के सदस्यों ने बताया कि चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ पिछले कई महीनों से पुस्तकालय एवं मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कचरा हटाने, मिट्टी एवं बालू भराई, झाड़-झंखाड़ की सफाई, नालों की मरम्मत तथा परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया।

# 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 की तैयारी तेज

मुजफ्फरपुर। बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 के आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला शिक्षा विभाग और साइंस फॉर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 6 अगस्त को सुबह 10 बजे राजकीय जिला स्कूल के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में जिले के सभी सरकारी एवं सीबीएसई मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर स्थानीय समस्याओं के समाधान से जुड़े प्रोजेक्ट तैयार करने की जानकारी दी जाएगी। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय ह्लनिरंतरता के लिए विज्ञान एवं नवाचारह्व रखा गया है। प्रतियोगिता में 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतिभागियों को दो आयु वर्ग—10 से 14 वर्ष तथा 14 से 17 वर्ष—में विभाजित किया गया है। आयु की गणना 31 दिसंबर 2026 के आधार पर की जाएगी। साथ ही प्रतियोगिता में कम से कम 50 प्रतिशत प्रतिभागियों का ग्रामीण क्षेत्रों से होना अनिवार्य रखा गया है। विद्यालयों को 200 रुपये अंशदान शुल्क जमा करना होगा। मार्गदर्शक शिक्षकों की देखरेख में छात्र 500 रुपये की लागत सीमा के भीतर नवीन वैज्ञानिक प्रोजेक्ट तैयार करेंगे। जिला स्तर पर चयनित प्रोजेक्ट 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक बेगूसराय स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शिक्षा विभाग ने जिले के सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि वे विज्ञान शिक्षकों एवं पात्र छात्र-छात्राओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

# कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिनों तक चलेगा शोध प्रतिवेदन की प्रस्तुति

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने निर्णय लिया है कि पीएचडी के शोध प्रतिवेदन (सिनाप्सिस प्रेजेंटेशन) अब कुलपति और बाह्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में ही प्रस्तुत किये जायेंगे। इसी सिलसिले में चार अगस्त से छह अगस्त तक विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के पीएचडी छात्र विद्यापति संभागार में अपना शोध प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी डीन , प्रोफेसर और पीएचडी पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं । चार अगस्त को शोध प्रतिवेदन की प्रस्तुति लगभग रात नौ बजे तक चलती रही। आज भी देर शाम तक प्रस्तुति चलने की संभावना है। कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा पीएचडी शोध विश्वविद्यालय और कृषि के समन्वित विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सभी वैज्ञानिकों के शोध की स्वीकृति अनुसंधान परिषद की कार्यवाही में होती है और उस कार्यवाही को पिछले चार साल में उत्कृष्ट कर दिया गया है। पीएचडी शोध के स्तर को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक लाने के लिए सभी यह योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि सभी अनुसंधान का उद्देश्य किसान और समाज की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शोध प्रतिवेदन की स्वीकृति मे बाह्य विशेषज्ञ और अन्य वैज्ञानिकों की एकमत राय काफी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना एक मुकाम हासिल कर सके और इसके लिए पीजी और पीएचडी शोध के स्तर को भी उत्कृष्ट करना आवश्यक है। शोध प्रतिवेदन प्रस्तुति के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा ने कहा कि कुलपति पीजी और पीएचडी के शोध को लेकर काफी उत्साहित हैं और उनका स्पष्ट निर्देश है कि शोध में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पीएचडी शोध प्रतिवेदन प्रस्तुति में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में भाग ले रहे डॉ आर बी तिवारी ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय देश भर में पहला विश्वविद्यालय है जिसके पीजी और पीएचडी के शोध प्रतिवेदन में भी कुलपति उपस्थित रहते है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि कुलपति डॉ पांडेय शोध की गुणवत्ता को लेकर कितने सचेत हैं उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को प्रशस्ति दिलाने के लिए शोध एक महत्वपूर्ण आयाम है और जिस तरह से डा पांडेय शोध की गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर काम कर रहे हैं उससे लगता है कि अगले दो से तीन वर्षों में विश्वविद्यालय निश्चित रूप से अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त कर लेगा। कार्यक्रम के दौरान निदेशक शोध डॉ ए के सिंह, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर बिहार में 5 दिनों तक मेघ गर्जन और बज्रपात की संभावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।उत्तर बिहार में 5 से 9 अगस्त तक मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के आसार हैं। किसानों को सतर्क रहने की सलाह डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्याल की ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी 5 से 9 अगस्त तक के मौसम पूवार्नुमान में उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात तथा तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों से मौसम को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्य करने की अपील की है। पूवार्नुमान के अनुसार वैशाली, मधुबनी, शिवहर, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा और मुजफ्फरपुर जिलों में 5 से 7 अगस्त के बीच मेघगर्जन एवं वज्रपात की आशंका अधिक रहेगी, जबकि अन्य जिलों में भी पूरे पूवार्नुमान अवधि के दौरान ऐसी परिस्थितियां बन सकती हैं। इस दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। वहीं 5 अगस्त के आसपास सीवान, शिवहर, सीतामढ़ी तथा पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान 30 से 36 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए मौसम साफ रहने पर अनुशंसित खरपतवारनाशी का छिड़काव करें। मिश्रीकंद की बुआई के लिए अच्छी जल निकासी वाली ऊँची भूमि का चयन करें तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें। खरीफ प्याज की रोपाई अगस्त माह में पूरी कर लेने, पौधशाला को खरपतवार मुक्त रखने और शेड नेट का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

# बागमती के बढ़ते जलस्तर से 14 पंचायतों का संपर्क टूटा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बागमती नदी के जलस्तर में अचानक हुई वृद्धि से गायघाट प्रखंड के कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बाढ़ के पानी के कारण बसघट्टा, लाखनपुर, पहसौल, खंगुराडीह, नगबारा, चंगेल, कटाई, यजुआर मध्य, यजुआर पूर्वी, यजुआर पश्चिम, बेलपकौना, बंधपुरा बर्री और तेहबारा समेत कुल 14 पंचायतों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क टूट गया है।सड़क संपर्क बाधित होने के कारण लोगों को अब प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए बेनीबाद, जारंग और भुसरा होकर लंबा और वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। इधर, बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पीपा पुल से वाहनों का परिचालन फिलहाल बंद कर दिया गया है। पीपा पुल संचालक अरुण सिंह ने बताया कि नदी का जलस्तर सामान्य होने के बाद ही मोटरसाइकिलों का परिचालन दोबारा शुरू किया जाएगा। सोमवार शाम जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी के बाद बाकुची, पतारी, अंदामा, नवादा, गंगेया, बर्री, भवानीपुर और माधोपुर समेत कई गांवों में बाढ़ की आशंका गहरा गई है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोग लगातार नदी के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। स्थानीय निवासी सीताराम कमती, श्याम महतो और पूर्व मुखिया राम सकल भारत ने बताया कि सड़क संपर्क टूटने से सबसे अधिक परेशानी बीमार और जरूरतमंद लोगों को होगी। आपात स्थिति में मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना मुश्किल हो सकता है। वहीं, अंचलाधिकारी सुशीला कुमारी ने बताया कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जिला प्रशासन को भी स्थिति से अवगत करा दिया गया है । किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

# बेनीबाद के चर्चित अयान हत्याकांड में 6 महीने बाद भी अबतक कोई गिरफ्तारी नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के शिवदाहा बरैल गांव में पांच वर्षीय अयान की हत्या के चर्चित मामले में छह महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। हालांकि, बेनीबाद थाना प्रभारी राजकुमार गौतम के निर्देश पर पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है। इसी क्रम में कटरा थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की गई, लेकिन अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि 8 फरवरी को पांच दिनों से लापता पांच वर्षीय अयान का शव उसके घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर मस्जिद के समीप स्थित एक पोखर से बरामद हुआ था। मृतक की पहचान शिवदाहा बरैल निवासी मोहम्मद जुबैर के पुत्र अयान के रूप में हुई थी। मासूम का शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे गांव में मातम छा गया था। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया था। छह महीने बाद भी मामले में किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन न्याय की आस लगाए बैठे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश लगातार जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# किराए के मकान में युवक का शव फंदे से लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र स्थित चुना भट्ठी रोड में मंगलवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव किराए के मकान में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गायघाट थाना क्षेत्र के परसामा गांव निवासी ललन ठाकुर (25) के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी अल्का कुमारी के साथ चुना भट्ठी रोड स्थित एक किराए के मकान में रहता था। परिजनों के अनुसार, कुछ समय पहले ललन की आंख का ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद वह काम करने में असमर्थ था और घर पर ही रह रहा था। परिवार का खर्च उसकी पत्नी घरों में चौका-बर्तन का काम कर चलाती थी। बताया जा रहा है कि बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के कारण पति-पत्नी के बीच अक्सर तनाव रहता था। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह पड़ोस में साइकिल चोरी को लेकर हुए विवाद के दौरान ललन बीच-बचाव करने पहुंचा था। इसी बीच उसकी पत्नी ने उसे घर लौटने के लिए कहा। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसे स्थानीय लोगों ने शांत कराया। इसके बाद पत्नी रोज की तरह काम पर चली गई। उसके जाने के बाद ललन ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जब पत्नी वापस लौटी तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों की मदद से खिड़की से देखने पर ललन का शव फंदे से लटका मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मिठनपुरा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एटीएम में कार्ड फंसा, साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 50 हजार रुपये

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही चौक स्थित एक एटीएम में डेबिट कार्ड फंसने के बाद साइबर ठगों ने खबरा निवासी रामलखन कुमार के खाते से 50 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान में जुटी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह गोबरसही चौक स्थित एटीएम से रुपये निकालने गए थे। लेनदेन के दौरान उनका डेबिट कार्ड मशीन में फंस गया। काफी प्रयास के बावजूद कार्ड बाहर नहीं निकला। इसी दौरान एटीएम कक्ष की दीवार पर मार्कर से लिखा एक मोबाइल नंबर देखकर उन्होंने उसे हेल्पलाइन समझकर कॉल किया। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने उन्हें मशीन में कैंसिल और एंटर बटन दबाने की सलाह दी, लेकिन कार्ड फिर भी बाहर नहीं निकला। इसके बाद शातिर ने खुद को मददगार बताते हुए कहा कि वह मशीन ऑपरेटर को भेज रहा है और पीड़ित को पास के एक बैंक के निकट आने के लिए कहा। रामलखन वहां पहुंचे, लेकिन कोई नहीं मिला। इसी बीच उनके मोबाइल पर खाते से रुपये निकासी के लगातार संदेश आने लगे। ठगों ने 10-10 हजार रुपये की पांच ट्रांजैक्शन कर कुल 50 हजार रुपये निकाल लिए।पीड़ित द्वारा सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

# मोतीपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

मुजफ्फरपुर।मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर स्थित मोतीपुर रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक रेलवे ट्रैक पार करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और रेल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सकरा के बरियारपुर थाना क्षेत्र की एक किशोरी की इलाज के दौरान मौत हो जाने की खबर है। परिजनों ने किशोरी के प्रेमी पर बहला-फुसलाकर कार से ले जाने, दुष्कर्म करने और नशीला पदार्थ खिलाकर सड़क किनारे छोड़ देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिजनों के अनुसार, बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को उसका प्रेमी कार से अपने साथ ले गया। आरोप है कि वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया और बाद में उसे नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में सकरा थाना क्षेत्र के एक गांव के पास सड़क किनारे छोड़ दिया गया। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे बेसुध हालत में पड़ी किशोरी को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर बरियारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान होने के बाद परिजनों को जानकारी दी गई। परिजन किशोरी को गंभीर अवस्था में मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया। हालांकि इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। बरियारपुर और सकरा थाना पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी तक परिजनों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भारत बंद के आह्वान पर मुजफ्फरपुर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने अधिकारियों को जारी किया सतर्कता का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आज कथित भारत बंद के आह्वान को लेकर मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिला दंडाधिकारी कुमार गौरव ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों , अंचलाधिकारियों और थानाध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित एक कथित आह्वान के अनुसार 5 अगस्त को भारत बंद की घोषणा की गई है। इसे देखते हुए जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। प्रशासन के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेशों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण, कॉलेजियम प्रणाली, मंदिरों में कथित आरक्षण, क्रिकेट में आरक्षण तथा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रोफेसरों के लिए आरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख किया गया है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखें, अफवाहों पर तत्काल कार्रवाई करें तथा किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित न होने दें। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी अपुष्ट या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें और शांति एवं सौहार्द बनाए रखें।

# बिना सूचना लंबी अनुपस्थिति के कारण प्रशिक्षु सिपाही बर्खास्त

मुजफ्फरपुर । एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर, लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित चल रही प्रशिक्षु महिला सिपाही सोनी कुमारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सोनी कुमारी मूल रूप से मुंगेर जिले की निवासी हैं।पुलिस कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षु महिला सिपाही सोनी कुमारी 06 अक्टूबर 2022 से मुजफ्फरपुर जिला बल में अपने कार्यस्थल से लगातार अनुपस्थित थीं। बताया गया है कि यह कार्रवाई कानून के प्रावधानों के तहत निर्धारित पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई है। पुलिस प्रशासन ने महिला सिपाही को कर्तव्य पर लौटने और अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए विभिन्न माध्यमों से कई बार पत्राचार किया था। इन पत्राचारों के बावजूद, सोनी कुमारी काम पर उपस्थित नहीं हुईं। उनकी लगातार अनुपस्थिति के कारण उन पर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई और उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

## आंदोलन पूरी तरह से छात्रों और युवाओं का

नीट पेपर लीक के खिलाफ जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन और सोनम वांगचुक की 26 दिन तक चली भूख हड़ताल की तुलना 2011 के अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से की जा रही है। ऊपर से देखने पर लगेगा कि वैसा ही आंदोलन है। इससे पहले हुए किसी दूसरे आंदोलन से भी इसकी तुलना की जा सकती है। कह सकते हैं कि छात्र और नौजवान वैसे ही उद्वेलित हुआ, जैसे 2012 में निर्भया कांड के समय था। ऊपरी तौर पर इसकी तुलना पिछले पांच दशक में हुए किसी भी दूसरे आंदोलन से की जा सकती है। जेपी के आंदोलन से भी तुलना कर सकते हैं तो मंडल, मंदिर, किसान, शाहीन बाग, पाटीदार या मराठा आंदोलन के कुछ कुछ तत्व इस आंदोलन में भी तलाशे जा सकते हैं। लेकिन थोड़ी बारीकी से देखेंगे तो पता चलेगा कि यह आंदोलन अब तक हुए सभी आंदोलनों से कई मायने में भिन्न है। इस आंदोलन की सबसे बड़ी पहचान है कि इसमें किसी तरह की अस्मिता नहीं तलाश सकते हैं। इस लिहाज से यह जेपी और अन्ना हजारे के आंदोलन की तरह है। उन दोनों आंदोलनों में भी समाज का हर वर्ग शामिल था क्योंकि उनमें जिस चीज का विरोध किया जा रहा था वह हर वर्ग को प्रभावित करने वाली थी। बाकी आंदोलनों में किसी न किसी तरह की अस्मिता का मामला रहा है। मंडल से लेकर मराठा या पाटीदार आरक्षण के आंदोलन में जातीय अस्मिता प्रमुख थी। मंदिर आंदोलन में भी हिंदू अस्मिता बहुत मुखर थी तो शाहीन बाग में मुस्लिम अस्मिता। निर्भया कांड के समय हुआ आंदोलन एक फ्लैश प्रोटेस्ट था, जो एक घटना से उपजा था और जल्दी ही समाप्त हो गया। उसका दायरा पूरे देश में नहीं फैला था। इन सबसे उलट नीट यूजी के पेपर लीक के खिलाफ चल रहा आंदोलन पूरी तरह से छात्रों और युवाओं का है। इसमें एक खास बात यह भी है कि कोई एक व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता है कि वह आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है। सोनम वांगचुक जरूर इस आंदोलन की नैतिक ताकत हैं लेकिन नेतृत्व उनके हाथ में भी नहीं है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके भी आंदोलन का नेतृत्व करने का दावा नहीं कर सकते हैं। ऐसे आंदोलन के अक्सर अराजक हो जाने का खतरा रहता है। परंतु यह आंदोलन इतना लंबे चलने के बावजूद अराजक नहीं हुआ। जंतर मंतर पर मोटे तौर पर शांति बनी रही। दिल्ली से बाहर दूसरे राज्यों में जरूर कुछ प्रदर्शनों में हिंसा होने की खबरें आईं लेकिन दिल्ली में पुलिस की बड़ी कार्रवाई के बावजूद शांति रही। इसका कारण यह था कि आंदोलन में असली स्टेकहोल्डर्स शामिल थे। यानी ऐसे छात्र शामिल हुए, जिनको अपना भविष्य बचाना है। वे पेशेवर नेता या प्रदर्शनकारी नहीं थे। छात्र और युवा अपने वास्तविक सरोकारों की वजह से जंतर मंतर पर पहुंचे थे। असल में शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था की गड़बडियों के खिलाफ गुस्सा काफी समय से जमा हो रहा था। यह सिर्फ अखिल भारतीय परीक्षाओं जैसे नीट यूजी या जेईई या सीयूईटी आदि का मामला नहीं है। दाखिले और नौकरी के लिए होने वाली राज्यों की प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी लगातार गड़बड़ी हो रही थी। छात्रों की सबसे बड़ी शिकायत यह है कि परीक्षाओं का कैलेंडर नहीं बना है। नियमित परीक्षाएं नहीं होती हैं। कई साल की परीक्षाओं को मिला कर एक परीक्षा होती है और उसमें भी पेपर लीक हो जाता है या परीक्षा केंद्र मैनेज करके अलग तरह की धांधली होती है। अगर पेपर लीक या परीक्षा केंद्र मैनेज होने की घटना न हो तो प्रश्न पत्र में गड़बड़ी हो जाती है, उत्तर पुस्तिका जांचने में गड़बड़ी हो जाती है या नतीजे आने में बहुत समय लग जाता है। कई साल की परीक्षा एक साल कराने की वजह से बड़ी संख्या में छात्रों की उम्र सीमा पार हो जाती है। इन सबका संचित गुस्सा जंतर मंतर पर निकला है। शिक्षा और परीक्षा की व्यवस्था में गड़बडियों से परेशान एक पूरी पीढ़ी ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया है। यह इसकी सबसे खास बात है। जिस पीढ़ी को ह्यजेन जीह्न कहा जाता है और जिसमें 14 से लेकर 29 साल तक के युवा हैं, वह पीढ़ी इस आंदोलन में सड़कों पर उतरी। यह फीगर ऑफ स्पीच नहीं है कि ये आंदोलन ह्यजेन जीह्न का। सचमुच आठवीं, नौवीं क्लास की लड़कियां, जिनकी उम्र 14 या 15 साल की है वो प्रदर्शन करने पहुंचीं। अपने क्लास की किताब लेकर लड़कियां आईं, जिन्होंने पढ़ कर सुनाया कि लोकतंत्र का क्या मतलब होता है और आज वास्तव में क्या हो रहा है। वयस्क होने से पहले की उम्र के सैकड़ों छात्र और युवा जंतर मंतर पर दिखाई दिए, जिनके चेहरे पर दृढ़ प्रतिबद्धता थी।

## आपकी सोच से भी अधिक हानिकारक है शुगर

आप किसी भी स्कूल में चारों ओर देखें तो आप पाएंगे कि बच्चे कुछ दशक पहले की तुलना में अधिक वजन वाले हो गए हैं। हालांकि बच्चों के वजन बढ़ने की समस्याओं के लिए कई कारक जिम्मेदार होते हैं, लेकिन शुगर का अत्यधिक सेवन इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार है। इसलिए, हम वयस्कों को न सिर्फ खुद के द्वारा सेवन की जाने वाली शुगर की मात्रा पर नजर रखनी है, बल्कि यह बच्चों में भी कई जटिलताएं पैदा कर सकती हैं। ऐसा क्यों होता है, आइए हम इस पर नजर डालते हैं। माता-पिता के रूप में हम, विशेष रूप से माताएं अपने बच्चों को पेट भरने से कहीं अधिक खिलाना चाहती हैं। एक आम धारणा है कि बेबी फैट अच्छा होता है। दुबला- पतला बच्चा कमजोर और यहां तक कि कुपोषित भी माना जाता है, जबकि मोटा बच्चा समृद्ध और स्वस्थ माना जाता है और इस तरह यह परिवार की वित्तीय स्थिति को भी दशार्ता है। इसके अलावा, बच्चे अपने वजन को लेकर चिंतित नहीं होते हैं बल्कि खुशी पूर्वक लापरवाह होते हैं। इसलिए, वे अपने भोजन का चयन पूरी तरह से अपने स्वाद के अनुसार करते हैं। इसलिए, जब शुगर की बात आती है, तो बच्चों के पास कोई वजह नहीं होती है कि वे इसके बारे में अधिक सोचें। यह प्रवृत्ति बच्चों को वजन बढ़ने के प्रति न सिर्फ अत्यधिक संवेदनशील बना सकती है बल्कि कम उम्र में ही उनमें कई प्रकार की बीमारियां भी पैदा कर सकती हैं। सुप्रसिद्ध जर्नल ओबेसिटी में हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन में तर्क दिया गया है कि चीनी न सिर्फ इसलिए बुरी है क्योंकि यह आपके वजन को बढ़ाती है, बल्कि यह शरीर के चयापचय में भी अधिक परिवर्तन ला सकती है। शोधकताओं ने 9 साल से 18 साल उम्र के वैसे 43 मोटे बच्चों में, जिनमें उच्च रक्तचाप या उच्च ट्राइग्लिसराइड्स (ब्लड फैट) या फैटी लीवर के मार्कर जैसी कम से कम एक अन्य चयापचय से संबंधित समस्या थी, उनमें शुगर पर प्रतिबंध के प्रभाव का अध्ययन किया। नौ दिनों तक किये गए अध्ययन के तहत, उन्हें शुगर-प्रतिबंधित आहार का सेवन कराया गया, लेकिन शुगर के लिए स्टार्च और काबोर्हाइड्रेट में प्रतिस्थापन के द्वारा उनकी कैलोरी को स्थिर रखा गया। नवें दिन के अंत में, बच्चों के औसत डायस्टोलिक रक्तचाप में 5 एमएमएचजी की कमी हुई; उनका ट्राइग्लिसराइड्स 33 प्वाइंट तक कम हो गया; उनका एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल 10 प्वाइंट तक नीचे चला गया; इंसुलिन का स्तर एक तिहाई कम हो गया और फास्टिंग ग्लूकोज और लीवर फंक्शन टेस्ट में सुधार हुआ। इसके आधार पर शोधकताओं ने निष्कर्ष निकाला कि ह्यकैलोरी सिर्फ कैलोरी नहीं होती हैह्न। कैलोरी जहां से आती है, निर्धारित करती है कि उसे शरीर में कहां जाना है। निष्कर्षों का समर्थन करते हुए, अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रीशनह्न में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि अधिक शुगर और अन्य परिष्कृत काबोर्हाइड्रेट वाले आहार के हानिकारक प्रभावों में से एक हानिकारक प्रभाव यह है कि यह आपमें टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा पैदा करता है। यदि आपको पहले से ही मधुमेह है, चाहे वह टाइप 1, टाइप 2 या गर्भावधि का मधुमेह हो, आपके आहार में बहुत ज्यादा चीनी आपके रक्त शर्करा के स्तर को स्वस्थ सीमा में रखने में रुकावट पैदा कर सकता है। फोर्टिस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के वेलनेस एवं न्यूट्रिशन कंसल्टेंट डॉ. सिमरन सैनी कहते हैं, शुगर की कैलोरी इसलिए खराब होती है क्योंकि ये वजन बढ़ाते हैं, पेट का मोटापा बढ़ाते हैं, एचडीएल के स्तर को कम करते हैं और एलडीएल के स्तर को बढ़ाते हैं, रक्त शर्करा, ट्राइग्लिसराइड्स, और उच्च रक्तचाप के स्तर को बढ़ाते हैं। इससे हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। इससे भी अधिक, शुगर आपके लीवर पर अधिक भार डाल सकती है और आपके लीचर को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा, सभी प्रकार के शुगर दंत क्षय को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, यदि आपको हर भोजन में शुगर खाने की आदत है, तो इसका मतलब है कि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली दिन में अधिकांश समय आधी क्षमता से कार्य करेगी।

# बच्चों का लापता होना समाज के लिए सबसे बड़ी चेतावनी

**हालांकि राहत की बात यह रही कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी निगरानी, ऑपरेशन मिलाप और व्यापक खोज अभियान के माध्यम से इन सभी लोगों को खोजकर उनके परिवारों से मिलाने में सफलता प्राप्त की। यह पुलिस की सक्रियता और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग का सकारात्मक उदाहरण है, लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट करता है कि बच्चों के लापता होने की घटनाएं कितनी गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं। उनकी सुरक्षा केवल उनके माता-पिता की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का दायित्व है। जब कोई बच्चा लापता होता है तो केवल एक परिवार नहीं रोता, बल्कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है। आज के समय में अपराधी पहले से कहीं अधिक संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम हो चुके हैं। वे मासूम बच्चों को अपना आसान शिकार बनाने के लिए अनेक तरीके अपनाते हैं। कभी लालच देकर, कभी धोखे से और कभी अपहरण करके बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया जाता है। जांच एजेंसियों और विभिन्न मामलों से यह सामने आया है कि अनेक बार बच्चों के लापता होने के पीछे संगठित बाल तस्करी गिरोह सक्रिय होते हैं। ये गिरोह बच्चों को भीख मंगवाने, जबरन मजदूरी कराने या अन्य शोषणकारी गतिविधियों में धकेलने का प्रयास करते हैं। कुछ मामलों में बच्चों को देश के दूसरे राज्यों या विदेशों तक भी पहुंचाया जाता है।**






**कांतिलाल मांडोत**
(लेखक)

किसी भी माता-पिता के लिए अपने बच्चे का लापता हो जाना जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी होती है। संसार का कोई भी दुःख उस पीड़ा की बराबरी नहीं कर सकता, जब एक परिवार का मासूम अचानक उसकी आंखों के सामने से गायब हो जाए। जिस घर में बच्चे की हंसी गूंजती थी, वहां पलभर में सन्नाटा छा जाता है। माता-पिता की रातों की नींद उड़ जाती है, हर दस्तक पर उम्मीद जागती है और हर फोन की घंटी उनके दिल की धड़कन बढ़ा देती है। वर्षों बीत जाने के बाद भी ऐसे परिवार अपने बच्चे के लौटने की आशा नहीं छोड़ते। यह केवल एक घटना नहीं होती, बल्कि ऐसा मानसिक और भावनात्मक आघात होता है जिसके साथ कई परिवारों को पूरी जिंदगी जीना पड़ता है। राजधानी दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के आंकड़े इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। वर्ष 2026 में केवल सात महीनों के भीतर 990 लोगों के लापता होने की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 269 बच्चे शामिल थे। केवल जुलाई महीने में ही 43 बच्चों और 124 अन्य लोगों के लापता होने की शिकायतें पुलिस तक पहुंचीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी निगरानी, ऑपरेशन मिलाप और व्यापक खोज अभियान के माध्यम से इन सभी लोगों को खोजकर उनके परिवारों से मिलाने में सफलता प्राप्त की। यह पुलिस की सक्रियता और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग का सकारात्मक उदाहरण है, लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट करता है कि बच्चों के लापता होने की घटनाएं कितनी गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं। उनकी सुरक्षा केवल उनके माता-पिता की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का दायित्व है। जब कोई बच्चा लापता होता है तो केवल एक परिवार नहीं रोता, बल्कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है। आज के समय में अपराधी पहले से कहीं अधिक संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम हो चुके हैं। वे मासूम बच्चों को अपना आसान शिकार बनाने के लिए अनेक तरीके अपनाते हैं। कभी लालच देकर, कभी धोखे से और कभी अपहरण करके बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया जाता है। जांच एजेंसियों और विभिन्न मामलों से यह सामने आया है कि अनेक बार बच्चों के लापता होने के पीछे संगठित बाल तस्करी गिरोह सक्रिय होते हैं। ये गिरोह बच्चों को भीख मंगवाने, जबरन मजदूरी कराने या अन्य शोषणकारी गतिविधियों में धकेलने का प्रयास करते हैं। कुछ मामलों में बच्चों को देश के दूसरे राज्यों या विदेशों तक भी पहुंचाया जाता है। हालांकि यह कहना उचित नहीं होगा कि हर लापता बच्चा ऐसे गिरोहों का शिकार ही होता है। कई बच्चे घर छोड़ देते हैं, कुछ रास्ता भटक जाते हैं और कुछ अन्य व्यक्तिगत या पारिवारिक परिस्थितियों के कारण लापता हो जाते हैं। इसलिए प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक होती है। लेकिन यह भी सच है कि बाल तस्करी एक वास्तविक और गंभीर अपराध है, जिसके प्रति समाज और प्रशासन दोनों को अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। बच्चों से भीख मंगवाने वाले गिरोह मानवता पर कलंक हैं। ये मासूम बच्चों का बचपन, उनकी शिक्षा और उनका भविष्य छीन लेते हैं। सड़कों, चौराहों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर भीख मांगते हुए दिखाई देने वाले कई बच्चों के पीछे मजबूरी के साथ-साथ संगठित अपराध का भी संदेह रहता है। ऐसे गिरोह बच्चों से दिनभर भीख मंगवाकर उनकी कमाई छीन लेते हैं और उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में रहने के लिए मजबूर करते हैं। इससे उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बुरी तरह प्रभावित होता है। बाल तस्करी का खतरा केवल भारत तक सीमित नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ संगठित अपराध है। अपराधी बच्चों की पहचान बदल देते हैं, उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों में भेज देते हैं और उनके परिवारों से उनका संपर्क पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। ऐसे मामलों में बच्चों को वापस लाना अत्यंत कठिन हो जाता है। यही कारण है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए सीमाओं के भीतर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सहयोग और सतर्कता आवश्यक है। दिल्ली पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन मिलाप इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जैसे ही किसी व्यक्ति या बच्चे के लापता होने की सूचना मिलती है, पुलिस तत्काल खोज अभियान शुरू करती है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मोबाइल तकनीक, सोशल मीडिया, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, ई-रिक्शा स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर तस्वीरें लगाने जैसे उपायों से लापता लोगों की तलाश की जाती है। इन प्रयासों के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवारों तक वापस पहुंच सके हैं। यह दशार्ता है कि यदि समय पर कार्रवाई हो और तकनीक का सही उपयोग किया जाए तो कई परिवारों को बिखरने से बचाया जा सकता है। इसके साथ ही समाज की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि किसी बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में देखा जाए, कोई बच्चा डरा-सहमा दिखाई दे या किसी के साथ जबरदस्ती होती नजर आए तो नागरिकों को तुरंत पुलिस को सूचना देनी चाहिए। जागरूक नागरिक अपराधियों के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच बन सकते हैं। स्कूलों में बच्चों को सुरक्षा संबंधी शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्हें यह बताया जाना चाहिए कि अजनबियों के साथ नहीं जाना है, किसी भी लालच में नहीं फंसना है और संकट की स्थिति में तुरंत परिवार या पुलिस से संपर्क करना है। माता-पिता को भी बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखना चाहिए और उनकी गतिविधियों पर संवेदनशील नजर रखनी चाहिए। सरकार को भी बाल तस्करी और बच्चों के अपहरण से जुड़े मामलों में और अधिक कठोर कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, आधुनिक तकनीक का विस्तार, त्वरित जांच, फास्ट ट्रैक अदालतों में सुनवाई तथा दोषियों को शीघ्र और कठोर दंड मिलना आवश्यक है।

# जन सुराज का उभार ने कई सवाल खड़े कर दिए

**यह जीत केवल एक विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे बिहार की राजनीति में वैकल्पिक राजनीति के उभरने के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि किसी भी चुनाव परिणाम को केवल एक कारण से समझना उचित नहीं होता है। चुनाव में उम्मीदवार की छवि, स्थानीय मुद्दे, संगठन की सक्रियता, मतदाताओं की नाराजगी, जातीय समीकरण, मतदान प्रतिशत और राजनीतिक संदेश, सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र पटना शहर का महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र रहा है। शहरी मतदाताओं, शिक्षित वर्ग, व्यापारिक समुदाय और विभिन्न सामाजिक समूहों की मौजूदगी के कारण यहां की राजनीति हमेशा अलग महत्व रखती रही है। लंबे समय तक भाजपा ने इस क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाए रखी। संगठनात्मक नेटवर्क, कार्यकताओं की सक्रियता और परंपरागत मतदाता आधार के कारण पार्टी को यहां लगातार सफलता मिलती रही। नीतिन नवीन के लगातार चुनाव जीतने से बांकीपुर को भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में गिना जाने लगा। उनके राज्यसभा जाने के बाद जब यह सीट खाली हुई तो भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि वह इस मजबूत राजनीतिक विरासत को कैसे आगे बढ़ाती है।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
(लेखक)

बिहार की राजनीति में कुछ चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं होते हैं, बल्कि वे समाज, संगठन और राजनीतिक रणनीति के भीतर छिपे कई सवालों को उजागर कर देते हैं। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम भी ऐसा ही एक राजनीतिक घटनाक्रम माना जा सकता है, जिसने केवल एक प्रत्याशी की हार-जीत तय नहीं की, बल्कि कई सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों पर चर्चा को जन्म दिया है। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के मजबूत किलों में गिना जाता रहा है। इस क्षेत्र से लगातार भाजपा के उम्मीदवारों की जीत ने यह धारणा मजबूत की थी कि यहां पार्टी का संगठन, मतदाता आधार और सामाजिक समीकरण काफी मजबूत है। लेकिन उपचुनाव के परिणाम ने इस स्थापित धारणा को चुनौती दी और बिहार की राजनीति में नए समीकरणों की संभावना पर चर्चा शुरू कर दी। जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर की जीत को कई राजनीतिक विश्लेषक एक नए प्रयोग के रूप में देख रहे हैं। यह जीत केवल एक विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे बिहार की राजनीति में वैकल्पिक राजनीति के उभरने के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि किसी भी चुनाव परिणाम को केवल एक कारण से समझना उचित नहीं होता है। चुनाव में उम्मीदवार की छवि, स्थानीय मुद्दे, संगठन की सक्रियता, मतदाताओं की नाराजगी, जातीय समीकरण, मतदान प्रतिशत और राजनीतिक संदेश, सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र पटना शहर का महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र रहा है। शहरी मतदाताओं, शिक्षित वर्ग, व्यापारिक समुदाय और विभिन्न सामाजिक समूहों की मौजूदगी के कारण यहां की राजनीति हमेशा अलग महत्व रखती रही है। लंबे समय तक भाजपा ने इस क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाए रखी। संगठनात्मक नेटवर्क, कार्यकताओं की सक्रियता और परंपरागत मतदाता आधार के कारण पार्टी को यहां लगातार सफलता मिलती रही। नीतिन नवीन के लगातार चुनाव जीतने से बांकीपुर को भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में गिना जाने लगा। उनके राज्यसभा जाने के बाद जब यह सीट खाली हुई तो भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि वह इस मजबूत राजनीतिक विरासत को कैसे आगे बढ़ाती है। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में कायस्थ समाज की भूमिका हमेशा चर्चा का विषय रही है। ऐतिहासिक रूप से पटना शहर में कायस्थ समाज का सामाजिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राजनीतिक दृष्टि से भी कायस्थ समाज को शिक्षित और जागरूक मतदाता समूह माना जाता है। लेकिन चुनावों में मतदान व्यवहार हमेशा एक जैसा नहीं रहता है। कई बार यह देखा गया है कि कोई भी समाज केवल जातीय पहचान के आधार पर एकजुट होकर मतदान नहीं करता है। व्यक्तिगत पसंद, उम्मीदवार की छवि, पार्टी की नीतियां, स्थानीय मुद्दे और राष्ट्रीय राजनीति जैसे अनेक कारक मतदाताओं के निर्णय को प्रभावित करते हैं। कुछ लोगों का मत है कि बांकीपुर में कायस्थ मतदाताओं का अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाया। वहीं दूसरी ओर कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव परिणाम को केवल एक समाज के मतदान व्यवहार से जोड़ना उचित नहीं होगा, क्योंकि हर चुनाव बहुआयामी होता है। भारतीय लोकतंत्र में मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। अक्सर यह चर्चा होती रही है कि शहरी और शिक्षित वर्गों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहता है। कई बार लोग राजनीतिक व्यवस्था से नाराज होकर मतदान से दूरी बना लेते हैं। लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि सक्रिय मतदाता समूह चुनावी परिणाम को अधिक प्रभावित कर देते हैं। किसी भी समाज के लिए राजनीतिक प्रभाव बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम लोकतांत्रिक भागीदारी है। यदि कोई समुदाय मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी नहीं करता तो उसकी राजनीतिक मांगों और अपेक्षाओं का प्रभाव कम हो सकता है। इसलिए बांकीपुर जैसे चुनाव परिणामों से एक बड़ा संदेश यह भी निकलता है कि सामाजिक संगठन केवल चर्चा तक सीमित न रहकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। किसी भी चुनाव में उम्मीदवार चयन सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णयों में से एक होता है। भाजपा जैसी बड़ी राजनीतिक पार्टी के सामने बांकीपुर जैसी सीट पर चुनौती यह थी कि वह ऐसा उम्मीदवार उतारे जो परंपरागत समर्थन को बनाए रखने के साथ-साथ नए मतदाताओं को भी आकर्षित कर सके। कुछ कार्यकर्ताओं और समर्थकों की राय रही कि उम्मीदवार चयन में और अधिक गंभीरता दिखाई जानी चाहिए थी। उनका मानना था कि मजबूत राजनीतिक छवि वाले उम्मीदवार की जरूरत थी, जो प्रशांत किशोर जैसे नए राजनीतिक चेहरे को चुनौती दे सके। हालांकि राजनीतिक दलों के निर्णय कई स्तरों पर लिए जाते हैं और किसी उम्मीदवार की सफलता या असफलता केवल व्यक्तिगत क्षमता पर निर्भर नहीं करती। संगठन, चुनावी रणनीति और मतदाताओं का मूड भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। भारतीय राजनीति में कई बार मजबूत सीटों को लेकर अतिआत्मविश्वास देखने को मिलता है। किसी क्षेत्र को लंबे समय तक अपना गढ़ मान लेने से राजनीतिक सतर्कता कम हो सकती है। लोकतंत्र में कोई भी सीट स्थायी नहीं होती है। मतदाता समय-समय पर अपना निर्णय बदल सकते हैं। बांकीपुर का परिणाम यह संदेश देता है कि किसी भी राजनीतिक दल को जनता के बीच लगातार सक्रिय रहना होगा।

# सावन : शिव भक्ति, श्रद्धा और साधना का पावन पर्व

**सुनील कुमार महला**

03 अगस्त को श्रावण मास का पहला सोमवार है। श्रावण मास भगवान शिव की उपासना/आराधना और व्रत के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। श्रद्धालु व्रत-उपवास, पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, जलाभिषेक तथा कांवड़ यात्रा के माध्यम से भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि सावन/श्रावण मास भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और प्रकृति के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है।सावन का महीना प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। वर्षा ऋतु में धरती हर तरफ हरियाली से आच्छादित हो जाती है, नदियाँ और जलस्रोत भर जाते हैं तथा कृषि कार्य अपने चरम पर होता है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में इस समय वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्रकृति के सम्मान को विशेष महत्व दिया गया है। यह वह महीना है जब हमारे देश में स्थान-स्थान पर अनेक धार्मिक उत्सवों और मेलों का आयोजन होता है। ये उत्सव, मेले व सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। संयम, सात्विक आहार, आत्मानुशासन और सेवा-भाव जैसे जीवन-मूल्य भी इसी मास की विशेष पहचान है।शिव परम चेतना हैं। संस्कृत में शिव शब्द का अर्थ है- जो कल्याणकारी हैं, मंगलकारी हैं, शुभ हैं, और हितकारी हैं। वास्तव में, शिव शांति और अद्वैत (एकत्व) का स्वरूप हैं। इसीलिए संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में कहा गया है-शिवं शान्तमद्वैतम्। शिव पुराण के अनुसार-शिव परब्रह्म हैं। वे अनादि (जिनका आदि नहीं), अनंत (जिनका अंत नहीं) हैं।सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार–तीनों का मूल कारण वही हैं। कुछ प्रसंगों में तो ब्रह्मा और विष्णु भी शिव से प्रकट हुए बताए गए हैं। शिव निराकार भी हैं और भक्तों के लिए साकार रूप भी धारण करते हैं।शिवलिंग उनके अनंत, निराकार स्वरूप(सगुण और निर्गुण दोनों) का प्रतीक माना गया है। सरल शब्दों में कहें तो शिव ही सृष्टि हैं, शिव ही पालनकर्ता हैं और शिव ही संहारकर्ता हैं। शिव योग विज्ञान के प्रथम गुरु हैं। ये शिव ही हैं, जिन्होंने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान दिया।मान्यता है कि कांतिसरोवर (केदारनाथ के पास) तट पर शिव ने अपना ज्ञान सप्तऋषियों (सात ऋषियों) को दिया था। सरल शब्दों में कहें तो वे योगेश्वर या यूं कहें कि प्रथम योगी (आदियोगी) हैं, जिन्होंने मानव सभ्यता को योग, ध्यान और आत्म-ज्ञान का मार्ग दिखाया। शिव का अर्थ है-जो नहीं है। अर्थात वह शून्यता जिससे समस्त सृष्टि उत्पन्न होती है। सच तो यह है कि शिव असीम संभावनाओं और पूर्ण चेतना का प्रतीक हैं। शिव पूर्ण मौन, ध्यान और साक्षीभाव के प्रतीक हैं। उनका तांडव जीवन की ऊर्जा और परिवर्तन का प्रतीक है। वे संसार से भागने वाले नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए पूर्ण जागरूकता का संदेश देते हैं।शिव केवल एक देवता नहीं, बल्कि चेतना, कल्याण, मौन, योग और आत्मबोध के सर्वोच्च प्रतीक हैं। वे देवों के देव-महादेव हैं। भक्ति परंपरा उन्हें महादेव और परमेश्वर मानती है। वहीं पर योग परंपरा उन्हें आदियोगी मानती है। दार्शनिक परंपरा उन्हें परम चेतना या ब्रह्म का प्रतीक मानती है। शिव स्वयंभू (जो स्वयं प्रकट हुए हों) हैं। हम सभी यह जानते हैं कि सावन में शिवलिंग पर जल और बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं, लेकिन यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर सावन मास में ही भगवान शिव का जलाभिषेक क्यों होता है? तो यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि सावन के महीने में ही समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें से महाविनाशकारी हलाहल विष निकला था। कहते हैं कि जब महादेव ने सृष्टि की रक्षा के लिए इस विष को अपने कंठ में धारण किया, तो उनके शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ गया और कंठ नीला पड़ गया और वे नीलकंठ कहलाए। विष की ज्वाला और ताप को शांत करने के लिए सभी देवताओं ने भगवान शिव को जल और औषधियां अर्पित कीं। वास्तव में,सावन की वर्षा और जल चढ़ाने की परंपरा इसी घटना से जुड़ी है ताकि महादेव के शरीर को शीतलता मिले। सावन का महीना रुद्र रूप के उस पक्ष को दशार्ता है जो संहार के बाद पुनर्गठन और नवजीवन लाता है। शास्त्रों के अनुसार, भीषण गर्मी से जब हमारी पृथ्वी तप रही होती है,तो सावन में जब शिवजी जल ग्रहण करते हैं, तो वे प्रसन्न होकर पृथ्वी पर वर्षा के रूप में अपनी कृपा बरसाते हैं।

# राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, लंबित मामलों का शीघ्र करें निष्पादन : जिलाधिकारी

■ अभियान बसेरा, दाखिल-खारिज और भूमि मापी की डीएम ने की गहन समीक्षा, समयबद्ध कार्रवाई के दिए सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव नेसारण समाहरणालय सभागार में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट संदेश दिया कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी लंबित मामलों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को समय पर न्याय और बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर), अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि मापी, भूमि विवादों के निस्तारण तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा सहित सभी प्रमुख राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। अभियान बसेरा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले को 1,157 पर्चा वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें अब तक 534 मामलों की अपलोडिंग की जा चुकी है, जबकि 630 मामले अभी शेष हैं। अंतिम तिथि निकट होने के कारण उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान में तेजी लाते हुए शेष कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

साथ ही सभी डीसीएलआर को अपनी-अपनी टीम के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक अभिलेख तात्काल तैयार कराने को कहा। डिफेक्ट वाले आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों का प्रतिदिन निष्पादन किया जाए, ताकि अनावश्यक लंबित मामलों की संख्या में तेजी से कमी लाई जा सके।

दाखिल-खारिज, परिमार्जन, लेफ्ट आउट मामलों एवं भूमि मापी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक अमीन को प्रतिदिन कम-से-कम दो भूमि मापी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा इसकी नियमित निगरानी करने को कहा। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अपर समाहर्ता स्तर से निरस्त जमाबंदियों की भूमि का परीक्षण कर एक एकड़ या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली उपयुक्त भूमि चिन्हित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चिन्हित भूमि नदी, जल निकाय अथवा जल स्रोत की नहीं होनी चाहिए तथा भूमि की प्रकृति का सत्यापन खतियान के आधार पर अनिवार्य रूप से किया जाए। इस कार्य को अगले सप्ताह तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विभिन्न डिग्री कॉलेजों की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि चिन्हित करने, संबंधित अभिलेख तैयार करने तथा अंतर्विभागीय स्थानांतरण के प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया, ताकि उच्च शिक्षा से जुड़ी योजनाओं को गति मिल सके। जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता को अमीनवार कार्य निष्पादन रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिन अमीनों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की शिकायतों का त्वरित, संवेदनशील और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय, अभिलेखों के अद्यतन और समयबद्ध कार्य संस्कृति के माध्यम से राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनाया जाए।

## अब इमरजेंसी मरीजों का भी होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन मोबाइल पर सुरक्षित रहेगा पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब जिले के सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले आपातकालीन मरीजों का भी भव्या पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक मरीज का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) बनाया जाएगा और उसका इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इससे मरीजों का पूरा इलाज और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड मोबाइल पर सुरक्षित रहेगा, जिसे देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में जरूरत पड़ने पर आसानी से देखा जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिया है कि अब केवल ओपीडी ही नहीं, बल्कि इमरजेंसी, दुर्घटना, भर्ती मरीजों और वार्ड में भर्ती प्रत्येक मरीज की इलाज संबंधी पूरी प्रक्रिया डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी। इससे मरीजों को बेहतर, तेज और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

इलाज की पूरी प्रक्रिया होगी डिजिटल भव्या पोर्टल पर मरीज के अस्पताल पहुंचने से लेकर इलाज पूरा होने तक की प्रत्येक जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इसमें मरीज का पंजीकरण, प्रारंभिक जांच, चिकित्सकीय परामर्श, नर्सिंग वाइटल, पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे, रेडियोलॉजी जांच, दवा वितरण और डिस्चार्ज तक का पूरा विवरण शामिल रहेगा। विशेष रूप से सड़क दुर्घटना, हार्ट अटैक, गंभीर संक्रमण और अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को बिना किसी देरी के तत्काल उपचार उपलब्ध कराने में यह व्यवस्था काफी मददगार साबित होगी।

हर भर्ती मरीज की बनेगी आभा आईडीः जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि प्रत्येक भर्ती मरीज की आभा आईडी बनाई जाएगी। इसके साथ उसका इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड भी तैयार होगा। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि भविष्य में यदि मरीज राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में इलाज कराने जाएगा तो डॉक्टर उसके पुराने इलाज, जांच रिपोर्ट, दवाओं और मेडिकल इतिहास को डिजिटल रूप से देख सकेंगे। इससे इलाज में तेजी और सटीकता आएगी।

मोबाइल पर सुरक्षित रहेगा पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आभा आईडी बनने के बाद मरीज को अपनी मेडिकल फाइलें, जांच रिपोर्ट और पुराने पर्चे साथ लेकर चलने की आवश्यकता नहीं होगी। डॉक्टर की पर्ची, लैब रिपोर्ट, एक्स-रे, दवाओं का विवरण और अन्य स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे, जिन्हें मरीज जरूरत पड़ने पर अपने मोबाइल से किसी भी डॉक्टर या अस्पताल के साथ साझा कर सकेगा।

अस्पतालों की व्यवस्था भी होगी ऑनलाइनः भव्या पोर्टल पर केवल मरीजों की जानकारी ही नहीं, बल्कि अस्पतालों की व्यवस्थाएं भी डिजिटल की जाएंगी। अब जिला अस्पताल से लेकर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक उपलब्ध सभी बेड की संख्या ऑनलाइन दर्ज होगी। साथ ही डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का ड्यूटी रोस्टर भी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इससे मरीजों को यह जानकारी आसानी से मिल सकेगी कि किस अस्पताल में कौन-सा विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध है और किस वार्ड में बेड खाली है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की जानकारी भी मिलेगीः जिला अस्पताल से लेकर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक कार्यरत सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों और पारा-चिकित्साकर्मियों का भव्या पोर्टल पर पंजीकरण किया जायेगा। जो चिकित्सा पदाधिकारी उच्च अध्ययन के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक बन चुके हैं, उन्हें भी विशेषज्ञ के रूप में पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। इससे मरीज अपनी आवश्यकता के अनुसार संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक की जानकारी पहले से प्राप्त कर सकेंगे।

हर ओपीडी मरीज की भी बनेगी आभ आईडीः अस्पतालों के बाह्य रोगी विभाग में आने वाले प्रत्येक मरीज की 100 प्रतिशत आभा आईडी बनाई जाएगी। मरीज के परामर्श, जांच और दवा वितरण के बाद उसका इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार करना भी अनिवार्य होगा। इससे भविष्य में मरीज को बार-बार अपनी बीमारी और इलाज से जुड़ी जानकारी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 1268 लीटर अवैध शराब बरामद एवं 09 शराब कारोबारी गिरफ्तार

छपरा सदर। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा जिलान्तर्गत विभिन्न जगहों पर अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान नशा मुक्त सारणह्वचलाया जा रहा है। इसी क्रम में अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध सफल आसूचना संकलन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों द्वारा छापामारी कर कुल-1268.8 लीटर शराब की भारी मात्रा बरामद कर 09 शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया तथा पकड़ाये थानान्तर्गत बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज किया गया है। इस छापामारी के क्रम में स्कार्पियों-01 बरामद किया गया है।

### इसुआपुर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया खाद

इसुआपुर। प्रखंड में खरीफ फसलों के लिए आवश्यक यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। जिला सह प्रखंड उर्वरक संघ के अध्यक्ष एवं हिन्दुस्तान बीज भंडार के प्रोपराइटर मेराज अहमद ने बताया कि 45 किलोग्राम वाले यूरिया के प्रत्येक बैग की बिक्री निर्धारित मूल्य 266 रुपये में की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है। साथ ही बताया कि उनके प्रतिष्ठान पर यारा, एचयूआरएल, मैटिक्स, एनएफएल तथा इफ्फको सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों का यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों की मांग के अनुसार नियमित रूप से खाद का वितरण किया जा रहा है। जिससे खेती-बारी के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित मूल्य पर ही यूरिया खरीदें और अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल इसकी सूचना दें।

### प्रेम कुमार ने पूर्व राज्यपाल डॉ. डीवाई पाटिल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त की

बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के पूर्व राज्यपाल डॉ. डी. वाई. पाटिल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि डॉ. डी. वाई. पाटिल एक महान शिक्षाविद् और कुशल प्रशासक थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए। उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानों ने देश भर के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 22 मार्च 2013 से 26 नवंबर 2014 तक बिहार के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं।बिहार के राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल राज्य के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण में उनका बहुमूल्य योगदान आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार एवं उनके प्रशंसकों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## बनियापुर में संदिग्ध शव बरामद , मचा हडकंप

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर। बनियापुर के धनगराहा गांव में एक संदिग्ध हालत में ग्रामीणों ने मक्के के खेत में शव देख गांव में हड़कंप मच गया।जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी ,जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना में मृतक की पहचान तपेश्वर महतो का पुत्र मोती महतो के रूप में हुई है जिस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।पुलिस की प्रथम दृष्टया बयान में मृतक के शरीर पर कई जगह गंभीर जख्म बताए गए साथ कही और हत्या कर गांव के समीप फेंका गया,वही मृतक की पत्न ी ने बताई है कि बारह बजे रात्रि में किसी महिला का फोन आया था,पुलिस जांच मोबाइल ट्रेसिंग पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो जाएगा।इधर पिठौरी गांव में दहेज को लेकर बहु की हत्या कर दिए जाने का मामला दर्ज कराया गया।कहा हत्या के बाद आरोप प्रत्यारोप के बाद ससुराल वाले घर छोड़ फरार बताए जा रहे है। घटना के संबंध में बताया गया है कि पिठौरी निवासी लालबाबू प्रसाद की पत्नी पूजा देवी की हत्या हुई है। जिसमें बताया गया कि पूजा देवी के साथ प्रायः मारपीट गाली गलौज कर दहेज की लिए झगड़ा होता रहता था।घटना की सूचना मिलते मृतक के मायके जलालपुर सवरी के परिजन पहुंचे जहां घर में छत में फंदे में लटकी शव को देख रोने बिलखने लगे,दोनों पक्षों में विवाद होने लगा,हत्या का आरोप लगने के बाद सुसराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया,साथ ही घटना की अनुसंधान में जुट गई है।

## हत्याकांड के वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

छपरा सदर। सारण के एस एस पी विनीत कुमार के निर्देशन में सारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्षों में वांछित और फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर जनताबाजार थाना पुलिस टीम के द्वारा छापामारी कर जनताबाजार थाना कांड संख्या-186/25 के अभियुक्त विशाल कुमार उर्फ चुमन, पिता-जयप्रकाश प्रसाद, साकिन-लहलादपुर, थाना-जनताबाजार, जिला-सारण को गिरफ्तार किया गया है।

## घमंड तो रावण का नही रहा, भाजपा के अहंकार का अंत शुरू

प्रात : किरण संवाददाता



अमनौर। बाँकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज पार्टी के प्रणेता प्रशांत किशोर के अपार मतों से विजयी घोषित होने के बाद बिहार के साथ-साथ सारण जिले के कार्यकताओं में भी खुशी की लहर है। इस जीत पर बहुचर्चित लोकप्रिय नेता एवं पूर्व विधायक शत्रुघ्न तिवारी उर्फ चोकर बाबा ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे जनता की जीत बताया। श्री चोकर बाबा ने कहा, कुछ लोगों को लग रहा था कि देश में जनता की नहीं, हमारी हुकूमत है। उन्हें लगता था कि कुत्ता-बिल्ली को खड़ा कर देंगे तो भी चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन बाँकीपुर की जनता ने बता दिया कि हुकूमत जनता की होती है। उन्होंने कहा कि इस जीत से बिहार में एक नई राजनीतिक समीकरण बनेगी।अब युवा वर्ग जान चुका है, जाग चुका है। बिहार में अब रोजगार, शिक्षा, दवाई, सुनवाई और विकास की बात करने वाला ही प्रतिनिधित्व करेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि बाँकीपुर में प्रशांत किशोर नहीं, बल्कि वहां की जनता चुनाव लड़ रही थी। ह्ववहां देश के एक से बढ़कर एक मंत्री से लेकर कार्यकर्ता तक लगे हुए थे। यह सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी की थी और इस क्षेत्र के कई दिग्गज नेता यहां के वासी हैं। इसके बावजूद इतनी बड़ी पराजय यह संदेश देती है कि जनता के बीच उनके प्रति कितना गुस्सा है।घमंड तो रावण का नही रहा भाजपा तो एक छोटी पार्टी है।इनके अब अहंकार के अंत शुरू है। शत्रुघ्न तिवारी उर्फ चोकर बाबा ने अंत में अपने क्षेत्र के अनुभव साझा करते हुए कहा, ह्वमैं अपने क्षेत्र में जनता के बीच रहकर जमीन से जुड़े हर कार्य किया है। बच्चा से लेकर बृद्ध तक मुझसे प्यार करते हैं।

## चेहल्लुम पर निकला मातमी जुलूस, खिलाड़ियों ने दिखाया अपना जलवा



बनियापुर। प्रखंड में मोहर्रम के 40 वाँ चेहल्लुम पर सभी गांवों में मुस्लिम समाज के नौजवानों द्वारा ताजिया बनाकर जुलूस के साथ या हुसैन या हुसैन के नारों के साथ जुलूस निकाला गया,ढोल बाजे के साथ मातमी नगमे बाजाए गए ,वही चौक पर फातेहा खानी की गई।पैगंबरपुर बनियापुर प्यारेपुर डुंगरपट्टी हरपुर कराह सहित सभी गांवों में धार्मिक रीति रिवाज के मुताबिक शांतिपूर्वक यह पर्व मनाया गया।जहां कई जगहों पर खिलाड़ियों द्वारा लाठी बंदा बंगैठी तलवार आदि जैसे पारंपरिक खेलो का प्रदर्शन किया गया।जहां भारी संख्या में लोग शामिल थे।

## शिक्षाविद् गोरखबाबू के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी। बिहार राज्य पेंशनर समाज अमनौर इकाई द्वारा सोमवार को रामचक गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इसमें पूर्व प्रधानाध्यापक गोरखनाथ सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित शिक्षकों ने गोरखनाथ बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके निधन को शिक्षक समाज और शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।सभा को मुख्य से पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय, रामप्रवेश पंडित, लालबदन प्रसाद राय, गणेश ठाकुर, शुभनारायण सिंह, राजेश उपाध्याय, रमेश प्रसाद सिंह, शशिभूषण सिंह, कामेश्वर सिंह निर्मल कुमार पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।

अध्यक्षता सोहन पंडित, मंच संचालन अम्बिका राय व धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण कुमार शाही ने किया।इस मौके पर फलदार पौधों का भी वितरण किया गया।

## सांसद ने सोलर पार्क निर्माण कराने पर दीया बल

■ संसद के पटल पर राखी मांग

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने लोकसभा में नियम-377 के अधीन महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में सोलर पार्क का निर्माण कराने से संबंधित विषय पर अपनी बात सदन के पटल पर रखी। उन्होंने कहा लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज बिहार का ज्यादातर इलाका ग्रामीण क्षेत्रों में है और कुछ इलाका अर्द्धशहरी क्षेत्रों में भी है ' ऐसे में स्वाभाविक है कि इन क्षेत्रों में नगरों और शहरों की तुलना में विद्युत आपूर्ति की स्थिति समान नहीं रहेगी ' शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपलब्धता का समय समान करने के लिए ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोतरी आवश्यक होगी ' विधुत उत्पादन बढ़ाने के लिए आज की हमारी सरकार गंभीर रूप से प्रयास करते हुए सौर ऊर्जा के माध्यम से विधुत उत्पादन का भरपूर प्रयास कर रही है ' इसलिए मैं चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण(छपरा) जिला के जलालपुर,एकमा,बनियापुर और तरैया तथा सिवान जिला के महाराजगंज एवं गोरेयाकोठी में एक-एक सोलर पार्क स्थापित करवाया जाये ' सोलर पार्क लगाने के लिए प्रचुर मात्रा में सूर्य का प्रकाश और समतल भूमि मेरे संसदीय क्षेत्र में उपलब्ध हैं ' भारत सरकार के नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया कि मेरे संसदीय क्षेत्र के जलालपुर, एकमा, बनियापुर, तरैया,गोरेयाकोठी और महाराजगंज में एक-एक सोलर पार्क का निर्माण अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना के तहत सोलर एनर्जी कोऑपरेशन ऑफ इंडिया (रएउक) द्वारा कराया जाये जिससे कि मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता को शहरी और नगरीय क्षेत्रों की तरह बिजली की उपलब्धता चौबीसों (24) घंटों हो सके '

## पहली सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, बाबा हरिहरनाथ धाम में 60 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। श्रावणी मास भगवान शिव की आराधना, तप, श्रद्धा और आस्था का सबसे पवित्र समय माना जाता है। इस माह में शिवभक्त कांवड़ यात्रा कर पवित्र जल लेकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। इसी धार्मिक आस्था और परंपरा के बीच सारण जिले के ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर, सोनपुर में आयोजित श्रावणी मेला-2026 में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा । जिला पदाधिकारी, सारण वैभव श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार श्रावणी मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि दूर-दराज से आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों और वह सुरक्षित वातावरण में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सके। प्रशासन के अनुसार पिछले सोमवार बाबा हरिहरनाथ मंदिर में लगभग 50 से 60 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। बिहार के सारण, वैशाली, पटना, मुजफ्फरपुर, सीवान, गोपालगंज, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड तथा अन्य राज्यों से बाड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा हरिहरनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। पूरे मंदिर परिसर में बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में अस्थायी एवं स्थायी शौचालय, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, विभिन्न स्थानों पर वाटर प्वाइंट तथा नियमित साफ-सफाई एवं सैनिटेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की है। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल कैंप और एम्बुलेंस की व्यवस्था भी चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाया गया है। मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों एवं वॉच टावर के माध्यम से लगातार की जा रही है। प्रवेश एवं निकास मार्गों के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है ताकि यातायात सुचारु बना रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो पूरे मेले की निगरानी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त खोया-पाया केंद्र, नियंत्रण कक्ष, नदी क्षेत्र में नाव एवं प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती, अग्निशमन दल की व्यवस्था तथा लगातार ध्वनि विस्तार की यंत्र के माध्यम से श्रद्धालुओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। गरीबनाथ मंदिर जाने वाले डाक बम श्रद्धालुओं के लिए विशेष पहचान और सुगम प्रवेश की व्यवस्था भी की गई है, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और व्यवस्थित बनी रहे।

## छपरा के ब्लड बैंक में महज 6 यूनिट स्टॉक, व्यवस्था पर गंभीर सवाल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा सदर अस्पताल स्थित रक्त केंद्र में वर्तमान में महज 06 यूनिट रक्त उपलब्ध होने की जानकारी सामने आने के बाद जिले की रक्त व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उपलब्ध स्टॉक के अनुसार अ+ के 04 यूनिट और ड- के 02 यूनिट हैं, जबकि अन्य रक्त समूहों का स्टॉक शून्य बताया जा रहा है। ऐसे में रोजाना दर्जनों मरीजों को रक्त की आवश्यकता वाले जिले में किसी बड़े हादसे या आपातकालीन स्थिति में स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। रक्त की कमी को दूर करने के लिए जिले की सामाजिक संस्थाएं और रक्तदाता लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त केंद्र को रक्त उपलब्ध कराते रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या जिले की सरकारी रक्त व्यवस्था केवल सामाजिक संगठनों और रक्तदाताओं के भरोसे चलती रहेगी?

सिर्फ स्टॉक नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवालः रक्त केंद्र की व्यवस्था को लेकर सामाजिक कार्यकताओं और नियमित रक्तदाताओं द्वारा कई गंभीर शिकायतें भी सामने रखी गई हैं। शिकायत है कि कई बार रक्त केंद्र से संपर्क करने के लिए फोन करने पर कॉल रिसीव नहीं होती, और संपर्क होने की स्थिति में भी स्पष्ट एवं संतोषजनक जानकारी नहीं मिल पाती। रक्तदाताओं और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था करने वाले लोगों के साथ रक्त केंद्र का बेहतर समन्वय और संवाद होना बेहद जरूरी है। विशेषकर जब किसी नियमित रक्तदाता या उसके परिवार के सदस्य को स्वयं रक्त की आवश्यकता हो, तब कथित तौर पर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त उपलब्ध कराने में अधिक समय लगने, स्टाफ की कमी तथा तकनीकी प्रक्रिया में होने वाली देरी को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। OTP verification जैसी आवश्यक प्रक्रियाओं में भी ऑपरेटर की समय-सीमा के कारण आपात स्थिति में परेशानी होने की शिकायतें हैं।

22 बार स्वयं रक्तदान, 32 शिविरों से हजारों यूनिट रक्त संग्रहः इन सवालों को उठाने वाले उँस्त्र१ फ्री उ्रङ्कस्त्र हं११ङ्ग१२ के संस्थापक अध्यक्ष ळं१०४ी अल्ल६१ स्वयं अब तक 22 बार रक्तदान कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त उनके नेतृत्व में संस्था द्वारा अब तक 32 रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से हजारों यूनिट रक्त संग्रह कर रक्त केंद्र, छपरा को उपलब्ध कराया गया है। Tarique Anwar का कहना है कि सामाजिक संस्थाएं वर्षों से अपनी क्षमता के अनुसार रक्त की कमी को दूर करने में सहयोग कर रही हैं। लेकिन रक्तदान करवाना और रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि रक्त केंद्र की पूरी व्यवस्था मरीजों और रक्तदाताओं के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह और समयबद्ध हो। उनका कहना है, हम किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं हैं। हमारा सवाल व्यवस्था से है। जिस केंद्र पर किसी मरीज की जिंदगी बचाने के लिए रक्त उपलब्ध होना चाहिए, वहां अगर स्टॉक शून्य या बेहद कम हो और आपात स्थिति में मरीज के परिजनों को रक्त के लिए भटकना पड़े, तो यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

## शहीद गौरीशंकर की आदमकद प्रतिमा क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता



डोरीगंज। अवतार नगर थाना क्षेत्र के छोट झौंवा गांव स्थित राधेकृष्ण मंदिर परिसर में स्थापित शहीद गौरीशंकर की आदमकद प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने से पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने शहीद की पत्नी रीना देवी को दी, जिसके बाद उन्होंने अवतार नगर थाने में लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। रीना देवी ने अपने आवेदन में बताया कि अज्ञात लोगों ने ईंट, पत्थर और मिट्टी के ढेलों से प्रतिमा पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया है। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन अब तक किसी की पहचान नहीं हो सकी है। आवेदन में उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि शहीद स्मारक के समीप देर रात तक अवैध शराब की बिक्री होती है, जहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। उनका संदेह है कि प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की घटना इन्हीं असामाजिक तत्वों की करतूत हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में भारी नाराजगी फैल गई और लोगों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा शहीद स्मारक की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। मामले को लेकर अवतार नगर थानाध्यक्ष साकेत बिहारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## लोकसभा में सांसद सिग्रीवाल ने उठाई सोलर पार्क निर्माण की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/महाराजगंज। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मंगलवार को लोकसभा में नियम-377 के तहत अपने संसदीय क्षेत्र में सोलर पार्क स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण है, जबकि कुछ क्षेत्र अर्द्धशहरी हैं।

ऐसे में शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति की स्थिति समान नहीं है। सांसद ने सदन में कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है। केंद्र सरकार सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में उन्होंने सारण जिले के जलालपुर, एकमा, बनियापुर और तरैया तथा सीवान जिले के महाराजगंज और गोरेयाकोठी में एक-एक सोलर पार्क स्थापित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में सोलर पार्क लगाने के लिए पर्याप्त धूप और समतल भूमि उपलब्ध है, जिससे यह परियोजना सफलतापूर्वक संचालित की जा सकती है। सांसद सिग्रीवाल ने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया कि अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना के तहत सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (रएउक) द्वारा इन स्थानों पर सोलर पार्क का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में बिजली उत्पादन बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी शहरी क्षेत्रों की तरह 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

# किसानों की समृद्धि के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता : डॉ. प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता




गया जी।भारतीय जनता पार्टी गया जिला पूर्वी किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को स्थानीय जेपी पैलेस, रामशिला (गया) में जिला अध्यक्ष शंभू यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई है।इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण तथा वंदे मातरम् के साथ किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया है। इस बैठक को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस वर्ष गया जिले में अपेक्षाकृत कम वर्षा होने के कारण धान की रोपनी प्रभावित हुई है, जो चिंता का विषय है। किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने विभिन्न प्रखंडों में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें की हैं तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को पर्याप्त एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सिंचाई कार्य प्रभावित न हो। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने किसान मोर्चा के कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती की तुलना में जैविक एवं प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरता बढ़ती है, उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा किसानों की आय बढ़ाने के नए अवसर सृजित होते हैं।इस बैठक में किसान मोर्चा के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान तथा संगठनात्मक विस्तार पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है।इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी दिलीप कुमार,अभिनव प्रताप सिंह ,सुमन सौरभ, शिव बच्चन तिवारी, सुनील सिंह, भाजपा गया जिला अध्यक्ष विजय मांझी, अनिल गुप्ता, लक्ष्मण पांडे, दयानंद चंद्रवंशी, पंकज कुमार, श्याम सिंह, जय गोविंद शर्मा, रणविजय सिंह, रामानंद कुशवाहा, राजकुमार प्रसाद, जितेंद्र यादव, कौशलेंद्र सिंह, राजेश मस्तान, संजय सिंह, कमलेश मांझी, लक्ष्मण चौधरी, राधे जी, नरेंद्र सिंह, श्याम बिहारी, राम मोहन शर्मा, सुरेंद्र कुमार उर्फ ब्लू राय, पप्पू नीलकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस बैठक के अंत में जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह ने सभी आगंतुकों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 15 अगस्त के बाद होगी पीजी में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा सभी केंद्रों पर जैमर और वीडियोग्राफी की व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) में स्नातकोत्तर (पीजी) सत्र 2026-28 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार भी प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा 15 अगस्त के बाद आयोजित की जाएगी। परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे तथा संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. लाल बाबू सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 अगस्त निर्धारित की गई है। इसके बाद 5 अगस्त को नामांकन समिति की बैठक होगी, जिसमें प्रवेश परीक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि 20 अगस्त तक प्रवेश परीक्षा आयोजित कर परिणाम जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए, ताकि समय पर नामांकन और कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित हो सके। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे और प्रत्येक गतिविधि की रिकॉर्डिंग की जाएगी।५ विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार परीक्षा में बहुविकल्पीय (ओएमआर आधारित) प्रश्न पूछे जाएंगे। अभ्यर्थियों को विषय आधारित प्रश्नों के साथ सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता से जुड़े प्रश्न भी हल करने होंगे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, एक शराबी भी धराया

कोईलवर।भोजपुर जिले के गीधा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 30 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से बरामद शराब को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव निवासी समत मुसहर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) अधिनियम, 2022 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी स्वर्गीय बबलू सोनी के पुत्र सोनू कुमार उर्फ सोनी के रूप में हुई है। ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) अधिनियम, 2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार और शराब सेवन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### प्रदेश कांग्रेस में नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. शशि शेखर व बाबू सिंह का स्वागत

गया जी मानपुर : बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा मानपुर के दो नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर सोमवार को मानपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। वजीरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. शशि शेखर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा अमित कुमार उर्फ बाबू सिंह को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मानपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. शशि शेखर सिंह के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा तथा पार्टी का विस्तार होगा। डॉ. शशि शेखर सिंह ने कहा कि वे पूरी सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत करेंगे और अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत और परिवार हैं। समारोह में राकेश सिंह, मो. गालिब, अजय सिंह, पिंटू यादव, निहाल कुमार बिट्टू, कपिल देव प्रसाद सिन्हा, मुन्ना मांझी, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्रौंचद्वीपीय ब्राह्मण सेवा संघ का पूरे देश में विस्तार

गया जी। क्रौंचद्वीपीय ब्राह्मण सेवा संघ की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं भव्य प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर पाठक उर्फ लालजी बाबा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकृति दूत संकर्षणानंद स्वामी जी ने संयुक्त रूप से बताया कि संस्था अब विधिवत रूप से पंजीकृत हो चुकी है। अब यह संगठन पूरे भारतवर्ष में निस्वार्थ सेवा भाव, सामाजिक न्याय और एकजुटता के संकल्प के साथ अपने कार्यों का विस्तार कर रहा है। संगठन का मुख्य ध्येय ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में पिरोने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना है। सामाजिक सरोकार और जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणाः प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर पाठक (लालजी बाबा) ने संगठन की भावी योजनाओं का खाका प्रस्तुत करते हुए कहा कि संघ का प्राथमिक उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद और कमजोर परिवारों तक मदद पहुंचाना है। उन्होंने मुख्य रूप से दो बड़े संकल्पों की घोषणा कीः कन्या विवाह सहयोग योजनाः समाज के आर्थिक रूप से विपन्न एवं असहाय परिवारों की बेटियों के विवाह में आ रही वित्तीय समस्याओं को दूर करने के लिए संघ आर्थिक, भौतिक और सामाजिक सहयोग प्रदान करेगा।

# आज जिले के कई प्रखंडों में लगेगा सहयोग शिविर

- सहयोग शिविर के माध्यम से पंचायत स्तर पर होगा समस्याओं का समाधान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार सरकार की नई पहल सहयोग शिविर के तहत आज जिले के विभिन्न पंचायतों में प्रखंडवार सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि सुधार, पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जलापूर्ति, बिजली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। लोग अपनी शिकायतें एवं आवेदन शिविर में जमा कर सकेंगे, जिनका निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ भी आम लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार, प्रत्येक शिविर स्थल पर जिला एवं वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो शिविर की निगरानी करेंगे। नागरिक sahyog.bihar.gov.in पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन दर्ज करा सकते हैं।

बुधवार को जगदीशपुर, उदवंतनगर, कोईलवर, पीरो, सहार, बिहिया, गड़हनी और बड़हरा प्रखंड की चयनित पंचायतों में यह शिविर आयोजित होगा। भोजपुर जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से जेठानी-देवरानी घायल



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव में मंगलवार की सुबह विद्युत करंट की चपेट में आने से जेठानी-देवरानी गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।


जानकारी के अनुसार घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव निवासी भोला यादव के 18 वषीर्या पत्नी बिजंती देवी एवं नागेंद्र राय की 26 वषीर्या पत्नी मुन्नी देवी शामिल है। दोनों रिश्ते में जेठानी-देवरानी लगती है। इधर, घायलों के परिजन ने बताया कि घर में चापाकल के पास से ही अर्थिंग का तार गुजरा हुआ है। मंगलवार की सुबह जब मुन्नी देवी वहां पानी भरने गई।

तभी चापाकल में करंट आ गया जिसके कारण वह करंट की चपेट में आकर वहां छटपटाने लगी। तभी उन्हें बचाने के लिए बिजंती देवी वहां पहुंची तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई।

# ऑटो पुल की दीवार से टकराया , दो की मौत

- पांच गंभीर घायल, बालू घाट से काम कर लौट रहे थे सभी श्रमिक

प्रात : किरण संवाददाता



कोईलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के अब्दुल बारी पुल के समीप सोमवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मजदूर बिहटा थाना क्षेत्र के एक बालू घाट से काम कर ऑटो से अपने घर कोईलवर लौट रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कोईलवर की ओर से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने पुल से निकलते ही ऑटो को चकमा दे दिया। ट्रक से बचने के प्रयास में ऑटो चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और ऑटो पुल की रेलवे सुरक्षा दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम, स्थानीय पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोईलवर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए आरा और पटना रेफर कर दिया गया। हादसे में नगर पंचायत कोईलवर के वार्ड संख्या-6 निवासी 50 वर्षीय मो. सगीर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं वार्ड संख्या-5 निवासी 50 वर्षीय मो. अलीम ने पटना ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। घायलों में वार्ड संख्या-3 निवासी कृष्णा राय (40), अनिल राय (45), संतोष राय (42), सुजीत कुमार (30) तथा वार्ड संख्या-6 निवासी शंभू कुमार (40) शामिल हैं। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के बाद अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन पहुंच गए। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। कोईलवर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी तथा दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। देर रात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे कोईलवर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अज्ञात ट्रक चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और मृतक मजदूरों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# बनास नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद

- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप टोला स्थित नदी से मंगलवार की सुबह मिला शव

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया गांव स्थित बनास नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव थाना क्षेत्र के बराप टोला स्थित बनास नदी से मंगलवार की सुबह बरामद हुआ। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के शांतिनगर धमनिया गांव निवासी स्व. शिवजी मुसहर का 41 वर्षीय पुत्र धनजी मुसहर है। इधर, मृतक के स्वजन दिनेश कुमार ने बताया कि वह रविवार की दोपहर शव करने के लिए धमनिया गांव स्थित बनास नदी के किनारे गए थे। उसी बीच वह बनास नदी में गिर कर डूब गए थे। जब वह घर वापस नहीं लौटे तो, परिजनों ने पहले आसपास के गांव में एवं नाते-रिश्तेदारों के यहां फोन कर भी उनके बारे में जानकारी लिया। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद परिजन उनकी लगातार खोज कर रहे थे। इसी बीच मंगलवार की सुबह स्थानीय ग्रामीण द्वारा शोर मचाया जाने लगा की बराप टोला बनास नदी में एक शव मिला है। तब परिजन वहां पहुंचे और शव को देख उसकी पहचान की। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने एक भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी तिजया देवी, दो पुत्री प्रीती कुमारी, अंजली कुमारी एवं एक पुत्र मुन्ना कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में रोना-धोना मच गया। उसकी पत्नी तिजया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कृष्णागढ़ पुलिस ने एनबीडब्ल्यू के चार वारंटियों को दबोचा, न्यायिक हिरासत में भेजा

प्रात : किरण संवाददाता



बड़हरा। कृष्णागढ़ थाना पुलिस ने कोर्ट से निर्गत गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आधार पर कार्रवाई करते हुए, थाना क्षेत्र के सरैंया गांव से चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर किया है.जानकारी के अनुसार, कृष्णागढ़ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट के आरोपी अपने-अपने घर पर मौजूद है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सरैया गांव में छापेमारी कर दिया. छापेमारी के दौरान पुलिस ने चारों वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार आरोपियो की पहचान सरैंया गांव निवासी स्वर्गीय जगरनाथ यादव के पुत्र रामराज यादव, स्वर्गीय धर्मराज यादव के पुत्र धनजी यादव, रामराज यादव के पुत्र रतन यादव तथा राधा राम यादव के पुत्र रितेश कुमार के रूप में हुई है.कृष्णागढ़ थाना पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियो के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था. गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए चारों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

# समान काम के लिए समान मानदेय की मांग तेज, अतिथि प्राध्यापक मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों द्वारा समान काम के लिए समान मानदेय की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आनन्द ने कहा कि राज्य सरकार के समक्ष अतिथि प्राध्यापकों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उन्होंने कहा कि अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्ति शिक्षा विभाग के वर्ष 2014 के संकल्प के तहत निर्धारित योग्यता एवं चयन प्रक्रिया के आधार पर हुई है। इसके बावजूद उन्हें वर्तमान में प्रति व्याख्यान 1500 रुपये की दर से अधिकतम 50 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है, जबकि वे नियमित एवं संविदा आधारित सहायक प्राध्यापकों के समान शैक्षणिक कार्यों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में समान कार्य के लिए समान मानदेय दिया जाना न्यायसंगत है। डॉ. आदित्य कुमार आनंद ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा और अतिथि प्राध्यापकों की समस्याओं एवं मांगों से उन्हें अवगत कराएगा।प्रतिनिधिमंडल में डॉ. एस.पी. राय, डॉ. उमेश राय, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. राधिका रमन, डॉ. प्रेमलता तथा डॉ. सोमेश शशि शामिल रहेंगे।उन्होंने कहा कि अतिथि प्राध्यापक वर्षों से विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नियमित रूप से शिक्षण कार्य कर रहे हैं तथा उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए सरकार से अपेक्षा है कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए समान कार्य के अनुरूप सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित किया जाएगा।

# बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर की जीत पर समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ने जताई खुशी

प्रात : किरण संवाददाता



गया। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 18,953 वोटों से हुई शानदार जीत पर अपनी गहरी खुशी व्यक्त करते हुए, गया के युवा समाजसेवी सह विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी मेंबर आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी ने एक प्रेस रिलीज जारी कर इसे बिहार की जनता की असली जीत बताया है ! उन्होंने कहा कि बांकीपुर विधानसभा की जागरूक जनता ने पारंपरिक जातियों के समीकरण, पाखंड और धर्म के मजहबी दायरे से ऊपर उठकर एक शिक्षित, सुशिक्षित और योग्य उम्मीदवार को अपना विधायक चुना है ! आकाश प्रियदर्शी ने आगे कहा कि इस ऐतिहासिक परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि अब बिहार का मतदाता विकास, शिक्षा, रोजगार और व्यवस्था परिवर्तन के मुद्दों पर मतदान करने लगा है ! प्रशांत किशोर की यह जीत राज्य की राजनीति में एक नए और सकारात्मक बदलाव की मजबूत शुरूआत है, जो आने वाले समय में संपूर्ण बिहार के राजनीतिक परिदृश्य को एक नई दिशा प्रदान करेगी

# जूनियर एवं सीनियर क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप-2026 का भव्य आयोजन

- तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक पुरुष एवं महिला पावरलिफ्टर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। बिहार स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 38वीं बिहार राज्य सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर क्लासिक पावरलिफ्टिंग, ओपन क्लासिक बैंच प्रेस (पुरुष), ओपन महिला क्लासिक पावरलिफ्टिंग एवं ओपन इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 7, 8 एवं 9 अगस्त 2026 को आर्य कन्या विद्यालय, बारी पथ, पटना में किया जाएगा। इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक पुरुष एवं महिला पावरलिफ्टर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में पावरलिफ्टिंग खेल को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना तथा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि निम्नलिखित गणमान्य अतिथि अपनी गरिमामयी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे- श्री संजीव चौरसिया विधायक, दीघा विधानसभा क्षेत्र एवं अध्यक्ष, बिहार स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन सीता साहू महापौर, पटना नगर निगम श्री रत्नेश कुमार कुशवाहा विधायक, पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र संजय गुप्ता विधायक, कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र प्रेस वार्ता के दौरान बिहार स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अशोक कुमार मेहता, जो स्वयं एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के पावरलिफ्टर हैं, ने प्रतियोगिता की तैयारियों एवं आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर राजीव भार्गाव, विवेक कुमार गुप्ता तथा चंदन कुमार सिंह, जो दोनों अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, भी उपस्थित रहे। बिहार स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन ने सभी खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# डॉ केपी यादव की नवमी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज, दृष्टिहीन बच्चें देंगे भजनांजलि

प्रात : किरण संवाददाता



गया। समाज सेवा और चिकित्सा जगत के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले शहर के जाने-माने समाजसेवी एवं लोकप्रिय होम्योपैथिक चिकित्सक दिवंगत डॉ. के.पी. यादव की नवमी पुण्यतिथि समारोह का आयोजन आज 5 अगस्त, संध्या 5 बजे से हरिदास सेमिनरी स्थित प्रेक्षागृह में भव्य रूप से किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर उनके सुपुत्र व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि डॉ. के.पी. यादव जी का पूरा जीवन मानवता की सेवा और जन-कल्याण के लिए समर्पित था। वे केवल एक कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के रहनुमा और मसीहा थे। उनके पुत्र डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भावुक होते हुए कहा, मेरे पिता जी ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित, शोषित और जरूरतमंद लोगों की सेवा में बिता दिया। वे जाति और धर्म की सीमाओं से परे उठकर हर पीड़ित के दर्द को अपना समझते थे। लकवा और पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की सेवा के लिए उन्होंने आजीवन निशुल्क और समर्पित भाव से चिकित्सा कार्य किया। उनका जाना गया शहर के लिए एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनके आदर्श हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। इस वर्ष डॉ. यादव की नवमी पुण्यतिथि को बेहद खास और यादगार बनाने के लिए कई सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए यशवीर बैंड के दृष्टिहीन बच्चों की विशेष टीम होगी। ये प्रतिभाशाली कलाकार अपने सुरम्य निर्गुण भजनों के माध्यम से दिवंगत डॉ. के.पी. यादव को अनोखी स्वरांजलि अर्पित करेंगे। समारोह के दूसरे चरण में एक भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के जाने-माने ओजस्वी और श्रृंगार रस के कवि अपनी कविताओं के माध्यम से काव्यांजलि देंगे। आमंत्रित प्रमुख कवियों में ओंकार शर्मा कश्यप (नवादा), सुरेन्द्र सिंह सुरेन्द्र (गयाजी), दीप्ति शिखा (गाजियाबाद), कामता माखन (रीवा, म.प्र.), अंकिता श्रीवास्तव (जमशेदपुर, झारखण्ड) और हेमा पांडेय (लखनऊ, उ.प्र.) शामिल हैं।

इस अवसर पर डॉ. के.पी. यादव की स्मृति में रचित पुस्तक तीन तीर्थ का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया जाएगा। समाज सेवा की इस अनूठी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डॉ. वीरेंद्र कुमार ने अपने निजी कोष से गयावासियों के लिए एक आधुनिक बैटरी चालित शव वाहन समर्पित करने की बड़ी घोषणा की है, ताकि अंतिम यात्रा के दौरान लोगों को सहायता मिल सके।

### आधुनिक स्पोर्ट्स अकादमी व स्टेडियम के विकास का मास्टर प्लान तैयार

गया जी। गया जी को बिहार में खेल सुविधाओं का मॉडल शहर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। सोमवार को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र संकरण के नेतृत्व में उच्चस्तरीय टीम ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार के साथ विभिन्न खेल स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान चंदौती थाना क्षेत्र के दूर्वे में प्रस्तावित करीब 14 एकड़ भूमि पर प्रमंडल स्तरीय आधुनिक खेल अकादमी एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना का जायजा लिया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि 15 दिनों के भीतर पूरे प्रोजेक्ट का मास्टर प्लान तैयार कर लिया जाएगा। प्रस्तावित खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक्स ट्रैक, इनडोर एवं आउटडोर खेल मैदान, आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र तथा खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही महिला खिलाड़ियों के लिए अलग योग केंद्र सहित विशेष सुविधाओं की भी व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त खिजरसराय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के निर्माण की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण दल ने गया कॉलेज खेल परिसर का भी दौरा किया जहां खेलो इंडिया योजना के तहत बेहतर रनिंग ट्रैक के निर्माण की तैयारी चल रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, बुधवार, 05 अगस्त, 2026



# जनादेश का सम्मान, आत्ममंथन और जनविश्वास को और मजबूत करने का संकल्प : डॉ. संतोष कुमार सुमन

## बांकीपुर का संदेश स्पष्ट, जनता की अपेक्षाओं पर और बेहतर उतरना होगा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि होता है और उसका सम्मान करना प्रत्येक राजनीतिक दल का दायित्व है। उन्होंने विजयी उम्मीदवार प्रशांत किशोर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने जो निर्णय दिया है, उसे एनडीए विनम्रता के साथ स्वीकार करता है। यह परिणाम गठबंधन के लिए आत्ममंथन का अवसर भी है, ताकि जनता की अपेक्षाओं और विश्वास पर पहले से अधिक मजबूती के साथ खरा उतरा जा सके। डॉ. सुमन ने कहा कि उपचुनाव के परिणामों को व्यापक जनादेश के रूप में देखने के बजाय जनता के एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में समझने की आवश्यकता है। लोकतंत्र में हर चुनाव जनता की नब्ज को समझने और अपनी कार्यशैली का मूल्यांकन करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) एनडीए के एक जिम्मेदार घटक दल के रूप में गठबंधन को और अधिक जनोन्मुखी, संवेदनशील तथा जवाबदेह बनाने की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए का मूल उद्देश्य बिहार का विकास, सुशासन और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। जनता के विश्वास को और मजबूत करने के लिए गठबंधन पूरी ऊर्जा के साथ जनसंपर्क बढ़ाएगा, संगठन को सशक्त करेगा तथा जनहित के मुद्दों पर पहले से अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक है और एनडीए जनादेश से सीख लेकर नई ऊर्जा एवं संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा।

# ऑपरेशन के बाद युवती की मौत, निजी क्लीनिक में हंगामा, लापरवाही का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

प्रतिनिधि, शेरघाटी। शेरघाटी-इमामगंज पथ स्थित सोनपुर गांव की 20 वर्षीय मोनी कुमारी की ऑपरेशन के बाद मौत हो जाने से मंगलवार को शहर के गोला बाजार रोड स्थित एक निजी क्लीनिक में जमकर हंगामा हुआ। आक्रोशित परिजन युवती का शव लेकर क्लीनिक पहुंचे और चिकित्सक पर गलत ऑपरेशन तथा इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। परिजनों ने बताया कि मोनी कुमारी को पेट दर्द की शिकायत होने पर पिछले शुक्रवार को क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। उनका आरोप है कि अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट सामान्य होने के बावजूद चिकित्सक ने अपेंडिक्स का हवाला देकर ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों का कहना है कि उनकी अनुपस्थिति में बिना सहमति के ऑपरेशन कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद युवती की तबीयत लगातार बिगड़ती गई, जिसके बाद उसे पहले गया और फिर बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। पटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि इलाज में तीन से चार लाख रुपये खर्च हुए। उनका यह भी आरोप है कि पटना के चिकित्सकों ने ऑपरेशन में गंभीर त्रुटि होने की जानकारी दी, जिसके कारण युवती की जान नहीं बच सकी। हंगामे की सूचना मिलते ही क्लीनिक के चिकित्सक और कर्मचारी वहां से चले गए। इस दौरान भीड़ ने एक कंपाउंडर की पिटाई कर दी, जिसे पुलिस ने किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, क्लीनिक की पहली मंजिल पर संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्र के टेक्नीशियन विपिन कुमार घबराकर छत से कूद गए, जिससे उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद पूरे मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 1 सितंबर को दिल्ली में बदलाव रैली में अरवल से बड़ी संख्या में होंगे लोग शामिल

अरवल। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा के जिला कार्यालय अरवल में पार्टी कार्यकताओं की बैठक हुई। इस बैठक में 1 सितंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली बदलाव जरूरी है। ऐतिहासिक रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने पर विचार किया गया। बैठक में रैली के प्रचार के लिए 6 अगस्त से 15 अगस्त तक पदयात्रा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान गांव-गांव जाकर रैली का पोस्टर जारी कर लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। रैली की मुख्य मांगें:महंगाई पर रोक लगाओ। मतपत्र से चुनाव कराओ। दलित-आदिवासियों को न्याय दिलाओ।एमएसपी की कानूनी गारंटी करो।मजदूरों के हकों की रक्षा और मनरेगा की वापसी।महिला आरक्षण। मजबूत सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य। इस बैठक की अध्यक्षता भाकपा जिला सचिव कामरेड अरुण कुमार ने किया। इस मौके पर रामचंद्र पाठक, सुशील कुमार, दीनानाथ सिंह, डॉ. शिवदत्त सिंह, गोपाल मिश्रा, पंकज कुमार राय, विकाश कुमार, चतुर्गुण पासवान सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सरकार के निर्धारित तिथि पर जिले के 62 पैक्स व 4 व्यापार मंडलों से धान की खरीद पूर्ण

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस के कुशल नेतृत्व और सतत अनुश्रवण के परिणामस्वरूप अरवल जिले ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत कस्टम मिल्ड राइस (उटफ) की 100% आपूर्ति निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक जिले के 62 पैक्स एवं 4 व्यापार मंडलों द्वारा अधिप्राप्त 60,990.889 मीट्रिक टन धान के समतुल्य 41,572.59 मीट्रिक टन उटफ की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम (रत्रछ) को सफलतापूर्वक कर दी गई।धान अधिप्राप्ति से लेकर उटफ आपूर्ति तक जिला प्रशासन द्वारा नियमित अनुश्रवण किया गया। सभी संबंधित विभागों के साथ लगातार समीक्षा बैठकें कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे कार्य समय पर पूर्ण हो सके।इस सफलता में सहकारिता विभाग, राज्य खाद्य निगम, पैक्स, व्यापार मंडल, राइस मिलर तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।समय-सीमा में शत-प्रतिशत उटफ आपूर्ति किसानों के हितों की रक्षा, धान अधिप्राप्ति व्यवस्था को मजबूत करने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की दिशा में अरवल जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता एवं बेहतर समन्वय का उत्कृष्ट है।

### डालमियानगर के कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या के विरोध में शेरघाटी में कैंडल मार्च

प्रतिनिधि, शेरघाटी। डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार की देर शाम शेरघाटी शहर में नागरिकों एवं व्यवसायियों ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कैंडल मार्च जेपी चौक से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए थाना मोड़ तक पहुंचा। हाथों में मोमबत्तियां लिए लोगों ने दिवंगत अधिकारी को श्रद्धांजलि दी और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। कैंडल मार्च में शेरघाटी के गणमान्य नागरिक, व्यवसायी वर्ग तथा अग्रवाल समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की इस तरह हत्या होना बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कार्यक्रम में प्रमोद वर्मा, सुमित अग्रवाल, अमृत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, विनय अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन किशोर, दीनानाथ पांडेय, नगर उपाध्यक्ष तालकेश्वर चौधरी उर्फ भोला चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में शहरवासी शामिल हुए।

# डॉ मुस्तफा कमाल CCRT दिल्ली में आयोजित 22 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चयनित

● डॉ कमाल के चयन होने से गया जिले के शिक्षकों में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। ज़िले से संबंध रखने वाले राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल का उउफ्ळ दिल्ली में 4 अगस्त से 25 अगस्त तक आयोजित होने वाले 22 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चयनं हुआ है प्रशिक्षण में शामिल होनेक लिए वह दिल्ली के लिए रवाना हो चुके है। गौरतलब हो कि डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल शिक्षा विभाग के विभिन्न प्रोग्राम में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है अब एक बार फिर उनका चयन भारत सरकार के संस्कृति मंत्राल के अधीन चलने वाले सीसीआरटी दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि डॉ सैयद मुस्तफा कमाल प्राथमिक विद्यालय करमडीह बांकेबाजार में शिक्षक के पद पर कार्यरत है।इस संबंध में डॉ सैयद मुस्तफा कमाल ने बताया कि सीसीआरटी (CCRT) का पूरा नाम सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र है। यह भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1979 में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा को भारतीय संस्कृति के साथ जोड़ना और बच्चों व शिक्षकों को कला एवं संस्कृति का प्रशिक्षण देना है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कार्य और उद्देश्य संस्कृति को शिक्षा से जोड़ना और स्कूली शिक्षा का स्तर सुधारना है साथ ही शिक्षकों के लिए कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना है।वहीं डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल के चयन पर जिले के कई शिक्षकों ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि डॉ० कमाल के प्रशिक्षण में शामिल होने से जिले में कला एवं संस्कृति शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने उमीद जाहिर की है कि डॉ० कमाल प्रशिक्षण से लौट कर जिले के अन्य शिक्षकों के साथ संबंधित प्रशिक्षण में बताई गई बातों एवं अन्य जानकारी साझा करेंगे।

# गया जंक्शन पर वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन, आधा दर्जन अवैध वेंडरों पर रेलवे एक्ट 144 के तहत कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



गया। पिछले दिनों गया जंक्शन से अवैध वेंडिंग के कुछ वीडियो सामने आने के बाद मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। इसके बाद रेलवे विभाग एक्शन मोड में आया और त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 144 के तहत कार्रवाई की गई। इस एक्ट के तहत उन पर आर्थिक दंड भी लगाया गया। इस कार्रवाई से एक बात साफ हो गई कि गया जंक्शन पर अवैध वेंडरों का वर्चस्व अब भी कायम है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि संबंधित विभागों द्वारा कहीं न कहीं नरमी बरती जा रही है। सिर्फ गया की समस्या नहीं हकीकत यह है कि अवैध वेंडिंग सिर्फ गया जंक्शन तक सीमित नहीं है। आप किसी भी स्टेशन पर जाएं या पैसेंजर-एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करें, अवैध वेंडर आसानी से दिख जाएंगे। टिकट लेकर सफर करने वाले यात्रियों को अक्सर इनकी वजह से परेशानी झेलनी पड़ती है। सबसे बड़ा सवालः संरक्षण कौन दे रहा है? कार्रवाई तभी होती है जब मामला सामने आता है और वीडियो वायरल होता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर इन अवैध वेंडरों को संरक्षण कौन दे रहा है? नियमित जांच और सख्त निगरानी के बावजूद इनका स्टेशन और ट्रेनों में खुलेआम घूमना विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। यात्रियों की मांग है कि इस तरह की कार्रवाई सिर्फ वायरल वीडियो के बाद न हो, बल्कि नियमित अभियान चलाकर अवैध वेंडिंग पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

# उपचुनाव में भाजपा की हार: जनता का विश्वास खो चुकी है : डॉ देविका



प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। सोमवार चुनावी परिणाम बीजेपी के अंत की सुरुवात है !जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र और कांग्रेस की मजबूत नेत्री डॉ देविका सरायर मिश्र के कहा कि जिस तरह से बीजेपी बाँकिपुर और दतिया का उपचुनाव हारी है उससे पता चलता है कि बीजेपी ले लिए जनता के बीच विश्वास खत्म होता जा रहा है।अभी हुए छात्र आंदोलन में बीजेपी और मोदी सरकार और बिहार सरकार का क्रूर चेहरा सामने आया और जनता ने उसका बदला पुरे मन से लिया है। इसके साथ हीं जनता ने एक सन्देश दिया कि आप किसी को भी चुनाव में खड़ा.कर चुनाव महीन जीत सकते हैं पार्टी के साथ साथ प्रत्याशी का चेहरा भी मायने रखता है !बीजेपी की उलटी गिनती शुरू हो गई है बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री स्वीकार नहीं है बीजेपी ने नितीश कुमार को सामने रखकर चुनाव जीता और पीछे के दरवाजे से बिहार की सत्ता को जठीया लिया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज, गया जी द्वारा विशेष शिविर के छठे दिन रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), गया कॉलेज, गया द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गया कॉलेज, गया के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने किया है। अपने उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि जब भी उन्हें अवसर मिले, वे स्वेच्छा से रक्तदान अवश्य करें, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान इसलिए कहा जाता है क्योंकि इससे सीधे किसी की जान बचाई जा सकती है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड बैंक इंचार्ज प्रदीप कुमार अग्रवाल, दिया फाउंडेशन के समन्वयक अमित कुमार, मुकेश कुमार, ग्लैंड इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक श्री नवनीत प्रिय तथा श्री आर. के. मेहता उपस्थित रहे हैं। सभी अतिथियों ने रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका की सराहना करते हुए युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया है। रक्तदान शिविर में स्वयं सेविकाओं रिया सिंह, रोली कुमारी, सृष्टि कुमारी, रिया कुमारी सहित कुल 24 स्वयंसेवकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया है। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। शिविर के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी की चिकित्सकीय टीम ने रक्तदाताओं के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से रक्त संग्रहण की प्रक्रिया संपन्न कराई है।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने स्वयं रक्तदान कर स्वयंसेवकों के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक महान सामाजिक दायित्व है, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा भी है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति का स्वैच्छिक रक्तदान किसी अज्ञात व्यक्ति के जीवन की रक्षा कर सकता है और यही राष्ट्रीय सेवा योजना की सेवा भावना का वास्तविक स्वरूप है। इस कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों द्वारा रक्तदाताओं एवं स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देने के साथ हुआ है। रक्तदान शिविर ने विशेष शिविर के उद्देश्यों को सार्थक करते हुए युवाओं में सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया है।

# इसी आरकी यूने एसडीआरएच गया में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार को लेकर पी सी एम डी को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, इसी आरके यू गया शाखा की ओर से आज सब-डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल एस डी आर एच, गया की स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार की मांग को लेकर प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक पीसी एमडी, पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। पीसी एम डीइगया दौरे पर आए हुए थे। ज्ञापन केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह ए आई आर एफ वर्किंग कमेटी सदस्य मिथलेश कुमार, गया शाखा सचिव मुकेश सिंह, गया शाखा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद एवं यूनियन के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में सौंपा गया है। ज्ञापन में उठाई गईं प्रमुख मांगें: 1. स्टाफ की कमी दूर हो - डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए 2. महिला एवं सर्जरी सुविधाएं - स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग तथा ऑपरेशन थिएटर को सुदृढ़ किया जाए 3. डायग्नोस्टिक सुविधा - एक्स-रे सेवा पुनः चालू हो, डिजिटल एक्स-रे मशीन स्थापित हो, पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक का आधुनिकीकरण हो 4. अन्य विभाग - दंत विभाग को कार्यशील बनाया जाए 5. रोगी सुविधा - रेफरल प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए, सभी वार्डों एवं कार्यालयों में एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था हो 6. दवाएं - आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि रउफ्ल गया हजारों रेल कर्मचारियों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। वर्तमान में चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इन समस्याओं के समाधान से चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा। पीसी एम डी का आश्वासन पी सी एम डी ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इ सी आर के यू ने विश्वास जताया कि रेल प्रशासन कर्मचारियों, पेंशनरों एवं उनके परिवारों के हित में इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर एस डी आर एच गया को एक बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करेगा।

# तीन राज्यों के विधानसभा उपचुनाव परिणाम देश की राजनीति को नई दिशा देगी: शौकत निशात

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। बिहार, मध्य प्रदेश एवं गुजरात में हुए विधानसभा उपचुनाव के परिणाम देश की राजनीति में बदलाव के संकेत दे रहे हैं। मध्यप्रदेश के दतिया विधानसभा में बीजेपी का गढ़ माना जाता था वहां कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने बीजेपी के प्रत्याशी को पराजित किया और बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा उम्मीदवार की हार यह दशार्ती है कि आम जनता के बीच बदलाव की भावना मजबूत हो रही है। धनबल, बाहुबल, सत्ता और धर्म के नाम पर राजनीति करने की तमाम कोशिशों के बावजूद जनता ने अपने मताधिकार के माध्यम से अपना संदेश स्पष्ट कर दिया है। यह बातें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद निशात अली के पुत्र वा बिहार प्रदेश कांग्रेस के मजबूत स्तंभ रहे पूर्व विधायक शेरघाटी एवं गुरुआ विधानसभा सह कैबिनेट वा चेयरमैन कैप्टन मोहम्मद शाहजहां के पौत्र युवा नेता कांग्रेस शौकत निशात उर्फ नवाब अली ने विधानसभा उपचुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनाव के परिणाम लोकतंत्र, सोशल फैब्रिक्स, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और जनहित के बुनियादी सवालों को नजरअंदाज करने वाली राजनीति के खिलाफ जनता की प्रतिक्रिया हैं। देश के छात्र, युवा, महिला,किसान, मजदूर और आम नागरिक अब अपने वास्तविक मुद्दों पर जवाब चाहते है। जनता को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की राजनीति के बजाय शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और विकास जैसे मुद्दों पर राजनीति होनी चाहिए।कांग्रेस पार्टी से गुरुआ विधानसभा के युवा नेता शौकत निशात उर्फ नवाब अली ने कहा कि छात्रों के सवालों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर बिहार तक जिस प्रकार आवाज बुलंद हुई, उसने केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी लगातार छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज संसद से सड़क तक उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च है। किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं और कर्मचारियों के सवालों का समाधान दमन से नहीं, बल्कि संवाद, संवेदनशीलता और जवाबदेह शासन से होना चाहिए।

# सीयूएसबी के 60 से अधिक छात्रों का बिहार के डिग्री महाविद्यालयों के लिए सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रख्यात दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) ने फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है` बिहार के महाविद्यालयों के लिए सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन हेतु हाल ही में हुए आयोजित साक्षात्कार में 60 से अधिक छात्र - छात्राओं को व्यापक सफलता मिली है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी), पटना द्वारा नवस्थापित 211 डिग्री महाविद्यालयों के लिए संविदा आधारित सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन हेतु आयोजित प्रक्रिया में सीयूएसबी के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन दिया है।कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा के साथ सीयूएसबी के विभिन्न विभागों के डीन, विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने सफल छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं `कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने छात्रों को मिली व्यापक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी संख्या में विद्यार्थियों का चयन होना विश्वविद्यालय की गुणवत्ता का प्रमाण है` मुझे विश्वास है कि ये चयनित विद्यार्थी बिहार की उच्च शिक्षा में बहुमूल्य योगदान देंगे।विस्तृत जानकारी देते हुए जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि ऐतिहासिक अध्ययन एवं पुरातत्व विभाग के दस (10) छात्रों का अंतिम रूप से चयन हुआ है। विभाग के पीएचडी शोध छात्र शुभेन्दु, दिव्या कुमारी, अमृत राज, विश्वरंजन, अनीषा कौर के साथ पूर्ववर्ती छात्र अंकिता शिल्पी, कर्निका कनक, मणिकांत, कीर्तिमा सिंह एवं रिया सिंह ने बाजी मारी है। राजनीतिक अध्ययन विभाग के 12 विद्यार्थियों ने सहायक प्राध्यापक पद के लिए क्वालीफाई किया है जिनमें हेमन्त दुबे, रामकृष्ण त्रिपाठी, रवि रंजन, मनोज कुमार, कौशिकी परिहार, अरहम अब्दाल, वर्षा भारद्वाज, शिवम कुमार, सारिका सिंह, गिरिधर कुमार, रिंकी और रेशम राज शामिल हैं` सीयूएसबी के समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग के रिकॉर्ड 18 शोधार्थियों को बीएसयूएससी सहायक प्राध्यापक चयन में सफलता मिली है जिनमें डॉ. संजय कुमार वर्मा, डॉ. अर्शी खानम, डॉ. नजमी परवीन, डॉ. विजेता, डॉ. शुभम तिवारी, शिवम कुमार, अभिषेक कुमार वर्मा, वेदिका नंदन, अंशुमाली मिश्रा, श्रेया भारती, निभा कुमारी, आस्था भारती, अनन्या कुमारी, अभिनव भारती, मनीषा चौरसिया, लोकेश प्रसाद तथा आदित्य आनंद शामिल हैं। आर्थिक अध्ययन एवं नीति विभाग से भी 18 विद्यार्थियों को भी सफलता मिली है जिनमें जिनमें प्रिंस कुमार, निकिता कुमारी, स्नेहा, अंकित राज, प्रीतम कुमार, फ्रेया सिमरन, राहुल कुमार, अनुप्रिया, आलोक कुमार, सुमित कुमार झा, डॉ. रिंकी कुमारी, अभिषेक कुमार चौबे, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार, निधि, ऋचा वर्मा, ए. सुंदरम तथा रोशनी कुमारी शामिल हैं ।पीआरओ ने कहा कि सीयूएसबी में एक स्वच्छ वातावरण में अतियोग्य अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में गुणवतापूर्ण पठन- पाठन सुनिश्चित किया जाता है जिससे इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का राज्य और देशस्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयन होता है।

# पितामहेश्वर घाट पर एक बहाई मास्क लाईट एवं अन्य मांग जिलाधिकारी से की

गयाजी। आगामी पितृपक्ष मेला को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद्, राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्यों ने बैठक किया है। इस बैठक के बाद राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा ने डीएम को पत्र लिख कर आग्रह किया कि पितृपक्ष मेला के अवसर पर गया जी के सभी पिण्डवेदियों की साफ-सफाई, रौशनी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जाती है उसी क्रम में पितामहेश्वर घाट पर एक बहाई मास्क लाईट लगाई जाय। और इसके साथ ही पितामहेश्वर स्थित राम जानकी ठाकुरवाड़ी के जर्जर भवन को खाली कराकर उसकी मरम्मत कराया जाय। पितामहेश्वर में ही पानी सप्लाई के लिए एक ऑपरेटर की नियुक्ति की जाय ताकि समयनुसार पानी की सप्लाई हो सके। पितामहेश्वर स्थित शितला मंदिर के सामने एक रोड ब्रेकर का निर्माण हो जिससे यहां पर होने वाले दुर्घटना में कमी आय। इसके साथ राम जानकी ठाकुर बाड़ी के जमीन को कब्जे से मुक्त करायें। शशिकांत मिश्रा नव बताया कि इस पत्र की कॉपी नगर आयुक्त को भी दिया गया है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज द्वारा जीवन धारा मूवमेंट के अंतर्गत डायलिसिस मरीज को आर्थिक सहयोग

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज ने जीवन धारा मूवमेंट के अंतर्गत मानव सेवा की भावना को साकार करते हुए एक डायलिसिस मरीज, उमेश सिंह, को गोद लेकर उनके उपचार हेतु 30,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की है।उमेश सिंह पिछले एक माह से नियमित डायलिसिस उपचार करा रहे हैं। उनके उपचार में आर्थिक सहयोग प्रदान कर क्लब ने यह संदेश दिया कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा और स्वास्थ्य की निरंतरता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा मधु प्रिया ने कहा, इनर व्हील का मूल उद्देश्य सेवा, संवेदना और मानवता है। जीवन धारा मूवमेंट के माध्यम से हमारा प्रयास है कि आर्थिक अभाव किसी भी मरीज के उपचार में बाधा न बने। समाज के जरूरतमंद लोगों तक समय पर सहायता पहुँचाना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। क्लब की सचिव स्नेहा शाही ने कहा, स्वास्थ्य सबसे अमूल्य संपत्ति है। ऐसे सेवा कार्य न केवल एक मरीज को जीवन जीने का संबल देते हैं, बल्कि समाज में सहयोग, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करते हैं। हमारा क्लब भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।ह्व इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में क्लब की निम्नलिखित सदस्याओं एवं सदस्यों का विशेष सहयोग एवं आर्थिक योगदान रहा, जिनके प्रति क्लब हार्दिक आभार व्यक्त करता है– रीना जी डॉ. लवली,स्नेहा शाही डॉ. तेजस्वी नंदन,मधु प्रिया , प्रतिभा, अम्बरीन डॉ. चारिमा दीपाली , ज्योति अग्रवाल,इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर सेवा कार्य करता आ रहा है तथा भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ जनहित में कार्य करता रहेगा।

# यह जीत जनता की जीत,नयी बिहार कि शुरूआत : डॉ बीडी शर्मा

गया जी।आज बिहार के बाकीपुर विधानसभा में जन सुराज के समर्थित प्रत्याशी की जीत की खुशी में गया शहर स्थित डॉ. बी.डी. शर्मा के अस्पताल के पास जन सुराज के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया है। इस अवसर पर एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया गया तथा सैकड़ों गया वासियों के बीच मिठाइयाँ वितरित की गईं हैं।इन समर्थकों ने पटाखे और आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। इसी क्रम में छठा चौक पर भी जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश संतोष यादव के नेतृत्व में मिठाइयाँ बाँटी गईं हैं।

# गया ग्रामीण विद्युत आपूर्ति प्रमंडल: गुरारू के डीहा पावर स्टेशन में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ी, किसानों को मिलेगी 12 घंटे निर्बाध बिजली

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया ग्रामीण विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के अंतर्गत गुरारू ब्लॉक स्थित डीहा पावर स्टेशन में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। पावर स्टेशन में पहले से स्थापित 3.15 एम वी ए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को बढ़ाकर 5 एम वी ए कर दिया गया है। इसके साथ ही, एक अतिरिक्त 3.15 एम वी ए का नया पावर ट्रांसफार्मर भी अधिस्थापित (स्थापित) किया गया है। क्षमता विस्तार के इस कार्य से क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को जहाँ 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलेगी, वहीं एग्रीकल्चर (कृषि) फीडर के तहत किसानों को प्रतिदिन न्यूनतम 12 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी। कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी गया के निर्देशानुसार धान की रोपनी के इस मौसम में किसानों को बेहतर वोल्टेज के साथ न्यूनतम 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जानी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गया बिजली विभाग इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी पूरी तैयारी के साथ मुस्तैद है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 05 अगस्त, 2026


# स्कूल वाहन पलटा, करीब एक दर्जन बच्चे घायल वाइस प्रिंसिपल ने हादसे से किया इनकार

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा अनुमंडल के भैरोगंज बाजार स्थित राजहंस सेकेंडरी स्कूल का वाहन मंगलवार दोपहर भैरोगंज थाना क्षेत्र के डाबरा चौक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में करीब एक दर्जन बच्चे घायल हो गए। घायलों का इलाज अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन की देखरेख में विभिन्न निजी अस्पतालों और स्थानीय क्लीनिकों में कराया जा रहा है। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने वाहन में बच्चों के सवार होने और किसी के घायल होने से इनकार किया है, जिससे मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब एक बजे स्कूल की छुट्टी के बाद वाहन बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान डाबरा चौक के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक वाहन का एक्सल टूट जाने से यह हादसा हुआ। दुर्घटना में कई बच्चों को हल्की चोटें आईं। स्थानीय स्तर पर डाबरा चौक के एक ग्रामीण चिकित्सक तथा निजी क्लीनिकों में उनका उपचार कराया गया। इलाज कराने वालों में सोनू कुमार (कक्षा-3), राधा कुमारी (कक्षा-4), रानी कुमारी (कक्षा-5) सहित अन्य बच्चे शामिल हैं। वहीं दो बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन के साथ हरनाटांड़ स्थित एक निजी अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और भैरोगंज थानाध्यक्ष सीता केवट मौके पर पहुंचीं। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल पर केवल पलटा हुआ स्कूल वाहन मिला। एक-दो बच्चे मामूली रूप से घायल मिले थे। पुलिस के अनुसार वाहन में करीब 15 से 20 बच्चे सवार थे। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है तथा एक्सल टूटने की सूचना की भी पुष्टि की जा रही है।



# सावन के रंग में सराबोर हुआ मारवाड़ी समाज, उल्लास के साथ मना नौवां सावन महोत्सव सुरंगों सावन

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। सावन की हरियाली, पारंपरिक संस्कृति और उत्साह से सराबोर माहौल के बीच आज मंगलवार को शहर के बैंक रोड स्थित श्री सत्यनारायण मारवाड़ी पंचायती मंदिर परिसर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, रक्सौल शाखा द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर हुसुरंगों सावनहृ थीम के साथ नौवां सावन महोत्सव सुरंगों सावन धूमधाम एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे परिसर को सावन की थीम पर आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर ट्रस्ट के सचिव कैलाश चन्द्र काबरा, महेश अग्रवाल, शाखा अध्यक्षा सोनू काबरा, प्रांतीय अंचल प्रमुख एवं निवर्तमान अध्यक्षा वीणा गोयल, सचिव रचना रुंगटा, विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति खंडेलवाल राजकुमार अग्रवाल एवं सीताराम गोयल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कैलाश चन्द्र काबरा ने कहा कि मारवाड़ी महिला सम्मेलन समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। सावन महोत्सव के दौरान आयोजित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मेलन की सदस्याओं ने गीत एवं नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से वातावरण को आनंदमय बना दिया। हिन्दी, भोजपुरी एवं मारवाड़ी गीतों की सम्मेलन की सदस्यों की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए भरपूर सराहना की। सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मेले का विशेष आकर्षण आकर्षक सेल्फी प्वाइंट रहा, जहां महिलाओं और युवाओं में तस्वीरें खिंचवाने की होड़ लगी रही। इसके अलावा महिलाओं द्वारा लगाए गए रंग-बिरंगे सजावटी सामान, डिजाइनर परिधान, आकर्षक राखियों एवं घरेलू उत्पादों के स्टॉल पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं चाट, गोलगप्पे एवं अन्य चटपटे व्यंजनों के स्टॉल पर देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही और सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाया। शाखा अध्यक्षा सोनू काबरा ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सम्मेलन आगे भी सेवा, संस्कार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करता रहेगा। रक्सौल शाखा द्वारा अब तक किए गए सेवा एवं सामाजिक कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सफलता में प्रांतीय अंचल प्रमुख एवं निवर्तमान शाखा अध्यक्ष वीणा गोयल, शाखा अध्यक्ष सोनू काबरा, सचिव रचना रुंगटा, कोषाध्यक्ष संगीता रुंगटा, अनुराधा शर्मा, ज्योति शर्मा, सारिका अग्रवाल, सुनीता शाह, सुमन अग्रवाल, सुशीला अग्रवाल, शिखा रंजन, खुशबू भरतिया, शिल्पा भरतिया, बबली अग्रवाल, रेणु रुंगटा, बबीता रुंगटा, अनुजा अग्रवाल, रचना रुंगटा, मधु अग्रवाल, नीलम खेतान आशा केशान एवं ज्योति राज गुप्ता, आइसीपी रक्सौल की सुपरवाइजर सुरभि, प्रिया रानी एवं सहित सम्मेलन की सभी सदस्याओं की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी बैंक ने दो नए सेविंग्स अकाउंट वेरिएंट लॉन्च किए

पटना। भारत के प्रमुख प्राइवेट सेक्टर बैंक एचडीएफसी बैंक ने दो नए सेविंग्स अकाउंट वेरिएंट, मैक्स फॉर सीनियर्स और मैक्स फॉर हर लॉन्च किए हैं। ये अकाउंट सीनियर सिटिजन्स और महिलाओं के लिए खास तौर पर तैयार किए गए कई तरह के फायदे देते हैं। ये खास प्रोडक्ट वेरिएंट बैंक के मशहूर सेविंग्स मैक्स अकाउंट के तहत पेश किए जा रहे हैं, जो एंट्री-लेवल सेविंग्स अकाउंट्स में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले अकाउंट्स में से एक है। मैक्स फॉर सीनियर्स और मैक्स फॉर हर को इन कस्टमर ग्रुप्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें कई ऐसे फीचर्स शामिल हैं जो इंडस्ट्री में पहली बार दिए जा रहे हैं, जैसे कि साइबर फ्रॉड कवर, 1 लाख रुपये तक का हॉस्पिटलाइजेशन कवर और भी बहुत कुछ। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड (ब्रांच बैंकिंग, पेमेंट्स, ट्रेजरी, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, मार्केटिंग, वर्चुअल चैनल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर) आशीष पार्थसारथी ने इस नई पेशकश के बारे में बात करते हुए कहा कि जैसे-जैसे जीवनशैली बदल रही है और ग्राहकों की उम्मीदें बदल रही हैं, बैंक अलग-अलग तरह के ग्राहकों की खास जरूरतों को पूरा करने के लिए कस्टमाइज्ड और बेहतरीन बैंकिंग अनुभव देने पर ध्यान दे रहा है। ये नए प्रोडक्ट्स ऐसे समाधान देने के हमारे वादे को और मजबूत करते हैं जो सुरक्षा, सुविधा और लंबे समय की वित्तीय भलाई को बेहतर बनाते हैं।

### सोनालीका ने जुलाई में सर्वाधिक 11442 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की

पटना। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी मजबूत रफ़्तार बनाए रखते हुए जुलाई की अब तक की सर्वाधिक 11442 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने घरेलू उद्योग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए घरेलू बाजार के प्रदर्शन को 1.3 गुना से पीछे छोड़ दिया है। किसानों की जरूरतों के हिसाब से समाधान देने के कारण, कंपनी घरेलू बाजार में सबसे ज्यादा मार्केट शेयर में बढ़ोतरी हासिल करने वाली कंपनी भी बन गई है। इस रिकॉर्ड प्रदर्शन पर बात करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि हमें बेहद्द खुशी है की हमने जुलाई की अब तक की सर्वाधिक 11442 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है, जो किसानों को सर्वश्रेष्ठ देने की हमारी रणनीतिक प्रतिबद्धता की मजबूती से दर्शाती है। ज्यादा एचपी वाले ट्रैक्टरों की ओर मांग बढ़ने के साथ आज किसान ऐसे ट्रैक्टरों में भारी निवेश कर रहे हैं जो कुशल हों, भरोसेमंद प्रदर्शन दें और अपने भविष्य को सुरक्षित करते हुए ज्यादा पैदावार दिलाएं। हम यह सुनिश्चित करते रहेंगे कि हमारे प्रोडक्ट आने वाले त्योहारों के सीजन में किसानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हों।

### क्रॉम्पटन ने पेश किया एमियो एज एयर फ्रायर

पटना। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने न्यूट्रिगार्ड टेक्नोलॉजी से युक्त एमियो एज एयर फ्रायर पेश किया। इसे आधुनिक घरों में सेहतमंद विकल्प चुनना आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस लॉन्च पर क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के बिजनेस यूनिट हेड - किचन अप्लायंसेज, आनंद कुमार एन ने कहा कि एयर फ्रायर्स कई भारतीय परिवारों के लिए हेल्दी कुकिंग का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह श्रेणी विकसित हो रही है, उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं अब केवल कम तेल में खाना पकाने तक सीमित नहीं रह गई हैं। क्रॉम्पटन में हमने उपभोक्ताओं की इन बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए एमियो एज को विकसित किया है, ताकि हेल्दी कुकिंग के साथ भरोसेमंद प्रदर्शन और रोजमर्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# नेपाल में सर्पदंश की जीवनरक्षक दवा का संकट, वर्षा के मौसम में बढ़ी चिंता

● तराई-मधेश सहित कई क्षेत्रों से एंटी स्नेक वेनम की कमी की शिकायतें, सरकार ने जल्द आपूर्ति का दिया भरोसा

प्रात: किरण संवाददाता




बगहा। नेपाल में वर्षा ऋतु के दौरान सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में सर्पदंश के उपचार में उपयोग होने वाली जीवनरक्षक दवा एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। विशेष रूप से तराईमधेश के कई अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की उपलब्धता को लेकर मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों ने चिंता जताई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के समय हर वर्ष सर्पदंश के मामलों में वृद्धि होती है। ऐसे समय में एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता बेहद आवश्यक है। दवा की कमी के कारण कई मरीजों को समय पर उपचार मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, नेपाल सरकार के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय ने दावा किया है कि स्थिति को सामान्य बनाने के लिए दवा खरीद और आपूर्ति की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मंत्रालय के अनुसार हजारों वायल एंटी स्नेक वेनम की आपूर्ति की जा रही है और आवश्यकता वाले स्वास्थ्य संस्थानों तक जल्द दवा पहुंचाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या घरेलू उपचार के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार कराएं, क्योंकि समय पर एंटी स्नेक वेनम मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

# एलजी ने अपने प्रीमियम टीवी पोर्टफोलियो का किया विस्तार

पटना। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने अपने 2026 एआई टीवी लाइनअप की घोषणा की है, जिसमें अल्ट्रा-लार्ज स्क्रीन और मिनी एलईडी तकनीक को इसकी प्रीमियम टेलीविजन रणनीति के केंद्र में रखा गया है। चूंकि भारतीय उपभोक्ता तेजी से ओटीटी स्ट्रीमिंग, लाइव स्पोर्ट्स और गेमिंग के लिए बड़ी स्क्रीन की ओर रुख कर रहे हैं, इसलिए एलजी की क्यूएनईडी ईवो मिनी एलईडी रेंज इस लॉन्चिंग का मुख्य आकर्षण है। इसमें 292 सेमी (115-इंच) का फ्लैगशिप मॉडल शामिल है, जो एलजी द्वारा भारतीय बाजार में अब तक पेश की गई सबसे बड़ी मिनी एलईडी स्क्रीन है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मीडिया एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन के निदेशक, ब्रायन जंग ने कहा कि भारत में बड़ी स्क्रीन की मांग पहले से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रही है, और मिनी एलईडी के जरिए हम इस मांग को बड़े पैमाने पर पूरा कर रहे हैं।

# मानसून में वन्यजीवों के रेस्क्यू को लेकर वन विभाग अलर्ट, गंडक नदी किनारे रेस्क्यू टीम तैनात

बगहा। मानसून के दौरान गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) का वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। नदी के तेज बहाव में जंगलों से बहकर आने वाले वन्यजीवों के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए वन कर्मियों की विशेष टीम को गंडक नदी के किनारे तैनात किया गया है। टीम को सभी आवश्यक सुरक्षा एवं रेस्क्यू उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि रेस्क्यू टीम को लाइफ जैकेट, बाइनाकुलर (दूरबीन), एयर ट्यूब समेत अन्य जरूरी उपकरणों से लैस किया गया है। इन उपकरणों की मदद से वन कर्मी नदी में बहकर आने वाले जंगली जानवरों पर दूर से ही नजर रख रहे हैं, ताकि समय रहते उनकी पहचान कर सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। उन्होंने बताया कि मानसून के दिनों में कई बार तेज बहाव के कारण हिरण, सांभर, जंगली सूअर, अजगर समेत अन्य वन्यजीव नदी के रास्ते बहकर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच जाते हैं। ऐसे में प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम हर समय सतर्क रहती है और सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर वन्यजीवों को सुरक्षित निकालकर पुनः जंगल में छोड़ने की कार्रवाई करती है। वन विभाग ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से अपील की है कि यदि कोई वन्यजीव नदी में बहता हुआ या किनारे दिखाई दे तो उसे पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू अभियान चलाया जा सके।

# जलजमाव में फंसे मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू, गंडक नदी में छोड़ा गया

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा प्रखंड के नवल परवल गांव में जलजमाव के बीच पहुंचे एक मगरमच्छ का वन विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित गंडक नदी में छोड़ दिया। मगरमच्छ के गांव में दिखाई देने से ग्रामीणों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया था। रेंजर श्रीमान मलाकार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलते ही वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा। फॉरेस्टर एवं वनकर्मी विक्की कुमार के नेतृत्व में टीम ने सावधानीपूर्वक मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास गंडक नदी में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि बरसात के मौसम में नदी और जलजमाव वाले क्षेत्रों से मगरमच्छ एवं अन्य वन्यजीव आबादी वाले इलाकों की ओर आ सकते हैं। ऐसे में किसी भी वन्यजीव को देखकर उसके पास न जाएं, न ही उसे पकड़ने या भगाने का प्रयास करें। इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें, ताकि सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके।

# साइबर अपराध जांच में आधुनिक डिजिटल उपकरणों की भारी कमी : नेपाल प्रहरी प्रमुख दान बहादुर कार्की

बगहा। नेपाल प्रहरी के महानिरीक्षक (आईजीपी) दान बहादुर कार्की ने कहा है कि देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों की प्रभावी जांच और नियंत्रण के लिए आधुनिक डिजिटल फोरेंसिक उपकरणों तथा तकनीकी संसाधनों की भारी कमी है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा लगातार नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि पुलिस के पास उपलब्ध संसाधन उनकी तुलना में सीमित हैं। आईजीपी कार्की ने कहा कि साइबर अपराध की जांच को मजबूत बनाने के लिए उन्नत डिजिटल फोरेंसिक प्रयोगशालाएं, आधुनिक सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और प्रशिक्षित तकनीकी जनशक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि डिजिटल साक्ष्यों का शीघ्र विश्लेषण कर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बतादें की हाल ही में नेपाल पुलिस के डिजिटल फोरेंसिक लैब को अत्याधुनिक डिजिटल फोरेंसिक उपकरण और सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराए गए हैं। आईजीपी कार्की ने आगे कहा कि इन संसाधनों से साइबर अपराध की जांच क्षमता में सुधार होगा, लेकिन देशभर में बढ़ते मामलों को देखते हुए अभी भी पर्याप्त उपकरणों और तकनीकी क्षमता की आवश्यकता बनी हुई है।

# रुक-रुक कर हो रही बारिश से बढ़ा गंडक नदी का जलस्तर, निचले इलाकों में प्रशासन अलर्ट

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। नेपाल के नारायणी (गंडक) नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश का असर अब गंडक नदी के जलस्तर पर दिखने लगा है। मंगलवार को नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई, जिसके बाद प्रशासन ने गंडक नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए अलर्ट जारी किया है। वाल्मीकिनगर गंडक बराज कंट्रोल रूम भी हाई अलर्ट पर है। कार्यपालक अभियंता इकबाल अहमद स्वयं बराज की स्थिति और जलप्रवाह की पल-पल निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। मंगलवार शाम चार बजे जारी बराज कंट्रोल रूम की रिपोर्ट के अनुसार, गंडक बराज के अपस्ट्रीम (यू/एस) में 1,41,100 क्यूसेक पानी का प्रवाह दर्ज किया गया। अपस्ट्रीम जलस्तर 362.00 फीट तथा डाउनस्ट्रीम जलस्तर 351.70 फीट रिकॉर्ड किया गया। वहीं डाउनस्ट्रीम से 1,26,500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा पूर्वी मुख्य नहर (ईएमसी) में 6,600 क्यूसेक तथा पश्चिमी मुख्य नहर (एमडब्ल्यूसी) में 8,000 क्यूसेक पानी का प्रवाह जारी है। प्रशासन ने नदी किनारे और निचले क्षेत्रों के लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सतर्क रहने की अपील की है। जल संसाधन विभाग लगातार जलस्तर की निगरानी कर रहा है और नेपाल से आने वाले पानी की स्थिति के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीराम जानकी म्यूजिकल ग्रुप के संगीत प्रशिक्षण कार्यालय का हुआ भव्य शुभारंभ




प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। बीती देर शाम नटराज सेवा संगम के सौजन्य से पोस्ट ऑफिस रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर सह विवाह परिसर में श्रीराम जानकी म्यूजिकल ग्रुप के संगीत ट्रेनिंग एवं प्रशिक्षण कार्यालय का शुभ उद्घाटन संध्या श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर ठाकुर अनुकुल चंद्र के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत भजन-कीर्तन एवं मंगलाचरण से पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण छा गया। व्यास जूही राज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्रीराम जानकी म्यूजिकल ग्रुप का उद्देश्य केवल संगीत का प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं भक्ति की भावना को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि नए प्रशिक्षण कार्यालय के माध्यम से संगीत साधकों एवं कलाकारों को व्यवस्थित प्रशिक्षण और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने बताया कि भजन संध्या, सांस्कृतिक संध्या, देवी जागरण तथा अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठानों में मनभावन भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए अब सभी प्रकार की जानकारी, कार्यक्रम निर्धारण एवं बुकिंग संबंधी कार्य नये कार्यालय से किये जायेंगे। इस अवसर पर उपस्थित भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने श्रीराम म्यूजिकल ग्रुप के व्यास जूही राज एवं नरेश कुमार को नये कार्यालय के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाएं भारतीय संस्कृति, भक्ति परंपरा और सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नये कार्यालय से म्यूजिकल ग्रुप की गतिविधियाँ और अधिक सुव्यवस्थित और अधिक व्यापक होगी तथा सभी को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने का कार्य निरंतर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में व्यास नरेश जी ने कहा कि संगीत और भजन ईश्वर की आराधना का सशक्त माध्यम हैं। यह प्रशिक्षण केंद्र धार्मिक एवं सांस्कृतिकप्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ समाज में सांस्कृतिक चेतना को भी नई दिशा प्रदान करेगा। इस मौके पर पूर्व आरडीडी ब्रजेश ओझा ने सुमधुर भजनों से खूब शमां बाँधा। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने श्रीराम जानकी म्यूजिकल ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया तथा संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर व्यास जूही राज ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के स्नेह, सहयोग एवं आशीर्वाद से संस्था भविष्य में भी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक व्यापक रूप से संचालित करती रहेगी। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों का मुँह मीठा कराया गया तथा सभी ने नवस्थापित संगीत प्रशिक्षण कार्यालय की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। मौके पर आरडीडी ब्रजेश ओझा, एम. के. मिशन आवासीय विद्यालय, भलूवाहिया रामगढ़वा के निदेशक ध्रुव नारायण कुशवाहा, संगीत गुरु संजय दास, सिंगर अमृता, नटराज सेवा संगम के पन्नालाल प्रसाद, श्यामा जायसवाल, धीरज कुमार, अजय कुमार, बैज जायसवाल, सन्नी पटेल, अंकेश्वर सर्राफ, अशोक कुमार, पूरन पटेल, पूर्व आरडीडी ब्रजेश ओझा, सरोज गिरि, पिंटू समेत अनेक सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दोन क्षेत्र के दौरे पर आएंगे स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का दिया आश्वासन



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। पूर्व विधायक एवं जनता दल (यू) के प्रदेश महासचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात कर दोन क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान दोण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने पर लंबी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द ही वाल्मीकिनगर एवं दोन क्षेत्र का दौरा करने का आश्वासन दिया है। दौरे के दौरान वे स्वयं क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेंगे और आवश्यक सुधार के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश देंगे। पूर्व विधायक ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ शिक्षा, बिजली और संचार सुविधाओं के विस्तार पर भी सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि सरकार इन क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए गंभीरता से कार्य करेगी और एक व्यापक विकास योजना तैयार की जाएगी। धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दोन क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के समक्ष लगातार आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में क्षेत्र में विकास कार्यों के सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे।

# 11 वर्षीय गौतम के लापता होने पर फूटा लोगों का गुस्सा, एनएच-727 किया जाम

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। नगर के वार्ड संख्या-26 स्थित रामधाम मंदिर मोहल्ले के 11 वर्षीय गौतम कुमार के तीन दिनों से लापता होने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर मंगलवार को परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने बगहा-बेतिया मुख्य मार्ग (एनएच-727) को जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। लापता बालक गौतम कुमार, तुलसी शाह का पुत्र है। परिजनों ने बताया कि बच्चे के गायब होने के बाद उन्होंने अपने स्तर पर हरसंभव तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका। उनका आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई अपेक्षित गति से नहीं होने के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ी। सड़क जाम की सूचना मिलते ही बगहा एसडीपीओ निहार भूषण, नगर थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजनों और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर बच्चे की तलाश के लिए हरसंभव कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस का कहना है कि गौतम कुमार की तलाश गंभीरता से की जा रही है। संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी और खोजबीन जारी है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा परिजनों द्वारा जताई गई अपहरण की आशंका को भी जांच के दायरे में रखा गया है। वहीं, परिजनों और स्थानीय लोगों ने बच्चे की शीघ्र बरामदगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# चम्पारण के मजदूरों की आवाज को राज्य स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी एटक के उप महासचिव बने ओम प्रकाश क्रांति

बेतिया। पश्चिम चम्पारण के श्रमिक आंदोलन के लिए गर्व की खबर सामने आई है। खगड़िया में आयोजित आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के 24वें राज्य सम्मेलन में गठित नई राज्य कार्यसमिति में पश्चिम चम्पारण के वरिष्ठ श्रमिक नेता ओम प्रकाश क्रांति को उप महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके इस मनोनयन से जिले के श्रमिक, किसान, आंगनबाड़ी, आशा, रसोईया, सफाई कर्मचारी तथा सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ओम प्रकाश क्रांति को मिली इस नई जिम्मेदारी पर किसान सभा के राधामोहन यादव, अशोक मिश्र और बब्लू दूबे, रसोईया यूनियन के लालबाबु राम, रामाश्रय हजरा, शंभूनाथ मिश्र और वीणा देवी, आशा संघ की आरती, साधना, वेणु, सुनीता, परशुराम ठाकुर और मुन्ना, आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की सुमन वर्मा, अजय वर्मा, सीमा, सरिता शुक्ला, शिल्पी, गोदावरी, सीता, स्नेहलता, पम्मी, अर्पण, प्रभा और हसीना, सफाई कर्मचारी यूनियन के विनय बागी, समाजसेवी नेहाल अहमद, नौजवान संघ के तारीक और इदू सहित विनय श्रीवास्तव एवं अन्य नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। सभी नेताओं ने विश्वास जताया कि ओम प्रकाश क्रांति के राज्य नेतृत्व में शामिल होने से पश्चिम चम्पारण सहित पूरे बिहार के मजदूरों, किसानों और मेहनतकश वर्ग की समस्याओं को और अधिक मजबूती से राज्य स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने एटक के राज्य नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चम्पारण के संघर्षशील श्रमिक आंदोलन को उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व मिला है, जिससे जिले के कार्यकताओं का मनोबल और भी बढ़ेगा।

# राज्यव्यापी सफाई कर्मी हड़ताल को एटक का समर्थन, ओम प्रकाश क्रांति बोले– सरकार तुरंत वार्ता कर कर्मचारियों की जायज मांगें माने

बेतिया बिहार में स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारियों की राज्यव्यापी हड़ताल को अब मजदूर संगठनों का भी खुला समर्थन मिलने लगा है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) पश्चिम चम्पारण के जिला अध्यक्ष एवं राज्य उपमहासचिव ओम प्रकाश क्रांति ने आंदोलनरत सफाई कर्मियों की तीन सूत्री मांगों का समर्थन करते हुए सरकार और प्रशासन से तत्काल वार्ता कर हड़ताल समाप्त कराने की मांग की है। ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों में कार्यरत सफाई कर्मचारी लंबे समय से वेतन भुगतान, ठेका कर्मियों के पारिश्रमिक और अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। कई बार मांग उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला, जिसके कारण कर्मचारियों को राज्यव्यापी हड़ताल पर जाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में सफाई कर्मियों को मिलने वाली मजदूरी परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में उनकी मांगों को नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। एटक का मानना है कि सफाई कर्मी शहरों की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके श्रम का सम्मान करते हुए सरकार को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए। एटक ने सरकार और जिला प्रशासन से अपील की है कि आंदोलनकारी सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ जल्द सकारात्मक वार्ता कर उनकी जायज मांगों पर निर्णय लिया जाए, ताकि राज्यभर में चल रही हड़ताल समाप्त हो, सफाई व्यवस्था सामान्य हो सके और कर्मचारियों को उनका अधिकार एवं सम्मान मिल सके।

# श्रावणी मेला में प्रशासन के सहयोग के अभाव में बढ़ सकती है तीर्थ यात्रियों की मुसीबत

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज। अजगैबीनाथ धाम के नगर के आलू ,चावल दाल तेल ,बोतल बंद पानी तथा किराना व्यवसायों के प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल से श्रावणी मेला में माल की सुगम आवाजाही को लेकर हो रहे कठिनाई के त्वरित समाधान के लिए मिला । विधायक से मिलकर श्रावणी मेला में इस बार अभी तक व्यापारियों को प्रशासन द्वारा पास निर्गत नहीं करने के कारण ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है जिसके कारण मेला में खाद्य सामग्री की किल्लत होने लगी है व्यापारियों ने विधायक को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रशासन व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए माल ट्रांसपोर्टिंग के लिए पास निर्गत नहीं किया तो श्रावणी मेला के सामग्री में महंगाई बढ़ेगी तथा कालाबाजारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता , व्यापारियों के लिए हर वर्ष थाना रोड में रात्रि के 11:00 बजे से 4:00 बजे सुबह तक ट्रक आने जाने की सुविधा हुआ करती थी इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा अखबार के माध्यम से इस व्यवस्था को कायम रखने की बात कही थी परंतु अभी तक माल ढुलाई वाली गाड़ी को थाना रोड में घुसने की अनुमति स्थानीय प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा है ।माननीय विधायक ने व्यापारियों की सारी समस्या सुनकर तुरंत जिला प्रशासन के अधिकारी से फोन पर बात कर यहां के ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था और व्यापारियों की समस्या के निदान के लिए तुरंत समाधान निकालने की बात जिला के प्रशासनिक अधिकारियों से की ।विधायक जी ने कहा की श्रावणी मेला में लाखों तीर्थ यात्री इस क्षेत्र में आते हैं उनके लिए संसाधन सुलभता से पहुंचे इस दिशा में सरकार के दायित्व के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन की भी पूरी जिम्मेदारी है और इसको सुचारू रूप से चलने के लिए सभी स्थानीय लोगों व्यापारियों समाजसेवियों की भी अहम जिम्मेवारी बनती है ।विधायक जी ने आश्वासन दिया की इस समस्या का समाधान जल्द निकल जाएगा , भाजपा जिला प्रवक्ता सह पार्षद संजय कुमार चौधरी ने भी माननीय विधायक जी से आग्रह किया किए हाथ ठेला और मानव बल से चलने वाली रिक्शा चालक के रोजी-रोटी को ध्यान में रखते हुए उनको मेला क्षेत्र में आने जाने की अनुमति दी जाए ताकि उनका घर परिवार चलता रहे ।मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में अमरनाथ चौधरी, संजय कुमार चौधरी, मुरारी कुमार , प्रीतम चौधरी आदि थे।



# 29 अगस्त को खेल महोत्सव, 8-14 सितंबर तक होगा हिंदी महोत्सव

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। मेजर ध्यानचंद जयंती 29 अगस्त के अवसर पर दो दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 8-14 सितंबर तक दिवसीय हिंदी महोत्सव मनाया जायेगा। उक्त निर्णय जनेश्वर विकास केंद्र की आज हुई बैठक में लिया गया। बैठक साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद की अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ सभागार में हुई। महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि 29 जुलाई को आयोजित बाणभट्ट महोत्सव की समीक्षा की गई। समिक्षा के क्रम में महोत्सव को सफल बताया गया और अगले साल इसे और दिव्य एवं भव्य रुप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। दुसरे प्रस्ताव के जरिए पूर्व की तरह इस वर्ष भी हॉकी के जादुगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 जुलाई के शुभ अवसर पर दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा तथा इसके अन्तर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित कर जिले के खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। 8 से14 सितंबर तक पूर्व की तरह इस वर्ष भी सात दिवसीय हिंदी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा तथा हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग दोहराई थी जायेगी। उक्त दोनों महोत्सव के कार्यक्रम की रुपरेखा निर्धारण अगली बैठक में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, चर्चित कवि लवकुश प्रसाद सिंह, जन विकास परिषद उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह, सतचंडी महोत्सव अध्यक्ष अमरेश सिंह, दुमोहान सूर्य मंदिर महोत्सव अध्यक्ष सिद्धेश सिंह, नगीना सिंह, वीरेंद्र गप्ता, शिक्षक बिनोद मालाकार, अधिवक्ता सत्येंद्र सिन्हा आदि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आपदा से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को दिया अनुग्रह अनुदान चेक

दरभंगा। जिले के सदर अंचल अंतर्गत आपदा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आज राज्य सरकार की आपदा राहत योजना के तहत 4-4 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक माननीय विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष भाजपा संजय सरावगी एवं अंचल अधिकारी सदर द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। अनुग्रह अनुदान प्राप्त करने वाले मृतकों के आश्रितों का विवरण निम्नलिखित है सन्नी कुमार पिता ललन कुमार यादव ग्राम चंदन पट्टी, सारा मोहम्मद एवं मृतक सचिन कुमार पिता राजेश कुमार शर्मा ग्राम-रत्नोपट्टी शुभंकरपुर। अंचल अधिकारी, सदर ने बताया कि राज्य सरकार के निदेशानुसार आपदा से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। साथ ही बहेड़ी अंचल अंतर्गत आपदा में मृत दो व्यक्तियों के आश्रितों को आपदा राहत योजना के तहत 4-4 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक माननीय विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी के द्वारा हस्तगत किया गया।

### चेहल्लुम के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु प्रशासन अलर्ट

मुजफ्फरपुर। जिला प्रशासन और पुलिस चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण-सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड में है। मंगलवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस, दंडाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। जबकि ड्रोन कैमरों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अहियापुर, ब्रह्मपुरा, सदर समेत कई थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने चेहल्लुम जुलूस के लिए निर्धारित रूट का सत्यापन करते हुए संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया। वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन का कहना है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# अमारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप, अनुपस्थित मिलीं सीएचओ

प्रात: किरण संवाददाता

धरहरा (मुंगेर)। प्रखंड के अमारी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अविनाश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। सुबह-सुबह हुए इस सरप्राइज विजिट से स्वास्थ्य केंद्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) खुशबू कुमारी अपने ड्यूटी स्थल पर मौजूद नहीं मिलीं। बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल तीन दिनों का वेतन कटौती का निर्देश दे दिया। इस दौरान डॉ. अभिनाश कुमार ने ओपीडी रजिस्टर, दवा वितरण काउंटर, मरीजों के उपचार की व्यवस्था, अभिलेख संधारण और केंद्र परिसर की साफ-सफाई का भी बारीकी से जायजा लिया। मौजूद एएनएम व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि ड्यूटी में समय का पालन अनिवार्य है। मरीजों से संवेदनशील व्यवहार रखें और सरकार की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य सेवा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बाद में सामने आई छुट्टी की बात : वहीं इस पूरे मामले में नया मोड़ तब आया जब जांच पूरी होने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सीएचओ खुशबू कुमारी ने अवकाश के लिए आवेदन पहले ही कार्यालय में जमा कर दिया था। तथ्यों के सत्यापन के बाद अब आगे की कार्रवाई विभागीय नियमानुसार की जाएगी।

# गोह के देवकुंड में 50 हजार से अधिक लोगों ने किया जलाभिषेक

प्रात: किरण संवाददाता

गोह, (औरंगाबाद)( सं. ) । औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत धार्मिक स्थल देवकुंड में सावन माह के पहले सोमवारी को 50 हजार से अधिक लोगो ने जलाभिषेक किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग कतार में लगे रहे। तालाब में एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया। ताकि किसी भी हादसा से बचा जा सके। दर्जनो जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर श्रावणी मेला पर निगरानी किया जा रहा है। एक मंदिर में प्रवेश के लिए महिला एवं पुरुष भक्तों के अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। एसडीओ दाउदनगर, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ सहित अन्य पदाधिकारी काफी देर तक मेला की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कांवरियों एवं आम श्रद्धालुओं के लिए बीमार पड़ने पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया है। मठ की ओर से खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई है। एक माह तक चलने वाला इस मेला में तालाब के पास श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विशाल पंडाल बनाया गया है। बोल -बम के नारे से पूरा देवकुंड गूंज उठा है।

# कार्रवाई के बाद फिर सड़क पर लौटा अतिक्रमण राहगीरों की बढ़ी परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। नगर परिषद द्वारा 31 जुलाई को अंबेडकर चौक से लेकर सब्जी मार्केट, लालू एकता पार्क, कठरा मार्केट और थाना मोड़ तक विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया था। अभियान के बाद लोगों को उम्मीद थी कि मुख्य बाजार की सड़कें सुगम होंगी, लेकिन कुछ ही दिनों में कई स्थानों पर फिर से अतिक्रमण होने लगा है। सबसे गंभीर स्थिति कठरा मार्केट पुल पर देखी जा रही है। यहां पुल के दोनों ओर दुकानें लगाए जाने से सड़क संकरी हो गई है। पैदल राहगीरों, साइकिल और मोटरसाइकिल चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीड़भाड़ के समय कई बार वाहन दुकानों के सामान से हल्के से छू जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में कुछ दुकानदार नाराज होकर बहस करने लगते हैं, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो जाता है और कभी भी विवाद की स्थिति बन सकती है। बाजार आने वाले



लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल कुछ समय तक ही प्रभावी रहती है। अभियान खत्म होने के कुछ घंटे या एक-दो दिन बाद ही कई दुकानदार दोबारा सड़क और फुटपाथ पर दुकानें सजा लेते हैं। इससे प्रशासन की मेहनत पर भी सवाल उठते हैं और आम लोगों को राहत नहीं मिल पाती। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है कि केवल अभियान चलाने के बजाय नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए। साथ ही बार-बार अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और दंडात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि मुख्य बाजार स्थायी रूप से अतिक्रमण मुक्त हो सके और लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन का अधिकार मिल सके।

### आश्वासन के बाद खत्म हुआ किसानों का सड़क जाम, एक सप्ताह में नहर कार्य शुरू करने का भरोसा

लोहा पंचायत की शाखा नहर को चालू कराने की मांग को लेकर मंगलवार को किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने मुरेठ के पास एनएच-527बी (जयनगरदरभंगा मार्ग) को करीब छह घंटे तक जाम कर प्रदर्शन किया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि वर्षों से नहर चालू नहीं होने के कारण लोहा, केवटा एवं शुभंकरपुर सहित आसपास के किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। उनका आरोप था कि कई बार आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। मौके पर पहुंचे पश्चिमी कोशी परियोजना के अधीक्षण अभियंता वीरेन्द्र कुमार ने किसानों से वार्ता कर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया। किसान संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि 10 अगस्त तक कार्य शुरू नहीं हुआ तो जिला प्रशासन के समक्ष दोबारा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं परियोजना विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# तीन राज्यों के विधानसभा उपचुनाव परिणाम देश की राजनीति को नई दिशा देगी: रजनीश कुमार

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी। बिहार, मध्य प्रदेश एवं गुजरात में हुए विधानसभा उपचुनाव के परिणाम देश की राजनीति में बदलाव के संकेत दे रहे हैं। बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र तथा मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों की हार यह दशार्ती है कि आम जनता के बीच बदलाव की भावना मजबूत हो रही है। धनबल, बाहुबल, सत्ता और धर्म के नाम पर राजनीति करने की तमाम कोशिशों के बावजूद जनता ने अपने मताधिकार के माध्यम से अपना संदेश स्पष्ट कर दिया है। उक्त बातें गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार ने विधानसभा उपचुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनाव के परिणाम लोकतंत्र, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और जनहित के बुनियादी सवालों को नजरअंदाज करने वाली राजनीति के खिलाफ जनता की प्रतिक्रिया हैं। देश का छात्र, युवा, महिला,किसान, मजदूर और आम नागरिक अब अपने वास्तविक मुद्दों पर जवाब चाहता है। जनता को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की राजनीति के बजाय शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और विकास जैसे मुद्दों पर राजनीति चाहिए। कांग्रेस नेताओं प्रो. विजय कुमार मिद्धू, सादुल्ला फारूकी, रामप्रमोद सिंह, जुगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, मदीना खातून,सैफुल्ल इस्लाम, प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र निराला, अशोक भारती,दामोदर गोस्वामी, सुनील कुमार पासवान, अर्जुन गुप्ता, अंशु सिन्हा, पूनम कुमारी, शमीर्ला कुमारी शिवनाथ प्रसाद, उपेन्दर द्विवेदी, सुनैना अंजनी,एवं सारिका कुमारी आदि ने कहा कि पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं की समस्याओं को लेकर देशभर में लगातार आवाज उठती रही है। छात्रों और युवाओं के आंदोलनों ने सरकार को जवाबदेह बनाने का काम किया है। नेताओं ने कहा कि छात्रों के सवालों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर बिहार तक जिस प्रकार आवाज बुलंद हुई, उसने केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी लगातार छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज संसद से सड़क तक उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च है। किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं और कर्मचारियों के सवालों का समाधान दमन से नहीं, बल्कि संवाद, संवेदनशीलता और जवाबदेह शासन से होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में देश की राजनीति में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, महंगाई और किसान-मजदूरों के हित प्रमुख मुद्दे होंगे। नौजवान जात-पात और धर्म के नाम पर बंटने के बजाय अपने भविष्य और रोजगार के सवाल पर वोट करेगा। विधानसभा उपचुनाव के परिणामों ने जनता के बदलते मिजाज का संकेत दे दिया है और आने वाले समय में इसका असर देश की राजनीति पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

# फर्श पर सोना पड़ा महंगा, कान के पास सांप ने डसा झाड़-फूंक में उलझा परिवार, चली गई बुजुर्ग की जान

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। धरहरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर मोहनपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहरीले सांप के डसने से 61 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि परिजन अस्पताल ले जाने की जगह झाड़-फूंक के चक्कर में समय गंवाते रहे। मृतक की पहचान गांव निवासी स्व. विश्वनाथ मोदी के पुत्र अमरनाथ मोदी (61 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर रात अमरनाथ अपने कमरे में जमीन पर सोए हुए थे। गर्मी के कारण वह फर्श पर सो गए थे। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उनके कान के पास डस लिया। जब तक परिजनों को पता चलता, सांप भाग चुका था। परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल ले जाने के बजाय गांव में ही झाड़-फूंक कराना शुरू कर दिया। इसमें घंटों का कीमती समय बर्बाद हो गया। जब उनकी हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तब परिजन उन्हें अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही धरहरा थानाध्यक्ष सोनू कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सवाल वहीं का वहीं - कब टूटेगा अंधविश्वास? सावन के महीने में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। डॉक्टर बार-बार कहते हैं कि सांप काटने पर एक मिनट भी बर्बाद न करें और सीधे सरकारी अस्पताल जाएं, जहां एंटी-वेनम इंजेक्शन मुफ्त में उपलब्ध है। लेकिन आज भी लोग झाड़-फूंक में भरोसा कर अपनी जान गंवा रहे हैं।

NOTICE FOR MANUFACTURING & MARKETING (SALE) OF 100% WATER SOLUBLE MIXTURE FERTILIZER

DHRUV AGRITECHNOLOGIES PVT. LTD.

We are pleased to inform the general public that with reference to the Order No. 2900(E) dated 24th October 2015 issued by Ministry of Agriculture and Farmer Welfare and amendment thereafter, DHRUV AGRITECHNOLOGIES PRIVATE LIMITED will commence the sale and marketing of 100% water soluble mixture fertilizer NEOFERT in the state of Bihar.

The Product specifications are given below:

| No. | Fertilizer Grade | Nutrient Content (%) N | $P_2O_5$ | $K_2O$ | S | Fe | Zn | CaO | MgO | B |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | N.P.K. (14:28:14) +TE | 14 | 28 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | N.P.K. (00:42:42) +Zn 3% | 0 | 42 | 42 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | NPK (0:09:46) + Zn 2% | 0 | 9 | 46 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | N.P.K. (00:48:47) +TE | 0 | 48 | 47 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | N.P.K. (00:50:40) +Fe-1%+Zn-1% | 0 | 50 | 40 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | N.P.K (25:00:15) +CaO3%+MgO1.5%+TE | 25 | 0 | 15 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1.5 | 0 |
| 7 | N.P.K. (27:00:27) +TE | 27 | 0 | 27 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | N.P.K. (16:08:32) +TE | 16 | 8 | 32 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | N.P.K. (07:40:28) +TE | 7 | 40 | 28 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | N.P.K. (00:55:17) +TE | 0 | 55 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | N.P.K. (00:42:47) +TE | 0 | 42 | 47 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | N.P.K. (32:12:12) +TE | 32 | 12 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | N.P.K. (00:58:18) +TE | 0 | 58 | 18 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | N.P.K. (17:44:00) +TE | 17 | 44 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | N.P.K. (14:35:14) +TE | 14 | 35 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | N.P.K. (00:40:44) +TE | 0 | 40 | 44 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | N.P.K. (10:30:30) +TE | 10 | 30 | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | N.P.K. (30:10:10) +TE | 30 | 10 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | N.P.K. (16:08:32) +TE | 16 | 8 | 32 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | N.P.K. (28:00:10) +TE | 28 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | N.P.K (00:11:42) +S-10%+CaO-2%+TE | 0 | 11 | 42 | 10 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 22 | N.P.K. (28:28:00) +TE | 28 | 28 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | N.P.K. (00:40:37) +TE | 0 | 40 | 37 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | N.P.K. (00:39:43) +Fe 2.5% | 0 | 39 | 43 | 0 | 2.5 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | N.P.K. (22:22:11) +TE | 22 | 22 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | N.P.K. (11:45:06) +TE | 11 | 45 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | N.P.K. (16:20:00) +TE | 16 | 20 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | N.P.K. (00:60:20) +TE | 0 | 60 | 20 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | N.P.K. (12:06:22) +CaO 12% | 12 | 6 | 22 | 0 | 0 | 0 | 12 | 0 | 0 |
| 30 | N.P.K. (11:09:16) +MgO-2.5%+ CaO-13.50%+S-2.5%+TE | 11 | 9 | 16 | 2.5 | 0 | 0 | 13.5 | 2.5 | 0 |
| 31 | N.P.K. (13:32:17) +TE | 13 | 32 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | N.P.K. (00:33:65) + TE | 0 | 33 | 65 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | N.P.K. (14:35:14) +Zn-1 | 14 | 35 | 14 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | N.P.K. (05:10:43) +TE | 5 | 10 | 43 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35 | N.P.K. (25:25:25) +TE | 25 | 25 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | N.P.K. (21:10:10) +TE | 21 | 10 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 37 | N.P.K. (00:42:47) +Zn 2.5% | 0 | 42 | 47 | 0 | 0 | 2.5 | 0 | 0 | 0 |
| 38 | N.P.K. (21+10+10) +TE | 21 | 10 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 39 | N.P.K. (10.6:09.30:16.30)+ MgO-2.90%+ CaO- 13.20%+S-2.3%+TE | 10.6 | 9.3 | 16.3 | 2.3 | 0 | 0 | 13.2 | 2.9 | 0 |
| 40 | N.P.K. (13:40:13) +TE | 13 | 40 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 41 | N.P.K. (05:55:17) +TE | 5 | 55 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 42 | N.P.K. (16:08:25) + TE | 16 | 8 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 43 | N.P.K. (10:09:16) +TE | 10 | 9 | 16 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 44 | N.P.K. (00:45:45) +TE | 0 | 45 | 45 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 45 | N.P.K. (06:12:36) +TE | 6 | 12 | 36 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 46 | N.P.K. (00:42:47) +Fe 2.8% | 0 | 42 | 47 | 0 | 2.8 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 47 | N.P.K. (12:36:12) + MgO-3 | 12 | 36 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 48 | N.P.K. (25:25:25) +TE | 25 | 25 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 59 | NPK (14:48:00) +TE | 14 | 48 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 50 | N.P.K(00:35:45)+ZnO-1%+CaO-1%+B-0.5% | 0 | 35 | 45 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0.5 |
| 51 | N.P.K. (00:40:40) +Zn 6 | 0 | 40 | 40 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| 52 | N.P.K. (00:09:46) +S-12% MgO-2.5% | 0 | 9 | 46 | 12 | 0 | 0 | 0 | 2.5 | 0 |
| 53 | N.P.K. (00:00:55) +TE | 0 | 0 | 55 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 54 | N.P.K. (10:00:35) + MgO-8% | 10 | 0 | 35 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| 55 | N.P.K. (09:27:18) +TE | 9 | 27 | 18 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 56 | NPK (10:54:10) +TE | 10 | 54 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 57 | NPK, Ca, S, B(N-10+P-16+K-36+Ca-2+S-6+B-0.5) | 10 | 16 | 36 | 6 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.5 |
| 58 | NPK, S, B(N-10+P-25+K-10+S-10+B-0.3) | 10 | 25 | 10 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.3 |
| 59 | NPK, Ca, S, B(N-10+P-15+K-30+Ca-3+S-7+B-0.3) | 10 | 15 | 30 | 7 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0.3 |
| 60 | NPK, Ca, S, B(N-20+P-20+K-10+Ca-2+S-3+B-0.3) | 20 | 20 | 10 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.3 |
| 61 | NPK, S, B(N-14+P-20+K-25+S-3+B-0.3) | 14 | 20 | 25 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.3 |
| 62 | NPK, Ca, S, B(N-12+P-08+K-34+Ca-2+S-5+B-0.5) | 12 | 8 | 34 | 5 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.5 |
| 63 | NPK, Ca, S,B(N-06+P-25+K-34+Ca-2+S-4+B-0.5) | 6 | 25 | 34 | 4 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.5 |
| 64 | NPK, S(N-15+P-28+K-22+S-4) | 15 | 28 | 22 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 65 | NPK, Ca, B(N-05+P-40+K-25+Ca-2+B-0.2) | 5 | 40 | 25 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.2 |
| 66 | NPK, S, B(N-10+P-10+K-35+S-7+B-0.2) | 10 | 10 | 35 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.2 |
| 67 | NPK, B(N-15+P-15+K-35+B-0.2) | 15 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.2 |
| 68 | NPK, B(N-16+P-32+K-24+B-0.2) | 16 | 32 | 24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.2 |
| 69 | NPK, Ca, S, B(N-12+P-35+K-16+Ca-3+S-2+B-0.3) | 12 | 35 | 16 | 2 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0.3 |

DHRUV AGRITECHNOLOGIES PRIVATE LIMITED: Dhruv Corporate Building, Gut no.135, Vinchurgavali phata, Adgaon- Sayyad Pimpri Road, Tal/Dist.-Nashik, Maharashtra 422003.

# चेहल्लुम पर डॉ. अभिषेक सिंह ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, मुस्लिम समाज ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। शहर के पठान टोली में मंगलवार को चेहल्लुम पर्व के अवसर पर डॉ. एके अस्पताल के निदेशक एवं सर्जन डॉ. अभिषेक कुमार सिंह की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मस्तिष्क, रीढ़, पेट, छाती, मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप सहित विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने डॉ. अभिषेक कुमार सिंह को सामाजिक सेवा और मरीजों के प्रति उनके समर्पण के लिए सम्मानित किया। उन्हें पगड़ी, शॉल, अंगवस्त्र, बुके एवं गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही गले मिलकर चेहल्लुम पर्व की शुभकामनाएं दीं। समुदाय के लोगों ने कहा कि डॉ. अभिषेक सिंह ने सदर अस्पताल में कार्यरत रहने के दौरान कई जरूरतमंद मरीजों का न केवल बेहतर उपचार किया, बल्कि कई बार अपने स्तर से दवा उपलब्ध कराकर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। उन्होंने अनेक मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध कराकर अनावश्यक आर्थिक शोषण से भी बचाया। लोगों ने कहा कि ऐसे चिकित्सकों की बदौलत सरकारी अस्पतालों के प्रति मरीजों का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। सम्मान के बाद डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सक का सबसे बड़ा धर्म मरीज की सेवा करना है। समाज का यह सम्मान उन्हें और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है और आगे भी जरूरतमंदों के लिए इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।मौके पर वार्ड परिषद सिकंदर हयात मोहम्मद शाहनवाज रहमान सल्लू खान शाहिद अली खान, मो. जुल्फिकार, नसीमुद्दी, अजीमुद्दीन खान, शमसुद्दीन खान, मोहम्मद अबरार अजीमुद्दीन खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव 9 अगस्त को

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 9 अगस्त को महान शिक्षाविद,आगरा कॉलेज के संस्थापक नवीनगर प्रखंड के करहरी ग्राम निवासी पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव मनाया जाएगा।इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि उक्त तिथि को ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में औरंगाबाद जिले की साहित्यिक,सामाजिक, सार्वजनिक क्षेत्र के नामचीन हस्तियों के सान्निध्य में कार्यक्रम का उद्घाटन दिया जाएगा। तत्पश्चात,पंडित गंगाधर शास्त्री के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा किया जाएगा साथ ही साथ चर्चित कवि एवं लेखक श्रीराम राय रचित गौरैया एक अधूरा आंगन कृति का लोकार्पण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें प्रख्यात कवियों की सहभागिता होगी।समापन सत्र में दानिका महाराज डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में दानिका म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति होगी। जिले में विभिन्न महोत्सव के आयोजन कर्ता के सम्मान समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।विदित हो कि नवीनगर प्रखंड के करहरी निवासी पंडित गंगाधर शास्त्री जी आज से सैकड़ो वर्ष पूर्व सिंधिया आज घराने गए थे। सिंधिया महाराज उनके विद्वता से खुश होकर उन्हें हजारों एकड़ जमीन दान दी थी।उस जमीन पर उन्होंने आगरा कॉलेज की स्थापना कराई जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सहित कई राजनीतिक हस्तियां शिक्षा ग्रहण कर चुकी हैं। गंगाधर शास्त्री जी की महिमा गरिमा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित प्रसारित करने के लिए महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# सावन के छठे दिन दो लाख कांवड़िया अजगैविनाथ धाम से बैधनाथ धाम के लिए हुए रवाना

भागलपुर सुल्तानगंज। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के छठे दिन बिहार, झारखंड, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बंगाल के हजारों हजारों की संख्या में उत्तरवाहिनी गंगा घाट पहुंचकर उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाकर पूजा पाठ करते हुए हर हर महादेव, बोल बम के जयकारे लगाकर पैदल व वाहन से बैधनाथ धाम के लिए रवाना हो रहे हैं/इसके लिए जिला प्रशासन के दिशा-निर्देश पर गंगा घाट पर बेरिकेडिंग, एसडीआरएफ टीम, पुलिस बल, महिला पुलिस बल, सैफ के जवानों को लगाया गया है/नगर परिषद सुल्तानगंज के द्वारा साफ सफाई अभियान तीन सिप्टो में सुंगम इंडिया लिमिटेड के द्वारा कराई जा रही है, पीएचईडी विभाग के द्वारा पानी, शौचालय, झरना की व्यवस्था करने पर शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं होने गंदगी फैल रही है/बात करें तो मसदी पार्किंग, नमामि गंगा घाट शौचालय, कांवड़िया पथ शौचालय सभी जगह गंदगी फैल रही है/इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं जाने पर कांवड़िया बिमार पड़ रहे हैं।

पूर्व मध्य रेल

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना संख्या : आरपि–डीएनआर–अभि.–2026–डब्लूटी–02 दिनांक: 31.07.2026

उप मुख्य अभियंता, आरपि/दानापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य की ई–निविदा अनुभवी, आर्थिक तथा तकनिकी रूप से सक्षम ठेकेदारों से आमंत्रित करते हैं, जो दिनांक 27.08.2026 को खोली जायेगी।

1. कार्य का नाम:– आर.पि विभाग के अधिकार अधीन के अंतर्गत दानापुर में L&T डिपो के परिधि स्टोर रूम, अप्रोच रोड, फर्श और बाउंड्री वॉल का निर्माण। 2. अनुमानित लागत :– ₹1,22,57,815.14/–, 3. बयाना राशि : ₹2,45,200.00, 4. निविदा जमा करने की तिथि एवं खुलने का तिथि : जमा दिनांक 13.08.26 से 27.08.26 को 14:00 बजे तक एवं दिनांक 27.08.2026 को 15:00 बजे खोला जाएगा। 5. वेबसाइट विवरण, सूचना पट का स्थान, जहाँ पर निविदा सूचना का पूर्ण विवरण देखा जा सके और कार्यालय पता, जहाँ से निविदा फॉर्म खरीदा जा सके : वेबसाइट https://ireps.gov.in/ सूचना पट का स्थान और कार्यालय पता :– उप मुख्य अभियंता, आरपि/ दानापुर का कार्यालय, (जगजीवन स्टेडियम के पास), पोस्ट– खगौल, पटना – 801105 (बिहार)

उप मुख्य अभियंता
रेल परियोजना/दानापुर
पीआर/0666/परियोजना/डीएनआर/आरपी/टी/26–27/36

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran | epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा छोड़ें पंकजा मुंडे, मुख्यमंत्री बनाने में हम करेंगे मददः कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में कांग्रेस ने मौजूदा सरकार में मंत्री पंकजा मुंडे को बड़ा ऑफर दे दिया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर मुंडे भारतीय जनता पार्टी छोड़ देती हैं, तो राज्य के मुख्यमंत्री पद के लिए उनका समर्थन किया जाएगा। खास बात है कि यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब मुंडे ने सक्रिय राजनीति से दूरी बनाने के संकेत दिए हैं। हालांकि, इसे लेकर उन्होंने अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अगर मुंडे भाजपा छोड़ती हैं, तो कांग्रेस और उसके सहयोगी राज्य की पहली ओबीसी सीएम के तौर पर उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करेंगे। फिलहाल, इस ऑफर पर भाजपा नेता ने प्रतिक्रिया नहीं दी है। कांग्रेस में शामिल किए जाने के सवाल पर वडेट्टीवार ने कहा कि अगर वह भाजपा को छोड़ने का फैसला करती हैं, तो दरवाजे खुले हुए हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, उन्होंने कहा, 'पंकजा ताई से हमारा अनुरोध है कि एक ओबीसी नेता होने के नाते आपको ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्गों की अगुवाई करें और महाराष्ट्र की पहली महिला ओबीसी मुख्यमंत्री बनें।' उन्होंने कहा, 'अगर वह भाजपा छोड़ती हैं, तो हम हमारे आलाकमान से उन्हें पार्टी में शामिल कराने का अनुरोध करेंगे।' हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया है कि वह व्यक्तिगत रूप से मुंडे से अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह औपचारिक न्योता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह अथॉरिटी उनके पास नहीं है, 'लेकिन हां उनके भाजपा छोड़ने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात करूंगा कि उन्हें कांग्रेस में लाया जाए।' इस दौरान उन्होंने भाजपा पर ओबीसी नेताओं को नजरअंदाज करने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, 'ओबीसी सदस्य चले गए हैं। उन्हें लग रहा होगा कि उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है, हमारे त्याग का भाजपा में कोई महत्व नहीं है। शायद पंकजा ताई ने गुस्से में ऐसा कहा होगा। जब परेशानियां होती हैं, तो ऐसा लगता है।'

### घिनौना, उदयनिधि स्टालिन के भाषण के दौरान लगे तृषा-तृषा के नारे; विजय की टीवीके और भाजपा ने लगाई क्लास

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन की तृषा को लेकर की गई नारेबाजी पर विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके ने इसे घिनौना बताया है और बीजेपी ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कावेरी मुद्दे पर भाषण देते हुए स्टालिन सीएम विजय को घेरने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान तृषा-तृषा के नारे लगे तो वो पहले मुस्कुराए और ऐसी बात कही जिसे तृषा की ओर इशारा समझा गया। बता दें कि तृषा विजय की को-स्टार और करीबी दोस्त हैं। सोशल मीडिया पर कई लोग उनके बीच रोमांटिक रिश्ते की भी बात करते हैं। इस भाषण का वीडियो वायरल हो गया और इस पर सत्ताधारी टीवीके और विपक्षी पार्टी बीजेपी की तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। टीवीके विधायक रेवंत चरण ने एक्स पर लिखा, 'यह बेहद शर्मनाक है। किसी के भी बारे में ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। इससे उस परिवार की सोच, राजनीतिक संस्कृति और गिरते स्तर का पता चलता है।' उन्होंने आगे कहा कि यह उस राजनेता के लिए एक नया निचला स्तर है। तमिलनाडु बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने कहा कि डीएमके नेता को जेल भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'तंजावुर में मुख्यमंत्री विजय और तृषा के बारे में उदयनिधि स्टालिन का डबल मीनिंग भाषण घिनौना, अश्लील, भद्दा और शर्मनाक है। सच तो यह है कि कोई बदमाश या चोर भी जिसकी मां, पत्नी और बेटी हो इतनी भद्दी बातें नहीं करेगा। कोई भी मां, पत्नी या बेटी ऐसे लोगों को माफ नहीं करेगी जो इस तरह की बातें करते हैं लेकिन यह शर्म की बात है कि पूर्व सीएम एमके स्टालिन यह सब देखते रहते हैं, जबकि खुद को द्रविड़ियन मॉडल कहने वाले ये बुरे लोग सार्वजनिक रूप से ऐसी बातें करते हैं।' उदयनिधि स्टालिन को गिरफ्तार करने और जेल भेजने से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय को और ज्यादा श्रेय मिलेगा।' बीजेपी नेता विनोज पी सेल्वन ने भी इस टिप्पणी के लिए डीएमके नेता की आलोचना की। 'खुद भी अभिनेता रहे, फिर भी ऐसी बातें करते हैं' उन्होंने कहा, 'अगर वह इस तरह से बात न करते और बार-बार खुद को उस कलाकार का पोता न बताते तो हैरानी की बात नहीं होती। विपक्ष के नेता खुद भी एक पूर्व अभिनेता हैं।

# कश्मीर जा रहे थे 21 बांग्लादेशी, रामबन में दबोचे गए; मददगारों की तलाश में जुटीं एजेंसियां

**रामबन, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में 21 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए लोगों में 4 महिलाएं और 7 नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह समूह रोजगार की तलाश में असम के रास्ते भारत में दाखिल हुआ था और अब कश्मीर घाटी की ओर जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब इस बात की जांच कर रही हैं कि इन्हें जम्मू-कश्मीर तक पहुंचाने में किस नेटवर्क का हाथ है।

### बनिहाल में चेकिंग के दौरान हुआ खुलासा

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को जानकारी दी कि 1 अगस्त को बनिहाल में चेकिंग अभियान चल रहा था। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण फिलहाल अमरनाथ यात्रा के काफिले को छोड़कर किसी भी अन्य वाहन को कश्मीर की ओर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। इसी अभियान के दौरान दो वाहनों को रोका गया, जिनमें ये 21 बांग्लादेशी नागरिक सफर कर रहे थे।

### बिना वैध दस्तावेजों के कर रहे थे सफर

हिरासत में लिए गए इन लोगों की उम्र 2 साल से 38 साल के बीच है। पूछताछ और जांच में कई अहम बातें सामने आई हैं। चेकिंग के दौरान इनमें से कोई भी व्यक्ति भारत में कानूनी प्रवेश या अपनी पहचान से जुड़ा कोई वैध यात्रा दस्तावेज पेश नहीं कर सका। शुरुआती पूछताछ में इन लोगों ने कबूल किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर असम के जरिए भारत में प्रवेश किया था। असम से वे ट्रेन के जरिए जम्मू पहुंचे और वहां से रोजगार की तलाश में कश्मीर जा रहे थे।

मददगारों की तलाश में जुटी एजेंसियां अधिकारी अब पकड़े गए सभी नागरिकों से पूछताछ कर रहे हैं



ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर उन्हें केंद्र शासित प्रदेश तक पहुंचने में किसने मदद की। जांचकर्ता इस एंगल से भी मामले की जांच कर रहे हैं कि इन अवैध प्रवासियों की आवाजाही के पीछे किसी स्थानीय या अंतरराज्यीय नेटवर्क का हाथ तो नहीं है। असम में 14 घुसपैठिए पकड़े गए इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पुलिस ने 14 'घुसपैठियों' को पकड़ा है और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हालांकि, उन्होंने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हर दिन घुसपैठिए असम में अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम लगातार उनकी योजनाओं को नाकाम कर रहे हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''असम पुलिस ने ऐसे 14 घुसपैठियों को पकड़ लिया है और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की गई है। असम पूरी तरह सतर्क है।''

राज्य सरकार ने हाल ही में विधानसभा को बताया था कि पिछले 10 वर्षों में असम से लगभग 2,100 अवैध विदेशियों को निर्वासित, निष्कासित अथवा वापस भेजा गया है। इनमें 2,023 बांग्लादेशी नागरिक शामिल थे।

# भाजपा की हार पर अखिलेश यादव का तीखा तंज- भगवान को नचाने का अहंकार रखने वालों को भगवान ने ही नचा दिया...

**बांकीपुर , एजेंसी।** बिहार के बांकीपुर और मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि भगवान को नचाने का अहंकार रखने वालों को भगवान ने ही नचा दिया।

अखिलेश यादव ने अपनी बातों से उस वीडियो का जिक्र किया, जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन यूपी में थे और उनके रोड शो के दौरान हनुमान के गेटअप में एक शख्स नाचता दिखाई दिया था। बांकीपुर और दतिया चुनाव में भाजपा को मिली हार के बाद यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर विपक्षी खेमों की ओर से लगातार पोस्ट किए गए।

### भगवान ने ही नचा दिया

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि भगवान को नचाने का अहंकार रखने वालों को भगवान ने ही नचा दिया। अपने को भगवान से ऊपर समझने वालों को भगवान ने चलती गाड़ी से नीचे उतार दिया है और



साथ ही उनके घमंड का बुखार भी उतार दिया। अब तो भाजपावाले भी अपने ही 'किसी' का इस्तीफा मांगेंगे क्योंकि जो अपनी ही विधानसभा हार गए, उनके भरोसे नाव कैसे पार होगी।

**पंकज चौधरी पर कसा तंजः** अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि ये हार उनकी है जिन्होंने उनको चुना था या कहें संगठन पर अपनी मर्जी की तरह थोपा था। अब तो कोई ये भी नहीं कह सकता है कि 'भाजपा में इस्तीफे नहीं होते हैं।' सबसे ज्यादा खुश तो उप्र में 'वो' हैं, जिनको 'पीडीए' समाज का होने की वजह से राष्ट्रीय स्तर का पद न देकर जानबूझकर राज्य स्तर का पद दिया गया था। आज तो वो भी मुस्कुराकर पूछ रहे हैं, '5 बड़ा या 7'।

उन्होंने कहा कि वैसे जनता ये भी कह रही है कि जब राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन विधानसभा नहीं जिता पाए तो राज्य-अध्यक्ष तो विधानसभा लड़वा भी नहीं पाएंगे। ये डबल इंजन की डबल हार है। भाजपा की हार मतलब बदलाव की शुरुआत है। भाजपा की सबसे सुरक्षित और परंपरागत सीटें भी अब उनकी हार नहीं बचा पाएंगी। अब भाजपा का संकट हार से बढ़कर इस बात का होगा कि उनका टिकट लेने वाला 'ड्रोन और दूरबीन' से भी ढूंढे नहीं मिलेगा। सभी विजयी उम्मीदवारों को जीत की बधाई।

### फरीदाबाद में महिला टीचर को चाकू मारने वाला आरोपी गिरफ्तार, पीछा छुड़ाने की कोशिश से गुस्से में था

**फरीदाबाद , एजेंसी।** हरियाणा की फरीदाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिकरौना गांव स्थित सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महिला टीचर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या करने के मामले में आरोपी को सूचना के 2 घंटे के अंदर ही काबू करने में सफलता हासिल की है. पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि 3 अगस्त को सुबह के समय गांव सिकरौना स्थित सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक महिला टीचर की चाकू मारकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी जिस संबंध में मृतका के पति विकास की शिकायत पर थाना सेक्टर 58 में मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई. घटना की गंभीरता के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं ने अपने सोर्स एक्टिव किये. एवीटीएस सिकरौना की टीम ने तकनीकी सहायता और सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मामले में सफलता हासिल की और सूचना के 2 घंटे के अंदर ही गांव कोट फरीदाबाद निवासी अमित (21) को काबू कर लिया. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि करीब 2 वर्ष पहले मृतका उसके गांव के प्राइवेट स्कूल में पढ़ती थी. इस दौरान ही उसकी महिला से जान पहचान हुई थी और उनकी आपस में बातचीत होती थी. महिला उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी और वो बार-बार महिला का पीछा करता था. महिला ने उसके खिलाफ केस करने की धमकी दी थी और उससे बातचीत करनी बंद कर दी थी.

# कर्नाटक में कैबिनेट विस्तार के बाद कांग्रेस में भारी बगावत! वरिष्ठ नेताओं के इस्तीफे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में लंबे समय से प्रतीक्षित कैबिनेट विस्तार ने सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के लिए खुशियों के बजाय सिरदर्द पैदा कर दिया है। सोमवार को हुए इस विस्तार के बाद पार्टी के भीतर असंतोष की आग तेजी से फैल गई है। कई वरिष्ठ नेताओं और सात बार





के विधायकों ने मंत्री पद न मिलने पर खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है, जिससे सरकार की स्थिरता और पार्टी के भीतर अनुशासन पर सवाल उठने लगे हैं।

कर्नाटक सरकार के नई दिल्ली में विशेष प्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता टीबी जयचंद्र ने कैबिनेट में जगह न मिलने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सात बार विधायक रह चुके जयचंद्र ने नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार किया जा रहा है या फिर ईमानदार नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने मंत्रियों की नई लिस्ट पर हैरानी जताते हुए यहां तक कह दिया कि 'लिस्ट देखकर मुझे आश्चर्य होता है कि हम उन्हें अपना मंत्री कैसे कहें '। जयचंद्र के आवास पर उनके समर्थकों और असंतुष्ट नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक भी हुई है, जहां उनके समर्थक उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कैबिनेट विस्तार का झटका इतना गहरा था कि नियुक्तियों के कुछ ही घंटों बाद इस्तीफों का सिलसिला शुरू हो गया। होसादुर्गा के विधायक बीजी गोविंदप्पा ने कर्नाटक खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम के पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड (केएसडीएल) के चेयरमैन और वरिष्ठ विधायक अप्पाजी नाडागौडा ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। नाडागौडा ने भावुक होते हुए कहा कि पार्टी में समर्पित नेताओं को दरकिनार कर 'स्वार्थी राजनीति' को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो वफादार कार्यकर्ताओं के लिए दुखद है। असंतोष केवल बंद कमरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सड़कों पर भी दिखाई दिया। पूर्व मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को कैबिनेट में शामिल नहीं किए जाने से नाराज उनके समर्थकों ने बेलागवी में बेंगलुरु-पुणे हाईवे को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी नेता के लिए न्याय की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की, जिससे यातायात घंटों बाधित रहा। वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के भीतर अनुशासन की कमी दिख रही है। अप्पाजी नाडागौडा ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के दौर को याद करते हुए कहा कि पहले काम की पहचान होती थी, लेकिन अब माहौल बदल गया है जो पार्टी के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। टीबी जयचंद्र ने भी स्पष्ट किया कि वह भविष्य की रणनीति तय करने के लिए अपने समर्थकों के साथ गहन चर्चा करेंगे, जो पार्टी आलाकमान के लिए एक बड़ी चेतावनी है। कर्नाटक कांग्रेस में उभरा यह आंतरिक कलह अब मुख्यमंत्री और पार्टी नेतृत्व के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। क्योंकि एक तरफ सरकार चलाने की जिम्मेदारी है और दूसरी तरफ अपने ही पुराने वफादारों को एकजुट रखने की जद्दोजहद।

# तेल कंपनियों पर बिफरे ट्रंपः शवोन के सीईओ पर अमेरिकी राष्ट्रपति की खरी-खरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल कंपनी शवोन के चेयरमैन और सीईओ माइक वर्थ पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि वर्थ ने कंपनी की सफलता का श्रेय अपनी नीतियों को दिया, लेकिन यह भूल गए कि उनकी सरकार की नीतियों के बिना अमेरिकी तेल उद्योग और देश दोनों मुश्किल में पड़ जाते। साथ ही उन्होंने तेल कंपनियों से उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें तुरंत कम करने की मांग भी की।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि माइक वर्थ ने एक इंटरव्यू में शवोन की सफलता के कई कारण गिनाए, लेकिन उन्होंने ट्रंप प्रशासन की भूमिका का जिक्र नहीं किया। ट्रंप ने दावा किया कि उनकी सरकार की दूरदर्शिता, मजबूती और स्थिर नीतियों की वजह से ही अमेरिकी तेल उद्योग आज मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार नहीं होती, तो तेल उद्योग लगभग खत्म हो चुका होता। ट्रंप ने कहा कि उनके कार्यकाल में वेनेजुएला पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों ने अमेरिकी रणनीति को मजबूती दी। उनके मुताबिक, शवोन को पहले वेनेजुएला से बाहर होना पड़ा था, लेकिन अब कंपनी पहले से ज्यादा मजबूत स्थिति में वहां लौट रही है और बड़ा मुनाफा कमाने की उम्मीद कर रही है। ट्रंप ने सिर्फ शवोन ही नहीं, बल्कि अन्य तेल कंपनियों को भी खुदरा ईंधन कीमतें तुरंत कम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ताओं को राहत मिलनी चाहिए और कंपनियों को पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने चाहिए। इससे पहले शवोन के सीईओ माइक वर्थ ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा था कि ईरान से जुड़े युद्ध और पश्चिम एशिया के तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार अब भी अस्थिर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर में जारी संकट के कारण तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। दुनिया का करीब 20 प्रतिशत तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लाल सागर में जारी व्यवधान के कारण भी वैश्विक आपूर्ति पर असर पड़ा है। रिपोर्टों के अनुसार, ईरान से जुड़े संघर्ष के बाद अमेरिका में पेट्रोल की कीमतों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक, देश में पेट्रोल की औसत कीमत 4.10 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गई है, जो संघर्ष शुरू होने के समय की तुलना में एक डॉलर से अधिक ज्यादा है।

### ट्रंप पर भी बढ़ रहा राजनीतिक दबाव

ईंधन की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर ट्रंप विपक्ष के निशाने पर हैं। अमेरिका में होने वाले मिडटर्म चुनाव से पहले बढ़ती लागत उनके लिए राजनीतिक चुनौती बनती दिख रही है। हालांकि ट्रंप का दावा है कि यदि ईरान के साथ संघर्ष समाप्त हो जाता है, तो ईंधन की कीमतें तेजी से नीचे आएंगी। वहीं, कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि युद्ध के आर्थिक प्रभाव लंबे समय तक बने रह सकते हैं और कीमतों में तत्काल बड़ी गिरावट की संभावना सीमित है।

# गैरकानूनी हिंसा का लंबा इतिहास, पीओके में पाकिस्तान की करतूत पर हो रही दुनियाभर में बुराई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में तथाकथित विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इस दौरान बर्बरता, हिंसा और अशांति की खबरें सामने आ रही हैं। मानवाधिकार और प्रेस की आजादी पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्थाओं ने प्रदर्शनकारियों और मीडिया पर बढ़ती सख्ती को लेकर चिंता जताई है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल और कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने सरकार समर्थित हिंसा, स्वतंत्र रिपोर्टिंग पर रोक, पत्रकारों के जबरन गायब होने और लंबे समय तक इंटरनेट बंद रहने जैसे आरोपों पर चिंता जाहिर की है।

इन संस्थाओं ने पाकिस्तानी अधिकारियों से सख्ती खत्म करने, संचार सेवाएं बहाल करने और कथित मानवाधिकार उल्लंघनों की पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने की अपील की है। रावलकोट में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग की खबरों का जिक्र





करते हुए एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि ये घटनाएं प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गैर-कानूनी हिंसा के पाकिस्तान के पुराने रिकॉर्ड को दर्शाती हैं।

एमनेस्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, रावलकोट से आ रही परेशान करने वाली खबरें, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तानी अधिकारियों की गैरकानूनी हिंसा के लंबे इतिहास से मेल खाती हैं। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा बल प्रयोग की तुरंत, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। जब तक इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद रहेंगी, तब तक जमीनी हालात की पूरी जानकारी की स्वतंत्र पुष्टि में भारी बाधा आएगी। हम पाकिस्तानी अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि वे सभी संचार सेवाएं बहाल करें और मीडिया तथा स्वतंत्र पर्यवेक्षकों को उस इलाके में जाने दें।

इसी तरह की चिंता जताते हुए सीपीजे ने कहा कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रेस की आजादी की बिगड़ती स्थिति पर नजर रख रहा है। उसने इंटरनेट बंद होने, टेलीकम्युनिकेशन सेवाएं ठप होने, रिपोर्टिंग पर पाबंदियों और पत्रकारों को हिरासत में लेने व उनके लापता होने का हवाला दिया। प्रेस की आजादी पर नजर रखने वाली इस संस्था ने स्वतंत्र पत्रकार राजी ताहिर और उनके सहयोगी मुहम्मद सैफ के लापता होने की खबरों पर भी चिंता जताई। आरोप है कि 1 अगस्त को इस्लामाबाद में उनके दफ्तर से पुलिस की वर्दी पहने लोगों ने उन्हें उठा लिया था।

सीपीजे ने उन खबरों पर गहरी चिंता जताई है जिनके मुताबिक, आजाद पत्रकार राजी ताहिर और उनके साथी मुहम्मद सैफ 1 अगस्त से लापता हैं। खबरों के अनुसार, उन्हें इस्लामाबाद में उनके दफ्तर से पुलिस की वर्दी पहने लोगों ने उठा लिया था और अभी तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

सीपीजे ने लिखा, पाकिस्तानी अधिकारियों को यह बताना चाहिए कि क्या वे सरकारी हिरासत में हैं, कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए और अगर उन्हें बिना किसी ठोस वजह के हिरासत में रखा गया है तो उन्हें तुरंत रिहा करना चाहिए। बाद के एक अपडेट में सीपीजे ने कहा कि दो पत्रकार अभी भी लापता हैं, जबकि कश्मीरी पत्रकार राजा इकराम, जिन्हें 1 अगस्त को इस्लामाबाद में हिरासत में लिया गया था, उन्हें रिहा कर दिया गया है। सीपीजे ने यह भी कहा कि मीडिया पर की जा रही कार्रवाई इस इलाके से बाहर भी फैलती दिख रही है।

# भारतीय मूल के व्यक्ति समेत 25 लोगों की नागरिकता रद करेगा अमेरिका, आपराधिक आरोपों के चलते कार्रवाई

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका ऐसे 25 नागरिकों की नागरिकता रद कर रहा है जिन्होंने बाद में नागरिकता हासिल की। इनमें भारतीय मूल का एक व्यक्ति भी शामिल है। इन लोगों पर पहचान छिपाने या गलत जानकारी देने से लेकर हत्या की कोशिश और बच्चों के यौन शोषण जैसे आरोप लगे हैं। अमेरिका के न्याय विभाग ने डेलावेयर जिले के रहने वाले 65 वर्षीय नरिंदर सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अमेरिका में दाखिला पाने के लिए फर्जी पहचान का इस्तेमाल किया था। न्याय विभाग के मुताबिक, नरिंदर सिंह ने 1996 से अमेरिका में दाखिला पाने के लिए दो पहचानों का इस्तेमाल किया और 1 मई, 2008 को अमेरिकी नागरिक बन गए। उनके खिलाफ शिकायत में कई गलत जानकारी देने और गैर-कानूनी काम करने के सात आरोप लगाए गए हैं, जो उनके नैतिक चरित्र पर बुरा असर डालते हैं। अपनी पहचान के बारे में गलत जानकारी देने के आरोप में जिन 25 लोगों के खिलाफ नागरिकता रद करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, उनमें पाकिस्तानी मूल के दो व्यक्ति जिया मुराद भट्टी और मोहम्मद वासिफ भी शामिल हैं। इन 25 लोगों के खिलाफ शिकायतें 20 जुलाई से 3 अगस्त के बीच दर्ज की गई थीं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496